


# आदिवासी एक्सप्रेस

आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अखबार

रांची, गुरूवार
10 जुलाई 2025
वर्ष: 38, अंक: 210
पृष्ठ: 12, मूल्य: 3रु
RNI NO.: 49065/1989
DAVP CODE: 130961


देश

प्रदेश भाजपा के लिए अहम है अमित शाह का दौरा, नए अध्यक्ष का नाम होगा तय

हजारीबाग



सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर लगातार दूसरी बार होगा सांसद खेल महोत्सव-2025 का आगाज

झारखंड



सारंडा जंगल में एक और हाथी का बच्चा हुआ घायल, IED विस्फोट घायल हाथी को बचाने में जुटी वन विभाग की टीम

# भारत बंद का झारखण्ड में व्यापक असर, ट्रेड यूनियन ने कोयला खदानों में काम कराया ठप



**बिशेष प्रतिनिधि द्वारा**

**रांची:** केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार नए श्रम कानूनों के विरोध में विभिन्न ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत भारत बंद का राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में मिला-जुला असर देखने को मिला। रांची के धुर्वा स्थित एचईसी परिसर में मजदूर यूनियन के सदस्यों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि चार नए श्रम कानून मजदूरों के हितों के खिलाफ हैं और इन्हें हर हाल में वापस लिया जाना चाहिए।

विरोध प्रदर्शन कर रहे मजदूरों का कहना था कि नए श्रम कानूनों से श्रमिकों का शोषण बढ़ेगा और उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा भी नहीं मिल पाएगी। इस दौरान भाकपा-माले समेत कई श्रमिक संगठनों ने अल्बर्ट एक्का चौक पर भी विरोध-प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

इधर रामगढ़ के कोलवारी क्षेत्र में भी बंद का असर देखा गया। वहीं धनबाद, कतरास और पतरातू में बड़ी संख्या में ट्रेड यूनियनों से जुड़े लोग सड़कों पर उतरे और केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

भाकपा-माले के जिला सचिव अजय कुमार सिंह, कर्मचारी संघ के सुनील साहू, बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन के सतीश भार्गव और एआईबीए के सरफराज अहमद समेत कई नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों और मजदूरों पर कहर ढा रही है। 44 श्रम कानूनों को बदलकर चार लेबर कोड लागू कर दिए गए हैं, जो श्रमिकों के हक के खिलाफ हैं। किसानों को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी अब तक नहीं दी गई है। नेताओं ने बताया कि मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ और 17 सूत्री मांगों के समर्थन में यह आम हड़ताल आयोजित की गई है। इस भारत बंद को झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद समेत सभी वामदलों ने समर्थन दिया है।

श्रम कानून में प्रस्तावित बदलाव के विरोध में 10 केन्द्रीय ट्रेड यूनियन के हड़ताल का असर झारखंड में दिखने लगा है. हड़ताल को लेकर आज बोकारो और बेरमो में व्यापक प्रभाव दिखा.बोकारो में 10 ट्रेड यूनियन के नेता अलग-अलग जगहो पर सड़क पर उतर आए. नेताओं ने सड़क पर उतर के केन्द्र सरकार के विरोध में नारेबाजी की. वहीं बोकारो में ही अन्य संगठन के नेताओं ने सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रर्दशन किया और नारेबाजी की.बंद को लेकर एन एच 32 और एन एच 23 में सड़क जाम की स्थिति बनी रही. सभी 10 ट्रेड यूनियन के नेता सुबह से ही सड़कों पर उतरे और गाड़ियो के परिचालन को ठप्प कराया. बोकारो से सटे बेरमो कोयलाचंल में भी बंद का व्यापक असर देखा जा रहा हैं.कोयलाचंल में भी सभी ट्रेड यूनियन के नेता सड़क पर उतर कर काम काज को प्रभावित करने का काम किया है. बंद से सड़क यातायात की व्यवस्था खासी प्रभावित हो रही है.संगठन के नेता ने बताया कि देश भर के मजदूर इस बदलाव के विरोध में आज सड़को पर हैं. हमारा आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक इस कानून में हुए बदलाव को वापस नहीं लिया जाता.

ट्रेड यूनियन की देशव्यापी हड़ताल का असर पलामू में भी कुछ देर के लिए देखा गया. ट्रेड यूनियन से जुड़े संगठनों ने बुधवार की दोपहर पलामू के कचहरी चौक को जाम कर दिया. इस जाम में देवघर श्रावणी मेला में ड्यूटी के लिए जा रहे पलामू पुलिस के जवान फंस गए थे. इस दौरान प्रदर्शनकारियों और जवानों के बीच कुछ देर के लिए कहासुनी भी हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया.

मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार, सब इंस्पेक्टर तंजीमूल मन्नान, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के हस्तक्षेप के बाद ट्रेड यूनियन से जुड़े कर्मचारी शांत हुए और पुलिस की गाड़ी को जाने दिया. पलामू से देवघर श्रावणी मेला ड्यूटी के लिए करीब 500 जवान और पुलिस पदाधिकारी जा रहे थे.

प्रदर्शन के दौरान ट्रेन यूनियन के नेताओं ने कहा कि श्रम कानून में संशोधन, निजीकरण और आउटसोर्सिंग के खिलाफ हड़ताल की गई है. साथ ही इस हड़ताल में किसान, नौजवान और आम लोगों का समर्थन भी मिल रहा है. इस संबंध में एटेक के सदस्य राजीव कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार बिना ट्रेड यूनियन और मजदूरों से बात किए हुए श्रम कानून में संशोधन कर रही है, जो बेहद ही गलत है.

उन्होंने कहा कि किसानों के हक और अधिकारों को छीना जा रहा है. केंद्र सरकार मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और युवा विरोधी कार्य कर रही है. यही वजह है कि सभी लोग एक साथ सड़क पर उतर गए हैं. उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार अपने रवैये में बदलाव लाती है तो यह आंदोलन और तेज होगा.

दरअसल, विभिन्न ट्रेड यूनियन की हड़ताल का पलामू के इलाके में आंशिक असर देखा गया है. कुछ देर के लिए सदर थाना क्षेत्र के दुबिया खाड़ में नेशनल हाईवे 39 को जाम किया गया था. जबकि मेदिनीनगर कचहरी परिसर भी करीब एक घंटे के लिए जाम रहा. हड़ताल का असर बैंकों में भी देखा गया. कई निजी बैंक भी बंद रहे.

देश भर के 10 व्यापारिक संगठनों द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल भारत बंद का कोयला राजधानी धनबाद में व्यापक असर देखने मिला. धनबाद, खासकर निरसा क्षेत्र में, ट्रेड यूनियन समर्थक सुबह से ही कोयला खदानों में पहुंच गए.

रुक-रुक कर हो रही बारिश के बावजूद निरसा में सभी ईसीसीएल और बीसीसीएल की कुल 14 कोयला खदानें बंद रहीं. इस बंद में चार प्रमुख ट्रेड यूनियनें शामिल थीं, जिससे कोयला क्षेत्र को करोड़ों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है.

गौरतलब है कि यह हड़ताल सरकार की नीतियों, खासकर नए श्रम संहिता और निजीकरण के विरोध में बुलाई गई थी. इस राष्ट्रव्यापी बंद में बैंक, परिवहन, डाक, कोयला खनन और निर्माण क्षेत्र के कर्मचारी शामिल थे. ट्रेड यूनियन BCKU के एरिया सचिव रामजी यादव ने बताया कि इस बंद के माध्यम से 26,000 न्यूनतम वेतन और पुरानी पेंशन योजना जैसी मांगों के लिए भी आवाज उठाई गई है. अनुमान है कि इस भारत बंद में 25 करोड़ से अधिक कर्मचारियों, किसानों और खेतिहर मजदूरों ने भाग लिया.

# लालू यादव की बढ़ी मुश्किलें

## सीबीआई की सजा बढ़ाने की याचिका हाईकोर्ट ने किया स्वीकार

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**पटना।** बिहार की राजनीति के सबसे चर्चित चेहरों में से एक, राष्ट्रीय जनता दल ( राजद ) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें एक बार फिर से बढ़ती नजर आ रही हैं। झारखंड हाईकोर्ट ने चारा घोटाले से जुड़े एक मामले में सीबीआई द्वारा दायर उस याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है जिसमें लालू यादव की सजा को बढ़ाने की मांग की गई है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब बिहार में महज तीन महीने बाद विधानसभा चुनाव होने हैं और सियासी हलचलें तेज हो चुकी हैं।



**देवघर कोषागार घोटाले से जुड़ा है मामला:** यह मामला बहुचर्चित चारा घोटाले के तहत देवघर कोषागार से की गई अवैध निकासी से जुड़ा हुआ है। इस घोटाले में लालू यादव के अलावा दो अन्य व्यक्तियों–बेक जूलियस और सुधीर कुमार भट्टाचार्य को भी दोषी ठहराया गया था। निचली अदालत ने तीनों को साढ़े तीन साल की सजा सुनाई थी। हालांकि सीबीआई इस सजा से संतुष्ट नहीं है। उसका मानना है कि इस घोटाले की गंभीरता को देखते हुए दोषियों को अधिकतम सजा दी जानी चाहिए।

**सीबीआई का तर्क और हाईकोर्ट की प्रक्रिया:** सीबीआई का यह कहना है कि घोटाले में सरकारी धन की बर्बादी और सिस्टम के दुरुपयोग को देखते हुए, यह कोई मामूली अपराध नहीं है। उन्होंने हाईकोर्ट से आग्रह किया है कि लालू यादव समेत अन्य दोषियों को अधिक कठोर दंड दिया जाए ताकि इस तरह के भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त संदेश जाए। हाईकोर्ट ने सीबीआई की इस याचिका को स्वीकार कर लिया है और अब जल्द ही मामले की विस्तृत सुनवाई की जाएगी।

**चुनाव से पहले आरजेडी की बढ़ी चिंता:** चुनाव से कुछ महीने पहले आई इस कानूनी चुनौती ने राजद की रणनीति को गहरा झटका दिया है। अगर कोर्ट सीबीआई के पक्ष में फैसला सुनाता है और लालू यादव को अधिक सजा दी जाती है, तो उन्हें फिर से जेल जाना पड़ सकता है। इसका असर न सिर्फ राजद के नेतृत्व पर पड़ेगा, बल्कि पूरे महागठबंधन की चुनावी तैयारियों पर भी गहराई से असर पड़ेगा। लालू यादव न केवल पार्टी के सर्वोच्च नेता हैं बल्कि राज्य की पिछली राजनीति में एक महत्वपूर्ण चेहरा भी रहे हैं।

**राजनीतिक प्रतिक्रियाएं और संभावित असर:** इस घटनाक्रम के बाद बिहार की सियासी फिजा में गर्माहट और बढ़ गई है। एनडीए खेमे के नेताओं ने इसे न्याय की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया है, जबकि महागठबंधन इसे राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित कार्रवाई कह रहा है। तेजस्वी यादव और अन्य विपक्षी नेता यह आरोप लगा रहे हैं कि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी सीबीआई और ईडी जैसे संस्थानों का दुरुपयोग करके विपक्ष को कमजोर करना चाहती है।

**नजरें टिकी हैं अदालत के फैसले पर :** अब सभी की निगाहें झारखंड हाईकोर्ट पर टिकी हैं, जो इस संवेदनशील मामले में क्या निर्णय लेता है। यदि सजा बढ़ाई जाती है, तो यह लालू यादव के लिए कानूनी और राजनीतिक दोनों मोर्चों पर बड़ा झटका होगा। वहीं, यदि कोर्ट यथास्थिति बनाए रखता है, तो राजद को थोड़ी राहत मिल सकती है। लालू प्रसाद यादव पर एक बार फिर से कानूनी शिकंजा कसता नजर आ रहा है। विधानसभा चुनावों से पहले आया यह मोड़ राज्य की राजनीति में बड़ा प्रभाव डाल सकता है। अदालत के अगले कदम पर पूरे बिहार की निगाहें टिकी हैं क्योंकि इसका सीधा असर चुनावी समीकरणों और महागठबंधन की रणनीति पर पड़ना तय है।

# गुरु शिबू सोरेन से मिलने राहुल गांधी पहुंचे गंगाराम अस्पताल 7 दी शीघ्र स्वस्थ होने की कामना



**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**दिल्ली:** प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज दिल्ली में गंगाराम अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक व आदिवासी समाज के शीर्ष नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन से भेंट की। उन्होंने गुरुजी के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे। बता दें कि हेमंत सोरेन कई दिनों से दिल्ली में है। उनके पिता व झामुमो के सुप्रीमो शिबू सोरेन कई दिनों से अस्पताल में भर्ती है। कई नेताओं और समर्थकों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

बता दें कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की तबीयत पिछले 15 दिनों से खराब है. इस दौरान उनका इलाज दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में किया जा रहा है. गुरुजी की तबीयत में धीरे धीरे सुधार हो रहा है. इस बीच गुरुजी को देखने अस्पताल में हर दिन नेताओं का ताता लगा हुआ है. खुद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी अस्पताल पहुंच कर उनका हाल जाना था. अब राहुल गांधी पहुंचे है.

इसके साथ -साथ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राजधानी दिल्ली में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट के दौरान वरिष्ठ नेताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री से दिशोम गुरु के इलाज और स्वास्थ्य सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

बाबूलाल मरांडी ने पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि उनका सानिध्य राज्य और देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि गुरुजी जल्द पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर पुनः सक्रिय सार्वजनिक जीवन में लौटें।

# मंईयां सम्मान योजना के फर्जीवाड़ा में बिहार व बंगाल की 172 मुस्लिम महिलाओं पर मामला दर्ज

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**गालूडीह।** पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत घाटशिला प्रखंड के हेंदलजुड़ी पंचायत में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान में स्वीकृत सूची में फर्जीवाड़ा मामले की जांच में पुष्टि होने पर बुधवार गालूडीह थाना में लाभुक महिलाओं के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया। जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के आदेश पर घाटशिला प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा ने हेंदलजुड़ी पंचायत के सचिव मंगल टुडू को मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।

जिसके बाद पंचायत सचिव ने गालूडीह थाना में फर्जी तरीके से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान पेंशन योजना का लाभ लेने के आरोप में बिहार व पश्चिम बंगाल की कुल 172 मुस्लिम महिलाओं पर नामजद प्राथिमकी दर्ज कराई। मंईयां सम्मान योजना के फर्जी तरीके से लाभ लेने वालों में बिहार राज्य के किशनगंज जिला के ठाकुरगंज थाना अंतर्गत विभिन्न गांव की 40 मुस्लिम महिलाएं है।

वहीं. पश्चिम बंगाल के चोपड़ा थाना अंतर्गत उत्तर दिनाजपुर की 132




मुस्लिम महिलाओं के नाम शामिल हैं। इनपर फर्जी तरीके से सरकारी राशि के निकासी का आरोप लगा। हालांकि, थाना में दिए शिकायत पत्र में राशि का उल्लेख नहीं किया गया। ये अनुमान लगाया जा रहा की फर्जी दस्तावेज के जरिए बंगाल व बिहार के 172 मुस्लिम मुस्लिम के बैंक खाता में प्रथम किस्त 2,500 रुपये के तहत 9 लाख 57 हजार रुपये भेजे गए।

मामले को लेकर दैनिक जागरण में 9 मई को प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। जिसके बाद प्रखंड प्रशासन हरकत में आया। मामले की जांच शुरू कर दी गई। भाजपा व झामुमो के नेताओं ने भी मामले के जांच की मांग उठाई थी। अब फर्जीवाड़ा पुष्टि होने के बाद हेंदलजुड़ी पंचायत के तत्कालीन पंचायत सचिव पुष्पा कुमारी पोद्दार को प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शोकाज नोटिस जारी किया है।

पंचायत के आठ गांव में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं ्हेंदलजुड़ी पंचायत के आठ गांव में किसी भी गांव में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है। बावजूद पंचायत के छोलगोड़ा गांव में 172 मुस्लिम महिलाओं के नाम मंईयां सम्मान योजना की सूची में अंकित थे। जिसे देख पंचायत के लोगों के भी होंश उड़ गए थे। फर्जी तरीका से नामों को स्वीकृत कराकर सभी मुस्लिम लाभुक महिलाओं के बैंक खाते में राशि की प्रथम किस्त तक भेज दिया गया था।

पंचायत में अंकित किए गए सूची में राशन कार्ड नंबर,मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड नंबर अंकित थे। सभी नामों में एक ही राशन कार्ड नंबर अंकित किया गया था। बावजूद इसे स्वीकृत किया किया गया था। इससे प्रखंड व पंचायत के भूमिका पर भी सवाल उठ रहे। हालांकि इससे इंकार भी नहीं किया जा सकता की जिस प्रकार चुनाव के ऐन वक्त पर ऐसे योजनाओं को आनन-फानन में लागू किया गया उसमें गड़बड़ी की संभावना तो थी।

मंईयां सम्मान योजना स्वीकृत सूची में अंकित मुस्लिम महिला बंगाल व बिहार की रहने वाली है। जांच के बाद पता चल पाया। गलत तरीका से मंईया सम्मान का लाभ लेने वाली 172 महिलाओं के खिलाफ बीडीओ के आदेश पर गालूडीह थाना में मामला दर्ज करवाया गया है। - मंगल टुडू, पंचायत सचिव, हेंदलजुड़ी पंचायत।

# खूंटी में नक्सलियों के मंसूबे नाकाम, 18 आईईडी बरामद, बम निरोधक दस्ते ने किया नष्ट

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**खूंटी:** अड़की इलाके के बनमगड़ा जंगल में भाकपा माओवादियों के शीर्ष कमांडरों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए 18 आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बिछाए थे. चाईबासा पुलिस को सूचना मिली थी कि इस जंगल में शीर्ष नक्सली मौजूद हैं. इसके आधार पर चाईबासा और खूंटी पुलिस ने झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाया, जिसमें सभी 18 आईईडी बरामद किए गए.

**नक्सलियों की विध्वंसक योजना का खुलासा:** खूंटी के पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने पुष्टि की कि चाईबासा पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों के शीर्ष नेता सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधियों के लिए सक्रिय हैं. इनमें मिसिर बेसरा, अनमोल, अनल, असीम, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा और अन्य नक्सली शामिल हैं.



**संयुक्त अभियान में मिली सफलता:** सूचना के आधार पर चाईबासा और खूंटी पुलिस ने सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम के साथ कार्रवाई की. इस अभियान के दौरान खूंटी जिले के सीमावर्ती जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया गया. कोचांग से सटे बनमगड़ा जंगल में बिछाए गए 18 आईईडी बरामद किए गए, जिनमें से प्रत्येक का वजन 3 किलोग्राम था. इन आईईडी की चपेट में आने से सुरक्षाबलों को बड़ा नुकसान हो सकता था.

**बम निरोधक दस्ते ने नष्ट किए आईईडी :** सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी 18 आईईडी को बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही नष्ट कर दिया. खूंटी पुलिस ने इस कार्रवाई को हाल के दिनों में नक्सल विरोधी अभियान की बड़ी सफलता बताया है. इस अभियान ने नक्सलियों की विध्वंसक मंशा को नाकाम कर दिया.

# श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है बासुकीनाथ धाम, 10 जुलाई को श्रम नियोजन मंत्री करेंगे उद्घाटन

**बिशेष प्रतिनिधि द्वारा**

**दुमका:** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला 2025 का 11 जुलाई से आगाज हो रहा है. राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2025 की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं. 10 जुलाई यानी गुरुवार, आषाढ़ पूर्णिमा को झारखंड के उद्योग और श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव एक माह तक चलने वाले इस श्रावणी मेले का विधिवत उद्घाटन करेंगे. यह जानकारी दुमका उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने दी. इस अवसर पर संथाल परगना के आयुक्त, आईजी, डीआईजी के साथ दुमका उपायुक्त और एसपी मौजूद होंगे.

बासुकीनाथ धाम श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पूर्णतः तैयार है. यह श्रावणी मेला 11 जुलाई से 09 अगस्त 2025 तक चलेगा. श्रद्धालुओं को किसी भी



प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जलार्पण मार्ग, आवासन, मंच व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुव्यवस्थित किया गया है.

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शांति व्यवस्था हेतु जगह-जगह पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है. बासुकीनाथ धाम की गलियों से लेकर मंच और जलार्पण पथ तक सबकुछ भक्तों के स्वागत के लिए तैयार है. श्रावणी मेला में भक्तों के रहने के लिए टेंट सिटी तैयार की गई है, जो पूरी तरह से निःशुल्क होगा.

इस पूरी तैयारी पर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बताया कि मेले के सफल आयोजन हेतु श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और विश्वास के साथ मेला संचालन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. सभी विभागों के समन्वय से कार्य को अंजाम दिया गया है. मेला क्षेत्र को सुंदर विद्युत सज्जा से सुसज्जित किया गया है, जिससे श्रद्धालु अलौकिक अनुभव प्राप्त कर सकें.

09 अगस्त तक चलने वाले इस ऐतिहासिक मेले के लिए प्रशासनिक स्तर पर 24×7 निगरानी की व्यवस्था की गई है. उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रूट लाइन को और अधिक व्यवस्थित बनाया गया है. प्रशासन का प्रयास है कि सावन माह में आने वाले श्रद्धालु बाबा की पूजा अर्चना और जलार्पण सुगमता पूर्वक कर एक बेहतर अनुभव लेकर वापस अपने घर लौटें.

वहीं, दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि श्रावणी मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. उन्होंने बताया कि जो भी श्रद्धालु यहां आएंगे, वह भयमुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से भगवान शिव पर जलार्पण करे. इसके लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है.

बता दें कि श्रावणी मेले में बासुकीनाथ धाम आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने बासुकीनाथ धाम स्थित मंदिर सभागार में स्थानीय पंडा पुरोहितों के साथ एक बैठक की थी. बैठक के बाद दुमका के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और संतुष्टि जाहिर की.




## बिहार में अबतक एसआईआर के तहत लगभग आधे मतदाताओं ने भरे फोर्म

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बिहार के लिए जारी मतदाता सूची अपडेट करने की प्रक्रिया विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत तक आधे मतदाताओं ने अपने फोर्म भर दिए हैं। प्रगति को देखते हुए आयोग ने संभावना व्यक्त की है कि गणना फॉर्मों के संग्रह का कार्य अंतिम दिन यानी 25 जुलाई से पहले ही पूरा हो जाएगा। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 3.70 करोड़ गणना फॉर्म भरे गए हैं। 24 जून को एसआईआर निर्देश जारी होने के बाद से यह लगभग 7.90 करोड़ मतदाताओं का 46.95 प्रतिशत है। पहले दो हफ्तों में 97 प्रतिशत से अधिक फॉर्म मतदाताओं को वितरित किए गए हैं। साथ ही ईसीआईनेट में 18.16 प्रतिशत फॉर्म अपलोड किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार चुनावों से पूर्व चुनाव आयोग राज्य की मतदाता सूची को अपडेट कर रहा है। इसके चलते एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत घर-घर जाकर ऑनलाइन माध्यम से फोर्म भरने की प्रक्रिया शुरु की गई है। आयोग 30 सितंबर तक अपनी अंतिम मतदाता सूची जारी कर देगा।

## सारनाथ में 10 जुलाई को आषाढ़ पूर्णिमा, धम्मचक्कप्पवत्तन दिवस मनाएगा अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ

**नई दिल्ली।** संस्कृति मंत्रालय के तहत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया के साथ मिलकर 10 जुलाई को आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर सारनाथ में धम्मचक्कप्पवत्तन दिवस मनाएगा। आषाढ़ पूर्णिमा को धम्म चक्र प्रवर्तन की प्रक्रिया का प्रथम महत्वपूर्ण मोड़ माना जाता है। इसी दिन भगवान बुद्ध ने सारनाथ के नाम से विख्यात ऋषिपटन मृगादय के मृग उद्यान में पंचवर्गीय (पांच तपस्वी साथियों) को पहली बार उपदेश दिया था। यह पवित्र अवसर वर्षा ऋतु में विश्राम की शुरुआत का भी संकेत है। संपूर्ण बौद्ध भिक्षु और भिक्षुणियां इस पावन अवसर पर अपने धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करते हैं। संस्कृति मंत्रालय के बयान के मुताबिक, कार्यक्रम में ऐतिहासिक धामेक स्तूप पर संध्या काल में संघ समुदाय के नेतृत्व में पवित्र परिक्रमा और मंत्रोच्चारण से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। पारंपरिक रीति के अनुसार इस अनुष्ठान में भ्रमण और मंत्रोच्चारण से समारोह स्थल पर गहन आध्यात्मिक ऊर्जा जागृत होगी। उसके बाद प्रख्यात भिक्षुओं, विद्वानों और गणमान्य व्यक्तियों की ओर से मंगलाचरण पाठ होगा और चिंतन-मनन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बुद्ध की शिक्षाओं का उद्गम स्थल सारनाथ में ही भगवान बुद्ध ने बुद्ध धम्म की नींव रखते हुए चार आर्य सत्य और अष्टांगिक मार्ग का ज्ञान साझा किया था। श्रीलंका में यह दिन एसाला पोया और थाईलैंड में असन्हा बुचा के रूप में मनाया जाता है।

## दिल्ली विश्वविद्यालयः पीएचडी परिणाम में देरी पर एबीवीपी ने किया हिंदी विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में पीएचडी नामांकन परिणामों में हो रही देरी और प्रशासनिक लापरवाहियों के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पीएचडी में नामांकन के लिए जिन छात्रों ने आवेदन किया था, उनके परिणाम जानबूझकर लटकाए जा रहे हैं। इससे न सिर्फ छात्रों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है बल्कि उनका पूरा शैक्षणिक और करियर प्लान भी प्रभावित हो रहा है। एबीवीपी की प्रदेश सह-मंत्री अपराजिता ने कहा कि हिंदी विभाग को छात्रों के हित में काम करना चाहिए, लेकिन यहां तो छात्र खुद को उपेक्षित और अनसुना महसूस कर रहे हैं। अगर विभाग ने जल्द ही इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो एबीवीपी यह मुद्दा कुलपति कार्यालय तक ले जाएगी और छात्रों के हक की लड़ाई जारी रखेगी।

## दिल्ली-एनसीआर में पूरे हफ्ते सुहावना रहेगा मौसम, जुलाई मध्य तक अच्छी बारिश का पूर्वानुमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में इस सप्ताह मौसम का मिजाज सुहावना बना रहेगा। राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में अगले सात दिनों तक रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर में जुलाई मध्य तक अच्छी बारिश होने का पूर्वानुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 09 जुलाई को दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दिन आसमान में बादल छाए रहने और बिजली कड़कने की भी संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। 10 से 14 जुलाई तक भी मौसम में बदलाव का सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। इस अवधि में दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इन दिनों बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और कुछ क्षेत्रों में वज्रपात की घटनाएं भी हो सकती हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान 31 से 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

## कोलकाता लॉ कॉलेज गैंगरेप मामले में भाजपा ने एफआईआर पर उठाए सवाल, स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कोलकाता लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जांच के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट में घटना की स्वतंत्र रूप से न्यायिक जांच की मांग की है। भाजपा के तथ्यान्वेषी समिति के सदस्यों ने मामले में दर्ज एफआईआर के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। भाजपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में तथ्यान्वेषी समिति के सदस्य सत्यपाल सिंह ने कहा कि 25 जून को कलकत्ता के लॉ कॉलेज में सामूहिक दुष्कर्म हुआ। ये घटना इतनी दुर्भाग्यपूर्ण और दुखदायक थी कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इस घटना को जानकर बहुत क्षुब्ध और चिंतित हुए। उन्होंने संदेश दिया कि पश्चिम बंगाल में भाजपा का शासन नहीं है, लेकिन वहां की हर बेटी और बहन हमारी जिम्मेदारी है और उनका सम्मान, उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। इसलिए उन्होंने चार सदस्यों की एक कमेटी बनाई। उन्होंने बताया कि सबसे पहले हमारी कमेटी




वहां के पुलिस कमिश्नर से मिली। 45 साल के पुलिस जीवन में पहली बार एक ऐसा केस देखा कि एफआईआर में आरोपितों के नाम मिटा दिए गए और नाम ?की जगह कहीं जे लिख दिया तो कहीं एम लिख दिया। ये तो सुप्रीम कोर्ट का डायरेक्शन है कि पीड़िता का नाम किसी को न बताया जाए लेकिन पश्चिम बंगाल में पहली बार देखा कि आरोपितों का नाम एफआईआर में नहीं लिखा गया। क्या ऐसे लोगों से हम उम्मीद कर सकते हैं कि पीड़िता को न्याय मिलेगा? उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। राज्य में महिलाओं पर अत्याचार और अपराध बढ़ रहे हैं। मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हो रही। पुलिस अपना काम ठीक से नहीं कर रही है। ऐसे बहुत से मामले हैं जहां न्याय नहीं मिला है। सांसद बिप्लब देव ने कहा कि ममता सरकार बहन-बेटियों को नहीं बचा सकती, तो उसे इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस कंपनी ने आरोपितों को रखा था वो एजेंसी टीएमसी नेता की है। एक विशेष संप्रदाय के लोगों के वोटबैंक को बचाने के लिए राज्य सरकार ऐसा कर रही है। मुख्यमंत्री को उस पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। सांसद मनन मिश्रा ने बताया कि राज्य सरकार असलियत को छुपाने का प्रयास कर रही है। हमने अपनी रिपोर्ट में केन्द्र सरकार से इस मामले की न्यायिक जांच करने की मांग की है। चार सदस्यीय इस समिति में पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यपाल सिंह और मीनाक्षी लेखी के साथ सांसद बिप्लाब देब और मनन कुमार मिश्रा शामिल हैं। यह चार सदस्यीय समिति 30 जून को कोलकाता के लिए रवाना हुई थी।

## नोएडा में अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नोएडा में एक अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ कर इसके मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया। जो यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों को फर्जी टेक्निकल सपोर्ट के नाम पर ठग रहा था। इस गिरोह का संचालन नोएडा स्पेशल इकोनॉमिक जोन से किया जा रहा था, जहां से चल रहे एक हाइटेक कॉल सेंटर पर सीबीआई ने सोमवार को छापा मारा। छापेमारी के दौरान सीबीआई ने पाया कि कॉल सेंटर से लोगों को फर्जी कॉल कर यह बताया जा रहा था कि उनके कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस में कोई तकनीकी समस्या है, जिसे ठीक करने के लिए मोटी रकम मांगी जाती थी। गिरोह खुद को माइक्रोसॉफ्ट जैसी नामी कंपनियों का टेक्निकल स्टाफ बताता था ताकि लोगों का भरोसा जीत सके। सीबीआई ने बताया कि इस ऑपरेशन को अमेरिकी एफबीआई, यूके की नेशनल क्राइम एजेंसी और माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के साथ मिलकर अंजाम दिया गया। छापे के दौरान टीम को लोगों से बात करते हुए कॉल एजेंट भी मिले, जो उस




वक्त लाइव कॉल पर थे। जांच एजेंसी ने इस गिरोह के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया है, जो फर्स्ट आइडिया नाम से कॉल सेंटर चला रहा था। उसके खिलाफ धोखाधड़ी और जबरन वसूली के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर आधारित नाट्य राष्ट्रवाद का आदिपुरुष देखने पहुंचे नड्डा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर आधारित नाट्य राष्ट्रवाद के आदिपुरुष की प्रथम प्रस्तुति कमानी ओडिटोरियम में रखी गई। इस नाट्य को देखने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पहुंचे।

नड्डा ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को एक नाट्य के रूप में प्रस्तुत करने के लिए दिल्ली भाजपा की सराहना की। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, बांसुरी स्वराज के आलावा वरिष्ठ नेता विनय सहस्त्रबुद् समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने नाट्य मंचन से पूर्व गणमान्य अतिथियों, उपस्थित पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति अपने स्वागत सम्बोधन में बताया की इस नाटय के निर्माण के पीछे उद्देश्य सरल भाषा में डॉ. मुखर्जी के जीवन, उनकी राष्ट्रवाद



की कल्पना, शिक्षा, राजनीतिक कार्यों एवं कश्मीर के प्रति समर्पण को जनता के समक्ष रखना। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा की डॉ. मुखर्जी के जीवन पर आधारित इस नाट्य को सफल बनाने के लिए नैशनल स्कूल एवं ड्रामा एवं श्रीराम कला केंद्र के 58 कलाकारों के साथ एक मुख्य निर्देशक एवं 16 टेक्निकल स्टाफ सहित 75 लोगों की टीम ने प्रबल भूमिका निभाई है। भाजपा के विभिन्न मोर्चों के प्रभारी डॉ. सुमित भसीन ने युवा मोर्चा, पूर्वांचल मोर्चा एवं मीडिया विभाग के कार्यकर्ताओं के साथ व्यवस्था बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई।

## हज यात्रा के लिए आवेदन करने का सिलसिला शुरू, 31 जुलाई तक भरे जाएंगे फॉर्म

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत से हज यात्रा पर जाने के लिए आवेदन फॉर्म भरने का सिलसिला शुरू हो गया है। हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट और हज सुविधा एप पर 7 जुलाई से 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगे।केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय के अंतर्गत हज कमेटी ऑफ इंडिया ने इस बारे में अधिसूचना जारी की है, जिसके अनुसार भारत से हज यात्रा पर जाने की इच्छुक सभी लोगों से आवेदन करने को कहा गया है। इच्छुक तीर्थयात्री आधिकारिक हज पोर्टल https://haj-committee.gov.in या 'हज सुविधा' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। यह ऐप आईओएस और एंड्रॉयड दोनों उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन 7 जुलाई से 31 जुलाई तक किए जा सकते हैं। अधिसूचना के अनुसार 31 दिसंबर, 2026 तक का वैध अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट रखने वाले लोग आवेदन कर सकते हैं। अगर किसी व्यक्ति के पास पासपोर्ट नहीं है तो वह नए पासपोर्ट के लिए आवेदन करने के बाद हज यात्रा के लिए फॉर्म भर सकते हैं। हज कमेटी ने आवेदकों को यह भी सलाह दी है कि वे आवेदन करने से पहले अपनी तैयारियों पर ध्यान पूर्वक विचार करें। मृत्यु या गंभीर चिकित्सा आपातकाल जैसी दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों को छोड़कर यात्रा रद्दीकरण से वित्तीय नुकसान भी हो सकता है। हज कमिटी ऑफ इंडिया के सीईओ साहनवास सी ने आवेदन कर्ताओं से कमेटी की वेबसाइट पर मौजूद तमाम गाइडलाइन और दिशा-निर्देशों का सही से



Government of India
Ministry of Minority Affairs
Haj Committee of India

ANNOUNCEMENT FOR HAJ – 2026

The Haj Committee of India invites applications for Hajj – 2026 from intending pilgrims through the online Haj Application Form, available on the official website https://hajcommittee.gov.in and the mobile application "HAJ SUVIDHA" (available for both iPhone and Android devices). The application window will be open from 07th July 2025 to 31st July 2025 (11:59 PM).

2. Applicants are strongly advised to carefully read the Guidelines and Undertakings before submitting their forms. Please note that a machine-readable Indian International Passport is a prerequisite for application. The passport must be issued on or before the closing date of application and remain valid at least until 31st December 2026.

3. Cancellations on any grounds—except in cases of death or grave medical illness of the pilgrim— will attract penalties and may result in financial loss to the applicant. Pilgrims are therefore advised to apply only after careful consideration of their preparedness and commitment to undertake the pilgrimage.

(Shanavas C, IAS)
Chief Executive Officer

अवलोकन करने के बाद ही फार्म भरने की बात कही है। उन्होंने बताया कि आवेदन फॉर्म भरने के लिए राज्य हज कमेटियों में सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं और वहां पर यात्रा से संबंधित सभी प्रकार की सूचनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं

## राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने राष्ट्रपति को सौंपी 2023-24 के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को 2023-24 के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट सौंपी। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एनसीएससी के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने किया, उनके साथ सदस्य लवकुश कुमार और वड्डेपल्ली रामचंदर और सचिव जी. श्रीनिवास भी मौजूद थे।

इस रिपोर्ट में अनुसूचित जातियों के लिए संवैधानिक प्रावधानों के कार्यकरण की व्यापक समीक्षा प्रस्तुत की गई है, जिसमें अनुसूचित जातियों के खिलाफ किए गए अत्याचारों और अपराधों से संबंधित मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट किया गया है। इसमें अनुसूचित जातियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं और



सामाजिक-आर्थिक विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के संबंध में केंद्र और राज्य सरकारों के साथ व्यापक समीक्षा, घटनास्थलों के दौरे और परामर्श से प्राप्त प्रमुख निष्कर्षों को रेखांकित किया गया है। आयोग ने संस्थागत जवाबदेही को सदृढ़ करने, न्याय सुनिश्चित करने और अनुसूचित जाति समुदायों के समग्र सशक्तिकरण को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रमुख सिफारिशें की हैं। उल्लेखनीय है कि भारत के संविधान अनुच्छेद 338 के तहत राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को दिए गए अधिदेश के अनुसार, आयोग को अनुसूचित जातियों के लिए संवैधानिक सुरक्षा उपायों के कार्यकरण पर भारत के राष्ट्रपति को प्रतिवर्ष तथा समय-समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है, जिसमें अनुसूचित जातियों के संरक्षण, कल्याण तथा सामाजिक-आर्थिक विकास के साथ-साथ प्रभावी कार्यान्वयन के लिए संघ तथा राज्य सरकारों द्वारा किए जाने वाले उपायों से संबंधित सिफारिशें शामिल होती हैं।

## दिव्यांगजन संस्थान में 54 किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय दिव्यांगजन संस्थान (पीडीयूएनआईपीपीडी) में 54 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया गया। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल ने पर्यावरण के अनुकूल पहल की



शुरुआत की, जिसे लेग्रैंड इंडिया के सहयोग से स्थापित किया गया था। यह पर्यावरण संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह सौर ऊर्जा संयंत्र पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह न केवल संस्थान की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करेगा बल्कि आर्थिक रूप से भी फायदेमंद साबित होगा। यह सौर ऊर्जा संयंत्र ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम है और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के सरकार के मिशन के साथ संरेखित है, जिससे पर्यावरणीय और आर्थिक दोनों तरह के लाभ होंगे।

## कच्छ में पहली बार मशरू बुनाई को राष्ट्रीय पुरस्कार, 3 शिल्पकारों को मिली सफलता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** हस्तशिल्प के लिए खास पहचान रखने वाले कच्छ जिले के 3 हस्तशिल्प कारीगरों को वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई है। विशेष बात यह है कि मशरू बुनाई के लिए कच्छ को पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार मांडवी तालुका के डोण गांव के कलाकार भोजराज दामजी धोरिया को प्राप्त हुआ है। अन्य दो कारीगरों को खरड़ बुनाई और कच्छी शॉल के लिए यह पुरस्कार घोषित किए गए हैं। कच्छ के तीन कला-शिल्पकारों के नाम वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार घोषित हुए हैं। 1300 वर्ष पुरानी मशरू हस्तकला के लिए मांडवी तालुका के डोण गांव के भोजराज दामजी धोरिया, खरड़ बुनाई के लिए मूल कूरन और वर्तमान में कुकमा में रहने वाले सामत तेजशी तथा कच्छी हस्तकला की शॉल के लिए भुजोडी की दिनाबेन रमेश खरट को राष्ट्रीय पुरस्कार की घोषणा हुई है।

कच्छ और पाटण में पहले मशरू बुनाई होती थी। राजशाही काल में मांडवी में बड़े पैमाने पर यह कार्य होता था। उस समय मांडवी तालुका में 500 बुनकर थे। समय के साथ यह कला लगभग समाप्त हो गई थी। 1990 में केवल उनका परिवार इस कार्य को करता था। एक पैर से पोलियोग्रस्त होने




के बावजूद भोजराज भाई ने मेहनत और लगन से काम जारी रखा। उन्हें यह पुरस्कार मिलने पर उनका परिवार और मशरू के अन्य कारीगर अत्यंत प्रसन्न हैं। लुप्त हो रही खरड़ बुनाई को अथक मेहनत से जीवित रखने वाले मूल कूरन और वर्तमान में कुकमा निवासी सामत तेजशी को भी वर्ष 2024 का राष्ट्रीय पुरस्कार घोषित हुआ है। 2018 का राज्य पुरस्कार, उनके पिता तेजशीभाई को 2019 का राष्ट्रीय पुरस्कार, 2013 का संत कबीर पुरस्कार, 2021 का गुजरात पर्यटन पुरस्कार, 2019 का इंटरनेशनल क्राफ्ट अवार्ड, 2023 का इंडियन फैशन अवार्ड, 2020 का राज्य पुरस्कार और 2008 का कच्छ बिजनेस एसोसिएशन पुरस्कार, उनके पिता हीराभाई को 2022 का राज्य पुरस्कार भी प्राप्त हो चुके हैं। इसके अलावा, भुज तालुका के भुजोडी क्षेत्र के वणकरवास में रहने वाली दिनाबेन रमेश खरट को हाथ से बुनी कच्छी शॉल के लिए वर्ष 2024 का राष्ट्रीय पुरस्कार घोषित हुआ है।

## भारत में ऊर्जा सहयोग को लेकर बीडब्ल्यू-एलपीजी प्रमुख से हरदीप पुरी ने ओस्लो में की मुलाकात



**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में एलपीजी क्षेत्र की एक प्रमुख वैश्विक कंपनी बर्गेसन वर्ल्डवाइड (बीडब्ल्यू)-एलपीजी के सीईओ क्रिस्टियन सोरेंसन से मुलाकात की। इस बैठक की जानकारी खुद मंत्री पुरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि यह बैठक एलपीजी शिपिंग के क्षेत्र में भारत और बीडब्ल्यू-एलपीजी के बीच सहयोग को और मजबूत करने के उद्देश्य से हुई।उन्होंने कहा कि बीडब्ल्यू-एलपीजी दुनिया की अग्रणी एलपीजी शिपिंग कंपनियों में से एक है। यह कंपनी बहुत बड़े गैस वाहक जहाजों का संचालन करती है, जिनकी कुल वहन क्षमता 4 मिलियन क्यूबिक मीटर से भी अधिक है। बीडब्ल्यू- एलपीजी भारत में एलपीजी आयात का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा संभालती है, जो देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में एक महत्वपूर्ण भागीदार है। बैठक के दौरान पुरी और सोरेंसन के बीच भारत में एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला को और अधिक मजबूत एवं स्थिर बनाने, ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने और रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके अलावा यह भी बातचीत हुई कि कैसे बीडब्ल्यू-एलपीजी और भारतीय ऊर्जा कंपनियों के बीच सहयोग को तकनीकी और व्यावसायिक स्तर पर और बेहतर बनाया जा सकता है।

## देशभर में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने निकली 'कोलैब इंजन' यात्रा, अजय टम्टा ने दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देने और पर्यावरण के लिए सही ट्रांसपोर्ट को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए 'कोलैब इंजन' कैंपेन किया गया। इसे केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसकी शुरुआत एक इलेक्ट्रिक गाड़ी से हुई, जो बिना प्रदूषण फैलाए पूरे देश में घूमेगी। ये कैंपेन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मिशन लाइफ' यानी 'पर्यावरण के लिए लाइफस्टाइल' वाले विजन से प्रेरित है। इसका मकसद लोगों को साफ-सुथरे और इको-फ्रेंडली ट्रांसपोर्ट के बारे में बताना है। 'कोलैब इंजन' को पूरी तरह युवा चला रहे हैं। ये इलेक्ट्रिक वाहन 25 से ज्यादा शहरों से होते हुए करीब 10,500 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। ये दुनिया की सबसे लंबी इलेक्ट्रिक व्हीकल ड्राइव बनकर रिकॉर्ड भी बना सकता है। इस दौरान टीम अलग-अलग शहरों के स्कूल, कॉलेजों और पब्लिक प्लेस पर जाकर लोगों से बात करेगी। उन्हें



इलेक्ट्रिक गाड़ियों के फायदे, क्लीन एनर्जी और पर्यावरण बचाने की जरूरत के बारे में समझाएगी। अजय टम्टा ने कहा कि युवाओं की ये कोशिश भारत को हरा-भरा और जिम्मेदार भविष्य की ओर ले जाएगी। सरकार ऐसे कैंपेन को पूरा सपोर्ट करती है और आगे भी इन्हें बढ़ावा देगी। कोलैब इंजन की टीम ने बताया कि वो रास्ते में लोकल प्रशासन, पर्यावरण एक्टिविस्ट्स और स्टूडेंट्स के साथ मिलकर लोगों को जागरूक करेंगे। ये सिर्फ एक रोड ट्रिप नहीं, बल्कि एक ऐसा मूवमेंट है जो साफ और टिकाऊ भारत बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

## सेनेटरी पैड पर राहुल गांधी की फोटो का वीडियो शेयर कर फंसा गुरुग्राम का कारोबारी, अब सता रहा गिरफ्तारी का डर

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** स्थानीय एक इंटीरियर कारोबारी सेनेटरी पैड पर कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी की तस्वीर लगाकर वायरल वीडियो को शेयर कर फंस गया है। इस मामले में तेलंगाना में कांग्रेस नेता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है।अब गुरुग्राम के इस इंटीरियर कारोबारी को अपनी गिरफ्तारी का डर सता रहा है।कांग्रेस ने बिहार में महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटने का अभियान शुरू किया है। इसके बाद बिहार के एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रतन रंजन ने महिलाओं के कपड़े पहनकर सेनेटरी पैड पर राहुल गांधी की तस्वीर होने पर सवाल उठाया था। रतन रंजन के वीडियो को इंटीरियर कारोबारी अरुण यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कर उसका समर्थन किया था। अरुण यादव मूलरूप से रेवाड़ी के कोसली के रहने वाले हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना आइकॉन मानते हैं। उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी प्रधानमंत्री की फोटो है। अरुण यादव ने उस तस्वीर को एक्स पर री-ट्वीट कर दिया था, जिससे वह और अधिक प्रचारित हुई। इस मामले में तेलंगाना यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष जक्कीदी शिव चरण रेड्डी की शिकायत पर हैदराबाद के बेगम बाजार थाना में केस दर्ज किया गया है। इसके अलावा कर्नाटक में भी एक एफआईआर दर्ज हुई है। इस एफआईआर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रतन रंजन और गुरुग्राम के अरुण यादव सहित कई यूजर कानाम है। अपने खिलाफ केस दर्ज होने के बाद अरुण यादव ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि बिहार में महिलाओं को गिफ्ट दिए जा रहे हैं और पुरुषों को जेल में डाला जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ एफआईआर झूठी है और पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। अरुण ने अपने वीडियो में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस कहां रह गई, मुझे पता करके बता दो। लोकतंत्र का मजाक बनाया जा रहा है। अरुण यादव का आरोप है कि सपा व राजद के नेताओं के कहने पर उनसे दुश्मन निकाली जा रही है।

अरुण यादव ने कहा कि सपा और आरजेडी के नेताओं ने मेरे खिलाफ साजिश करते हुए कांग्रेस से मिलकर एफआईआर दर्ज करवाई है। मैंने रजत रंजन का वीडियो शेयर किया था और उसका समर्थन किया है।

# हजारीबाग लोकसभा में खेल क्रांति: सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर लगातार दूसरी बार होगा सांसद खेल महोत्सव-2025 का आगाज

### पूरे हजारीबाग लोस में 22,500 फुटबॉल खिलाड़ियों का होगा महासमागम



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** खेल-खिलाड़ियों के उत्थान और उन्हें एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने एक बार फिर ऐतिहासिक पहल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर उन्होंने लगातार दूसरी बार लोकसभा क्षेत्र के सभी 22 प्रखंड क्षेत्रों में भव्य ÷सांसद खेल महोत्सव-2025÷ का आयोजन करने जा रहे हैं। इसकी शुरुआत 15 जुलाई को गोला से होगी। जिसमें नमो खेल श्रृंखला के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का महाकुंभ लगभग 02 महीने तक चलेगा और 15 सितंबर 2025 को इसका समापन होगा ।

**हजारीबाग के विभूति स्वरूप पुराने फुटबॉलरों ने सांसद संग मशाल जलाकर इस टूर्नामेंट का कराया आगाज़**

सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2025 की तैयारी पूर्ण होने के उपरांत इससे संबंधित प्रेस- वार्ता से पहले सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग के विभूति स्वरूप पुराने फुटबॉलरों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उसके बाद 80 के दशक के हजारीबाग के फुटबॉल के हीरो रहें पुराने फुटबॉल खिलाड़ी विकास चौधरी, शंकर मुखर्जी, अशोक कुमार भट्टाचार्य, प्रमोद कुमार और मुकेश कुमार ने सांसद मनीष जायसवाल के साथ सामूहिक रूप से मशाल जलाकर इसका विधिवत आगाज़ कराया। यहां से नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2025 का शुरुआत हुआ अब आगामी 15 जून 2025 से रामगढ़ के गोला मैदान से इसका विधिवत खेल प्रतियोगिता का भी शुरुआत होने जा रहा है। मौके पर मंच संचालन नमो खेल श्रृंखला से जुड़े बंटी तिवारी ने, विषय प्रवेश हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया।

**नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का ऐतिहासिक विस्तार और भव्य तैयारी**

सांसद मनीष जायसवाल ने बुधवार को हजारीबाग स्थित अपने सांसद सेवा कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर इस आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने एक नए अंदाज में आकर्षक डिस्प्ले के साथ नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2025 की चमकदार ट्रॉफी, आकर्षक नमो जर्सी, नमो मेडल और पुरस्कार राशि के चेक का विमोचन किया। इस दौरान खेल सामग्री की भव्यता देखते ही बन रही थी, जो इस आयोजन के बड़े पैमाने और वृहत स्वरूप पर होने का साफ़ संकेत दे रही थ।

सांसद जायसवाल ने बताया कि इस वर्ष सांसद खेल महोत्सव-2025÷ के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट में लगभग 15,00 टीमें और 22,500 खिलाड़ी भाग लेंगे, जो पिछले वर्ष के आंकड़े से भी कहीं अधिक है। यह संख्या इस टूर्नामेंट की बढ़ती लोकप्रियता और ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल के प्रति जुनून को बखूबी दर्शाती है।

**नमो फुटबॉल टूर्नामेंट की यात्रा के साथ मनीष जायसवाल के एक विधायक से सांसद तक का सफर**

यह खेल महोत्सव मनीष जायसवाल के लिए कोई नया प्रयास नहीं है। बतौर हजारीबाग सदर विधायक उन्होंने साल 2016 में अपने स्तर पर नमो खेल श्रृंखला के माध्यम से इसकी शुरुआत की थी। तब कटकमदाग प्रखंड से कुछ टीमों के साथ शुरू हुआ नमो फुटबॉल टूर्नामेंट धीरे-धीरे पूरे हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में फैल गया और इसमें लगभग शत-प्रतिशत गांवों की टीमें शामिल होने लगीं। कोरोना काल (2020 और 2021) में भले ही यह स्थगित रहा, लेकिन 2022 में नए स्वरूप में इसने इचाक और डाड़ी प्रखंड में भी सफलतापूर्वक दस्तक दी। 2023 में इसका विस्तार बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड तक हुआ जिसने हजारीबाग जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल के प्रति गजब का उत्साह और जुनून पैदा किया। महज 9 साल (कोरोना काल के दो वर्षों को छोड़कर) में ही नमो फुटबॉल टूर्नामेंट ने हजारीबाग जिले का सबसे बड़ा और लोकप्रिय फुटबॉल टूर्नामेंट होने का खिताब हासिल कर लिया। साल 2023 में फुटबॉल की अपार सफलता के बाद सांसद मनीष जायसवाल ने नमो कैरम, नमो कबड्डी और नमो बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया और अन्य खेलों को भी बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

**सांसद बनने के बाद और नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में बढ़ा दायरा**

वर्ष 2024 में पहली बार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने के बाद मनीष जायसवाल ने सांसद खेल महोत्सव-2024÷ के तहत नमो खेल श्रृंखला का विस्तार पूरे लोकसभा क्षेत्र में किया। इसमें हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और कोडरमा जिलों के पांच विधानसभा (सदर, बरही, बड़कागांव, मांडू और रामगढ़) के कुल 22 क्षेत्रों में सफल आयोजन किया गया। इस महोत्सव में करीब 396 पंचायतों और 68 वार्डों की कुल 883 टीमों के 13,245 फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें 210 महिला खिलाड़ी भी शामिल थीं। कुल 863 मैच खेले गए, जिसमें 120 रेफरी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी खिलाड़ियों को आकर्षक नमो जर्सी, फुटबॉल, गोल पोस्ट नेट, आकर्षक नमो ट्रॉफी, मेडल और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2025 की कुछ खासियतें:**

**आकर्षक पुरस्कार:** प्रत्येक चरण की विजेता टीम को 25,000 रुपए नकद, आकर्षक नमो ट्रॉफी और मेडल, जबकि उपविजेता टीम को 15,000 रुपए नकद और आकर्षक नमो ट्रॉफी भेंट की जाएगी।

**स्थानीय को बढ़ावा:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल अभियान को चरितार्थ करते हुए हजारों जर्सी की स्टिचिंग और प्रिंटिंग का जिम्मा हजारीबाग की एक स्थानीय स्टिचिंग यूनिट को दिया गया है, जहाँ दर्जनों महिला कारीगर आकर्षक रंगों की नमो जर्सी को अंतिम रूप दे रही हैं।

**रेफरी किट:**
इस वर्ष टूर्नामेंट में शामिल खिलाड़ियों की तरह रेफरी को भी रेफरी किट उपलब्ध कराई जाएगी। 120 रेफरी का समूह टूर्नामेंट का संचालन करेगा।

**स्थानीय कलाकारों को मंच:**
नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन और समापन समारोह को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों को भी मंच प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएगा।

**सामाजिक संदेश:**
टूर्नामेंट में महिला टीमों के बीच भी प्रतिस्पर्धा होगी और उद्घाटन व समापन के अवसर पर खिलाड़ियों व दर्शकों को नशामुक्ति का संकल्प भी दिलाया जाएगा।

**नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का लक्ष्य:**
फुटबॉल के क्रेज को जीवंत करना और बेहतर मंच प्रदान करना और स्थानीय खिलाड़ियों को एक बेहतर माहौल में उचित प्लेटफॉर्म प्रदान कर उनके प्रतिभा को निखारना है ।

प्रेस-वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में फुटबॉल के खोए हुए क्रेज को वापस जीवंतता प्रदान करना है। उनका लक्ष्य है कि हर गांव-कस्बे में फुटबॉल के खेल के रोमांच से युवाओं और खेल प्रेमियों को जोड़ा जाए, ताकि उन्हें एक बेहतर प्लेटफॉर्म मिल सके। उन्होंने जोर दिया कि खिलाड़ी असामाजिक गतिविधियों से दूर रहकर स्वस्थ शरीर का निर्माण करें और खेल के क्षेत्र में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का नाम राज्य, देश और विश्व में रोशन करें। उन्होंने यह भी बताया कि जिस प्रखंड में जिस खेल का अधिक चलन होगा, उसे भी बढ़ावा दिया जाएगा।

सांसद जायसवाल ने कहा कि टूर्नामेंट के शुभारंभ और समापन के मौके पर कई दिग्गज और गणमान्य लोग शामिल होंगे। मैदानों की आकर्षक साज-सज्जा, आतिशबाजी, ताशों की तड़तड़ाहट, स्थानीय लोक नृत्य, स्थानीय प्रशासन, प्रेस/मीडिया और जनप्रतिनिधियों के बीच संघर्षपूर्ण मुकाबले और महिला टीमों के बीच रोमांचक मैच इस आयोजन को खास बनाएंगे। टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त रेफरी और उद्घोषक भी मौजूद रहेंगे।

यह सांसद खेल महोत्सव-2025 निश्चित रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में खेल के एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा और युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का एक स्वर्णिम अवसर प्रदान करेगा । प्रेस- वार्ता के दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने मीडिया बंधुओं के कई सवालों का भी बेबाकी से जवाब दिया।

**मौके पर ये गणमान्य लोग रहें मौजूद**

भाजपा हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, के.पी. ओझा, अनिल मिश्रा, हरीश श्रीवास्तव, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप, कयूम अहमद, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, भाजपा जिला पदाधिकारी रेणुका साहू, रमेश ठाकुर, दामोदर सिंह, जय नारायण प्रसाद, हजारीबाग भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष तनवीर अहमद, भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, भाजपा एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रमेश हेंब्रम, रामगढ़ जिले के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, दिनेश सिंह राठौर, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि खोखा सिंह उर्फ द्वारिका सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, अजय साहू, किशोरी राणा, नागेंद्र गुप्ता, विजय वर्मा, बंटी तिवारी, जयप्रकाश, भाजपा नगर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष विवेक बरियार, दारू मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, बलदेव बाबू, दामोदर साहू, अविनाश कुमार, रामजी गुप्ता, शिवपाल यादव, ऋषि शर्मा, नमो खेल श्रृंखला से जुड़े गोला मंडल सांसद प्रतिनिधि प्रीतम झा ,बरलंगा मंडल सांसद प्रतिनिधि मनसु बेदिया, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, सुभाष रजवार, बिकास मनी पाठक, बिसाल कुमार ,जितेंद्र साहू, सूरज कुमार प्रदीप कुशवाहा, महेश महतो, प्रदीप कुमार, जितेंद्र महतो, राकेश कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिंह रबी हाज़रा, ललन कुशवाहा, राकेश सिन्हा, शिव साहू, मुकेश साहू, अशोक कुमार, मनोज कुमार महतो, बिजय ओझा, सतेंद्र महतो, बद्री साव, संतोष महतो, उत्तम कुशवाहा सहित रेफरी का एक समूह और खेल संचालन समिति से जुड़े लोग मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### अदाणी फॉउंडेशन के नेत्र जांच शिविर में छात्राओं समेत 128 के आंखों की जांच




**बड़कागांव संजय कुमार**

**बड़कागांव।** गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने होरम चंदौल स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इस दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जीके सिंह और सामान्य चिकित्सक डॉ. बीपी श्रीवास्तव ने छात्राओं और स्थानीय ग्रामीणों के नेत्र की जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। दोनों चिकित्सकों ने छात्राओं और अन्य जरूरतमंदों को दवाएं भी वितरित की। इस शिविर में 128 छात्राओं और स्थानीय ग्रामीणों के आंखों की जांच हुई। इसके अलावा 77 छात्राओं के बीच आवश्यक निशुल्क दवाएं भी वितरित की गई। इस शिविर का उद्देश्य विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के बीच नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और प्रारंभिक स्तर पर समस्याओं की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार प्रदान करना था। इधर, अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के टीबी मरीजों के बीच भी लगातार पोषण किट का वितरण किया जा रहा है। अब तक पांच चरण के तहत 290 मरीजों को गोद लिया गया है, जिसमें से 90 फीसदी स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में 80 मरीजों को हर महीने पोषण किट प्रदान किया जा रहा है।

### साईं परिवार हज़ारीबाग़ द्वारा साईं मंदिर, नवाबगंज के प्रांगण में आज भंडारा का किया जाएगा आयोजन

- गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साईं मंदिर के परिसर में विशाल भंडारे का किया जाएगा आयोजन



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हज़ारीबाग़।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साईं परिवार, हजारीबाग 8188/19 के द्वारा साईं मंदिर, नवाबगंज के प्रांगण में बृहस्पतिवार को दोपहर 12 बजे से भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साईं मंदिर परिसर में प्रातः काल से ही पूजा-अर्चना शुरू हो जाएगा और श्रद्धालुओं का आवाजाही भी प्रारंभ हो जाएगी। साईं बाबा के आरती के बाद विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है। बृहस्पतिवार की सुबह साईं बाबा का अभिषेक किया जायेगा , उसके साथ प्रसाद का वितरण किया जाएगा । जहां श्रद्धालु एक ही परिसर में ईश्वर की आराधना, कला- संगीत की साधना के साथ मनोरंजन और भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर किया जाएगा।

साईं परिवार, हजारीबाग धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में हमेशा ऐसा आयोजन करता रहा है। मानवीय मूल्यों के प्रति भी परिवार समाजहित में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है । इस कार्यक्रम में हज़ारीबाग़ साईं परिवार के सदस्यों के द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है।

# अखिल भारतीय किसान सभा ने केंद्र सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल

- झारखंड का विस्थापन झारखंड का अभिशाप बन गया है: के.डी. सिंह
- जमीन छीनने के बावजूद किसानों को न तो समुचित मुआवजा मिला, न रोजगार, और न ही पुनर्वास की व्यवस्था की गई: भूवनेश्वर मेहता
- भुवनेश्वर मेहता के नेतृत्व में विस्थापन की लड़ाई जारी है और अंत तक यह सारी लड़ाई जारी रहेगा: बटेश्वर मेहता



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** झारखंड में जमीन की लूट और विस्थापन से जुड़े मुद्दे को लेकर हजारीबाग शहर के देवांगना चौक स्थित होटल भण्डारा पार्क में बुधवार को अखिल भारतीय किसान सभा ने पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव केडी सिंह और अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखण्ड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह पूर्व सांसद भूवनेश्वर प्रसाद मेहता विस्थापितों की समस्या और जमीन लूट पर पत्रकारों से मुखातिब हुए। केडी सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य के गठन को 24 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक न तो कोई समुचित विस्थापन और पुनर्वास नीति बन पाई है, और न ही भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को सही ढंग से लागू किया गया है। कहा कि झारखंड का विस्थापन झारखंड का अभिशाप बन गया है।

विस्थापन का दंश झारखंड के दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लोगों को झेलना पड़ा रहा है।

पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने केंद्र सरकार की किसान और मजदूर विरोधी नीतियों पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा किए जा रहे भूमि अधिग्रहण से सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब, दलित और आदिवासी किसान हो रहे हैं। सरकारी व निजी उपक्रमों की परियोजनाओं के कारण हजारों गांव उजड़ चुके हैं। जमीन छीनने के बावजूद किसानों को न तो समुचित मुआवजा मिला, न रोजगार, और न ही पुनर्वास की व्यवस्था की गई।

श्री मेहता ने तत्कालीन रघुवर दास की सरकार पर आरोप लगाया कि रघुवर सरकार ने कई किसानों की जोताई जमीन को भूमि बैंक में डाल दिया, और लगान की रसीद काटने के बावजूद नाम दर्ज नहीं किया गया। वैसे गैर मजरूवा जमीन जिन पर किसानों का हक अधिकार था वर्षों से दखल कब्जे में थी जिसमें खेती करके अपने परिवार का जिविकोपार्जन कर रहे थे। ऐसी जमीनों को कब्जे में ले लिया जिससे वह पूरी तरह बेरोजगार और अपने घरों से बेघर भी हो गए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भूमि बैंक से किसानों की जमीन रिलीज करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक वह भी अपने किए गए वादे पर खरे नहीं उतरे। बताया कि सरकार द्वारा लगातार भूमि अधिग्रहण को लेकर अब तक लगभग 45 लाख किसान विस्थापित हो चुके हैं। विस्थापन की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सरकार के पास अब तक कोई समुचित आंकड़ा तक नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार एवं बिचौलियों की मदद से झारखंड की निजी कंपनियां भी किसानों की जमीनों को लूट रही है।

अखिल भारतीय किसान सभा सरकार से मांग करती है कि झारखंड में विस्थापन बंद हो, कोयला या अन्य खनिजों उपकरणों के निर्माण एवं खनन में किसानों की भागीदारी व हिस्सेदारी सुनिश्चित हो, आदिवासी, दलित और किसानों की जमीन का अधिग्रहण ना हो, गोंदलपूरा कोल ब्लॉक रद्द किया जाए, किसानों के नाम बंदोबस्त गैरमजरूवा जमीन को रिलीज कर किसानों को वापस दिलाई जाए और झारखंड में विस्थापन आयोग का गठन हो ताकि पूर्व के विस्थापितों का लेखा-जोखा हो सके। श्री मेहता ने कहा कि जब तक यह मांगे पूरी नहीं होगी यह संघर्ष जारी रहेगा।

वहीं झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने विस्थापन को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि विस्थापन झारखंड की एक गंभीर समस्या है जिससे झारखंड के दलित किसान और आदिवासी समाज के लोग प्रभावित हो रहे हैं, उनकी जमीनी छीनी जा रही है। जिसको लेकर पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता के नेतृत्व में विस्थापन की लड़ाई जारी है और अंत तक यह सारी लड़ाई जारी रहेगा।

इस मौके पर खतियानी परिवार के केंद्रीय महासचिव मोहम्मद हकीम अंसारी, श्रीकांत मेहता, कामरेड इम्तियाज अंसारी, कामरेड तुलसी कुमार, कामरेड अनंत कुमार आर्या, सुनीता कुमारी, कामरेड मजीद अंसारी सहित कई वामपंथी एक आंदोलनकारी नेता शामिल थे।

### राष्ट्रव्यापी बंद के समर्थन में अखिल भारतीय किसान सभा और वाम दलों द्वारा हजारीबाग में चक्का जाम

- केन्द्र सरकार कॉरपोरेट और पूंजीपति वर्ग को लाभ पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है: भूवनेश्वर मेहता
- अखिल भारतीय किसान सभा मजदूरों के संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है: के.डी. सिंह




**हजारीबाग (आदिवासी एक्सप्रेस)।** केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 10 राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा राष्ट्रव्यापी बंद के समर्थन में बुधवार को हजारीबाग के जिला परिषद चौक (डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक) पर अखिल भारतीय किसान सभा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम), भाकपा माले और खतियानी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में एकजुट होकर चक्का जाम किया गया। इस चक्का जाम कार्यक्रम का नेतृत्व अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव के. डी. सिंह और प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने किया।

इस अवसर पर के. डी. सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ देशभर में 10 प्रमुख राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा भारत बंद का आह्वान किया गया। उन्होंने केंद्र सरकार से चार श्रम संहिता (लेबर कोड) को वापस लेने, सरकारी संस्थानों के निजीकरण पर रोक लगाने, और मजदूरों को उनके अधिकारों की गारंटी देने की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अखिल भारतीय किसान सभा मजदूरों के संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार मजदूरों द्वारा वर्षों के संघर्ष से प्राप्त अधिकारों को छीन रही है। उन्होंने कहा कि 8 घंटे काम और वाजिब मजदूरी जैसे मौलिक अधिकारों पर हमले हो रहे हैं, और सरकारी संस्थानों को निजी हाथों में सौंपकर रोजगार के अवसरों को समाप्त किया जा रहा है। यह नीति केवल कॉरपोरेट और पूंजीपति वर्ग को लाभ पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है।

# सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान: पेटो से तीसरा जत्था वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या और विंध्याचल के लिए हुआ रवाना

- सांसद मनीष जायसवाल और विधायक रोशन लाल सहित अन्य लोगों ने यात्रियों के पखरा पाँव, पुष्प वर्षा कर यात्रा के लिए किया रवाना



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा शुरू किए गए महत्वाकांक्षी सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत तीर्थयात्रियों का तीसरा जत्था आज बुधवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी प्रखंड अंतर्गत पेटो पंचायत से धूमधाम से रवाना हुआ। इस यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

पेटो स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू हुई इस पावन यात्रा को सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, लोकसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, बड़कागांव विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साव, बड़कागांव सांसद मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, केरेडारी सांसद प्रतिनिधि कर्मचारी साव, पिपरवार सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार, वरिष्ठ नेता प्रीतम साव, अमित गुप्ता, नरेश महतो, नारायण यादव, भाजपा नेता जुगनू सिंह, सुमन गिरी, मुखिया गुरुदयाल साव, उपेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, पंकज साहा, सुनील साव, अरविंद साव, रविन्द्र साव सहित दर्जनों गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर तीर्थयात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें विदा किया। इससे पूर्व सांसद मनीष जायसवाल, विधायक रोशन लाल चौधरी, लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू ने सांकेतिक रूप से पंच तीर्थयात्रियों के पांव पखार कर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया, जो भारतीय संस्कृति में सम्मान का प्रतीक है।

**भक्ति और उत्साह का दिखा अदभुत संगम:** भक्तिभाव में लीन सभी यात्रियों ने सांसद मनीष जायसवाल के इस अनूठे प्रयास की तहे दिल से सराहना की और आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने ढोल-तासे के साथ पुष्प-वर्षा कर यात्रियों को यात्रा के लिए शगुन करके रवाना किया, जिससे एक उत्सव का माहौल बन गया। सांसद सेवा कार्यालय की ओर से यात्रा में जाने वाले सभी तीर्थ यात्रियों को अल्पाहार के साथ एक कपड़े के थैले में फल और पानी बोतल उपलब्ध कराया गया, साथ ही सभी को अंग-वस्त्र भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

**तीसरे जत्थे में 65 तीर्थयात्री हैं शामिल:** तीसरे जत्थे में पेटो पंचायत के कुल 65 तीर्थयात्री शामिल हुए, जिनमें 60 तीर्थयात्री और 5 स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता हैं। ये सभी श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों वाराणसी, प्रयागराज (संगम), अयोध्या और विंध्याचल के दर्शन के लिए प्रस्थान किए हैं।

**महाअभियान लगातार है जारी, बढ़ रहा है दायरा:** यह जानना महत्वपूर्ण है कि इस महाअभियान का पहला जत्था हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत खपरियावाँ और नवादा पंचायत के तीन गांवों से कुल 180 तीर्थयात्रियों को धार्मिक यात्रा पर ले गया था। दूसरा जत्था मांडू विधानसभा क्षेत्र के विष्णुगढ़ प्रखंड के अचलजामु से 65 तीर्थ यात्रियों को भेजा गया था।

**सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान: क्षेत्रवासियों के तीर्थाटन का सपना हो रहा साकार**

केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के पेटो से इस यात्रा का श्री गणेश करते हुए, सांसद मनीष जायसवाल ने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में तीर्थयात्रा का एक लंबा और समृद्ध इतिहास रहा है, और सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्रवासियों के हित में इसे संजोने का प्रयास किया है। उनका मानना है कि इससे जरूरतमंद लोगों का तीर्थाटन का सपना साकार होगा और साथ ही हमारी सामाजिक व सांस्कृतिक एकता भी मजबूत होगी। सांसद मनीष जायसवाल ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे आप सभी को तीर्थ यात्रा में भेजने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, इसके लिए मैं ईश्वर के प्रति कृतार्थ हूं। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने भी सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास की स्वतंत्रता से प्रशंसा की और कहा कि मनीष जायसवाल ने एक जनप्रतिनिधि के रूप में जो बीड़ा उठाई है, वह सामाजिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र के लिए धरोहर साबित होगा।

उल्लेखनीय है कि यह महाअभियान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है जो उन्हें अपनी आस्था और संस्कृति से जुड़ने का एक अनुपम अवसर प्रदान कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### हिंदुस्तान ओलंपियाड में संत मरियम के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, चेयरमैन ने किया सम्मानित



**मेदिनीनगर।** बीते कुछ माह पहले हिंदुस्तान अखबार द्वारा आयोजित हिंदुस्तान ओलंपियाड में संत मरियम के सैकड़ो छात्रों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता की परिणाम की घोषणा आज की गई। हिंदुस्तान ओलिंपियाड द्वारा संत मरियम के चौथी वर्ग के छात्रा साक्षी कुमारी को 2100 रु का चेक के साथ अन्य 33 छात्र व छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।
मौके पर छात्रों को सम्मानित करते हुए विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि हिंदुस्तान ओलंपियाड में संत मरियम के छात्रों का शानदार प्रदर्शन सराहनीय है। इस विद्यालय के बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में अपने बुद्धिमता, कौशल एवं नेतृत्व क्षमता के माध्यम से उत्कृष्टता के साथ उन्नति कर रहें हैं। आगे इन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों को भाग लेने से वह अपने बौद्धिक क्षमता का आकलन कर अपने प्रयास को और भी प्रगाढ़ कर पाते हैं। उक्त मौके पर विद्यालय के उप-प्राचार्य एस. बी. साहा, समन्वयक एकता सहाय, समेत समस्त शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

### उंटारी सीओ ने अवैध छरी लदा ट्रैक्टर किया जब्त



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**उंटारी रोड, पलामू।** जिले के उंटारी रोड सीओ बासुदेव राय ने बुधवार की शाम अवैध छरी लदा ट्रैक्टर ज़ब्त कर थाने को सुपुर्द किया सीओ ने बताया कि ज़ब्त ट्रैक्टर के मामले मे अग्रेतर कार्रवाई के लिए खनन विभाग को भेज दिया गया है उन्होंने बताया कि लगातार सूचना सूचना मिल रही थी कि आसपास के क्षेत्रों से अवैध छरी की ढुलाई की जाती है जबकि उपायुक्त ने इस दिशा में सख्त निर्देश जारी किया है ताकि किसी भी थाना क्षेत्र मे अवैध खनन या कारोबार न हो सीओ राय ने कहा कि अवैध कारोबार के विरुद्ध आगे भी कारवाई जारी रहेगा ताकि कोई अवैध उत्खनन कार्य करने की हिम्मत नहीं जुटा पाए।

### झामुमो नेता संजीव बेदिया ने जानकी यादव को झा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष बनने पर दी बधाई



**बड़कागांव संवाददाता**
**बड़कागांव।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह जिला अध्यक्ष हजारीबाग संजीव कुमार बेदिया,केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह ने पूर्व विधायक जानकी यादव को झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दिया है।
श्री बेदिया ने कहा झारखंड पूर्व विधायक जानकी यादव को झारखंड राज्य पिछड़ा पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनायें जाने से हजारीबाग जिला के तमाम पिछड़ा वर्गो के लोगों के जन समस्याओं को आसानी से समाधान होगा । बधाई देने वाले में से झामुमो जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, झामुमो मीडिया प्रभारी सह जिला सोशल आइटी सेल सदस्य संजय भुईयां प्रखंड सचिव सरोज मेहता प्रखंड कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम, शंकर साव, फालेंद्र गंझु, चिंतामन गंझु, नंदकिशोर भुईयां, गणेश राम,मोती भुईयां, दीपन साव, सुरेश यादव, बसंत ठाकुर, रामचंद्र भुईयां, रामवृक्ष भुईयां, गुलाब राम, इसके अलावा लोगों ने दी बधाई।

### वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** राजमहल थाना क्षेत्र के मंगलहाट एचपी गैस गोदाम के पास निर्माणाधीन फोरलेन सड़क पर बुधवार को एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार खोजपाड़ा निवासी तजरुद्दीन शेख का 19 वर्षीय पुत्र मोतलीम रजा निजी काम से राजमहल से मंगलहाट जा रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह बीच सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

# गौरव ने नीट की परीक्षा पास कर छतरपुर का मान बढ़ाया है: अरविंद

## मदनपुर निवासी नन्दू प्रसाद के दोनों बेटे बनेंगे डॉक्टर



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**छतरपुर, पलामू।** कड़ी लगन और समर्पण से कोई भी उपलब्धि हासिल की जा सकती है ये कर दिखाया है छतरपुर नगर पँचायत के मदनपुर निवासी नन्दू प्रसाद के दोनों बेटों ने जो डॉक्टर बनेंगे। नन्दू प्रसाद किसान हैं। हाल ही में प्रकाशित नीट के रिजल्ट में गौरव प्रसाद गुप्ता ने सफलता हासिल की है उन्हें ऑल इंडिया 16792 रैंक मिला है वहीं कटेगरी रैंक 7432 है। वहीं नन्दू प्रसाद जी के दूसरे बेटे नितेश कुमार भी फिलहाल एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर एमएमसीएच पलामू से इंटर्नशिप कर रहे हैं। गौरव के नीट क्वालीफाई करने की सूचना मिलते ही सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द गुप्ता चुनमून ने गौरव से मुलाक़ात कर उन्हें अंगवस्त्र, डायरी और पेन देकर उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरव की मां गृहणी हैं वहीं इस मौके पर उपस्थित गौरव के पिता नन्दू प्रसाद ने बताया कि उन्होंने बड़े ही संघर्षो के साथ अपने दोनों बेटों की परवरिश की है और मुझे इस बात की खुशी है कि उनके दोनों बेटे डॉक्टर बन कर उनका और इलाके का मान बढ़ाएंगे। गौरव ने कहा कि उनकी इच्छा एमजीएम जमशेदपुर से एमबीबीएस करने की है, बताया कि नीट की परीक्षा पास करने के लिए उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई कर यह उपलब्धि हासिल की है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद ने कहा कि इलाके के लिए गर्व की बात है कि एक ही परिवार के दो सगे भाई डॉक्टर बनेंगे। उन्होंने कहा कि इलाके के युवाओं को इनसे प्रेरणा लेकर हौसले के साथ पढ़ाई करनी चाहिए कठिन परिश्रम और लगन से की गई पढ़ाई कभी बेकार नहीं जाती है और नन्दू प्रसाद जी के दोनों बेटे इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। अरविन्द ने कहा कि आज भी छतरपुर के इलाके में अशिक्षा कायम है, सही रास्ता नहीं मिलने से युवा रास्ता भटक रहे हैं , शिक्षा को ही माध्यम बनाया कर इलाके की तस्वीर बदली जा सकती है।
इस मौके पर हाल ही में सरकारी शिक्षक बनने जा रहे मदनपुर मध्य विद्यालय के पारा शिक्षक नरेश पासवान जी भी मौजूद थे, उन्होंने भी इस उपलब्धि के लिए गौरव की सराहना की।

# ट्रैक्टर चोरी के दो आरोपियों को उंटारी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

- मोबाइल डिटेल के सहारे आरोपियों तक पहुंची पुलिस
- झारखंड से ट्रैक्टर चोरी कर बिहार ले जाकर बेचते हैं चोर - उंटारी थाना क्षेत्र से नवम्बर 2024 में एक सप्ताह के भीतर दो ट्रैक्टर की हुई थी चोरी



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- मोहम्मद शमीम**
**उंटारी रोड, पलामू।** जिले के पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देशानुसार जिले के उंटारी रोड थाने के पुलिस ने नौ माह पहले चोरी गयी ट्रैक्टर के दो आरोपियों को बिहार के शेरघाटी व मगध मेडिकल कॉलेज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है इस मामले में अभी भी दो आरोपी पुलिस के गिरफ्त से बाहर हैं। उंटारी रोड थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे ने बताया कि नवम्बर 2024 में एक सप्ताह के भीतर भीतिहारा गांव के रणजीत चंद्रवंशी व डेवडर के सुदामा राम का ट्रैक्टर की चोरी हुई थी। ट्रैक्टर चोरी कर ले जाने के क्रम में छतरपुर के निकट तेल खत्म गया तब चोरों ने अपने मोबाइल से पेट्रोल पंप पर डीजल लिया था। उसी कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस चोरों तक पहुंच गई। इस मामले में चार लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी हुई है। इसके पहले भी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी की थी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी थीं। इस बार उंटारी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे व एएसआई जेवियर मिंज के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी पर बिहार के शेरघाटी थाने के कुशा गांव नामजद आरोपी तेतर कुमार और मगध मेडिकल कॉलेज थाने के नीमा गांव से अंकुश कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। दोनों आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपनी जुर्म कुबूल करते हुए बताया है कि एक ट्रैक्टर को कबाड़ा में बेच दिया है जबकि दूसरे को एक व्यक्ति के हाथ बेचा है। हालांकि अभी चोरी हुई ट्रैक्टर बरामद नहीं हुई है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में अभी भी दो आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। थानाप्रभारी ने अन्य दो आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार करने का दावा किया है।

### मुरपा पुलिस पिकेट के पास से मिला अज्ञात बालक, चाइल्डलाइन ने किया रेस्क्यू



**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत मुरपा पुलिस पिकेट के पास से एक अज्ञात बालक मिला है, जिसकी उम्र लगभग दस वर्ष बताई जा रही है। पिकेट प्रभारी द्वारा दी गई सूचना के आधार पर चाइल्डलाइन लातेहार की टीम ने तत्परता दिखाते हुए बालक को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। वर्तमान में उक्त बालक को रोज बाल गृह में रखा गया है, जहां उसकी देखभाल की जा रही है। संबंधित अधिकारियों ने अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को इस बालक के बारे में कोई जानकारी हो तो वे तुरंत जिला बाल संरक्षण कार्यालय, लातेहार से संपर्क करें,ताकि बालक को उसके परिवार से मिलाया जा सके। संपर्क पता- जिला समाहरणालय परिसर, विकास भवन,प्रथम तल्ला, जिला बाल संरक्षण कार्यालय, पानी टंकी के समीप,लातेहार। अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि कोई भी जानकारी होने पर तुरंत साझा करें, ताकि बच्चे को उसका परिवार मिल सके और उसे सुरक्षित भविष्य दिया जा सके।

### झारखंड के सात राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू




**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**
**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य के सात राजनीतिक दलों को निबंधित राजनीतिक दलों की सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आयोग के निर्देश पर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने इन दलों को शपथपत्र देने को कहा है।इनमें देवघर के भारत विकास मोर्चा, पलामू के भारतीय जन मुक्ति पार्टी और मानव मुक्ति मोर्चा, गढ़वा के नवजवान संघर्ष मोर्चा एवं रांची के जनसाधारण पार्टी, झारखंड विकास दल एवं राष्ट्रीय मजदूर किसान प्रजातांत्रिक पार्टी सम्मिलित हैं।
**कई पार्टियों का अस्तित्व समाप्त :** इन दलों ने पिछले छह वर्षों से लोकसभा या विधानसभा चुनाव या कोई उप चुनाव में भाग नहीं लिया है। इनमें से कई का अस्तित्व समाप्त हो गया है। इन दलों को राजनीतिक दलों की सूची से हटाने के क्रम में आयोग से निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिया गया है।
**पार्टियों को लिखित पक्ष देने का नोटिस :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय दलों के अध्यक्ष या महा सचिव को पार्टी के तरफ से शपथ पत्र सहित लिखित पक्ष देने का नोटिस भेजा गया है। इसके लिए 15 जुलाई की अंतिम समय सीमा निर्धारित की गई है।
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा 22 जुलाई को पूर्वाह्न 11.00 बजे सुनवाई के लिए तिथि एवं समय भी निर्धारित की गई है।इसकी सूचना राजनीतिक दलों को आयोग द्वारा पंजीकृत पत्राचार के पते पर भेजी गई है। साथ ही इसकी जानकारी विभिन्न मीडिया के माध्यम से भी दी गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने उक्त सभी राजनीतिक दलों के प्राधिकृत प्रतिनिधियों से इस संबंध में समय पर वांछित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है ताकि समय पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

# हुसैनाबाद विधायक ने किया उच्च विद्यालय के अतिरिक्त वर्ग कक्ष का शिलान्यास

## प्राथमिकता के आधार पर किये जा रहे हैं विकास कार्य: संजय यादव



**आदिवासी एक्सप्रेस/ लालू कुमार यादव**
**हुसैनाबाद पलामू-** हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने मंगलवार को मोहम्मदगंज प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज में झारखंड राज्य शिक्षा परिषद द्वारा स्वीकृत 10 अतिरिक्त वर्ग कक्ष का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया।शिलान्यास कार्यक्रम में आयोजित सभा मे विधायक श्री यादव ने कहा कि क्षेत्र की जनता जिस उम्मीद के साथ अपार जनसमर्थन दिया है, उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता मजबूत करने का निर्देश मौके पर उपस्थित शिक्षकों को दिया। मोहम्मदगंज के ग्रामीणो ने विश्वकर्मा महादेव मंदिर के चारदीवारी बनाने के लिए ,विद्यालय के छात्र छात्राओं ने विद्यालय में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था कराने, वही युवा राजद नेता सिद्धार्थ कुमार ने मोहम्मदगंज रविवारीय बाजार के पास से गवर्नर रोड कोयल नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण का पहल करने से सम्बंधित ज्ञापन सौपा। विधायक श्री यादव ने प्राथमिकता के आधार सभी कार्यो को पूरा करने की बात कहे। सभा का संचालन प्रखंड अध्यक्ष पचू रजवार और संचालन अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद अहमद ने किया। इस मौके पर युवा नेता रवि यादव, गणेश मेहता, मनोज सिंह, बालेश्वर यादव, सूर्यदेव यादव, प्रभु यादव, कलामुद्दीन खान, वशीर खान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रामबचन बैठा ,झामुमो नेत्री रानी देवी ,विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह,शिक्षक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### हाथियों से प्रभावित किसानो के लिए सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार ने मुआवजा की मांग की



**बड़कागांव संजय कुमार**
**बड़कागांव।** प्रखंड के कई गांव में 15 दिनों से हाथियों ने तबाही मचा रखी है। लोगों की मकान को हाथी तोड़ रहे हैं , फसलों को खा जा रहे बर्बाद कर दे रहे हैं। जिसके कारण किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए मुखिया संघ अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार ने कहा बड़कागांव प्रखण्ड में हाथियों की झुंड विगत कई दिनों से में डेरा जमाए हुए है ,जिसमें जोराकाठ, गोंदलपुरा, रावतपारा, गंगादोहर ,हरली, पंडरिया एवं कांडतरी के अलावा व कई गांव में किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण किसान काफी हताश हैं।
अब तक लगभग 58 मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा लगभग 278 किसानों के खेतों में लगी फसलों को पूर्ण रूप से नष्ट कर दिया है। बड़कागांव अंचलाधिकारी, वन विभाग से अनुरोध है कि जितना जल्दी हो सके लोगों को मुआवजा दिया जाए। ताकि पूर्व की तरह लोग पुनः गुजर बसर कर सके।

# अन्नदा महाविद्यालय, हजारीबाग का 46वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** अन्नदा महाविद्यालय, हजारीबाग का 46वां स्थापना दिवस बुधवार 09 जुलाई को महाविद्यालय परिसर में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ नीलमणि मुखर्जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव डॉ. सजल मुखर्जी, विशिष्ट अतिथि के रूप में शासी निकाय के अध्यक्ष श्री मनोज सेन उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि अन्नदा महाविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है और यह क्षेत्र के युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि भविष्य में महाविद्यालय को उच्चतर शिखर पर पहुँचाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा आप सभी अन्नदा परिवार के सदस्य हैं और एक परिवार के सदस्य की भांति आप सभी व्यवहार करें।
अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ नीलमणि मुखर्जी ने महाविद्यालय की 46 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संस्था न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि सांस्कृतिक, खेलकूद तथा सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी रही है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का आगामी लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास पर विशेष बल देना है। उन्होंने अपने उद्बोधन में पूर्व से वर्तमान के सभी लोगों की भूमिकाओं का जिक्र करते हुए महाविद्यालय के उन्नति के लिए सामूहिक प्रयास करने की बात कही। साथ ही अग्रिम पीढ़ी को उत्तरदायित्व के साथ जिम्मेवारी लेनी की बात कही और विश्वास दिलाया कि हर कदम पर महाविद्यालय आपके साथ हैं। विशिष्ट अतिथि श्री मनोज सेन ने कहा कि अन्नदा महाविद्यालय आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है जो इसकी गतिशीलता को प्रमाणित करती है। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इसके उपरांत वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ बादल रक्षित ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैं इस महाविद्यालय से छात्र जीवन से ही जुड़ा हूं और आज गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि एक शिक्षक के रूप में इस महाविद्यालय में योगदान दे रहा हूं। छात्र जीवन से लेकर आज तक के महाविद्यालय में जो सारे परिवर्तन हुए हैं उसका साक्षी रहा हूं और विश्वास के साथ कहता हूं कि महाविद्यालय सतत अपने प्रगति की ओर अग्रसर है।

# सारंडा जंगल में एक और हाथी का बच्चा हुआ घायल, IED विस्फोट घायल हाथी को बचाने में जुटी वन विभाग की टीम



**क्राइम संवाददाता द्वारा**
**चाईबासा:** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में एक और हाथी के बम विस्फोट में घायल हो गया है।इसको लेकर वन विभाग सतर्क हो गयी है। ताजा मामले में जानकारी मिली है कि तिरिल पोशी चेक डैम के पास एक हाथी के बच्चे को घायल अवस्था में पाया गया है। जिसकी पुष्टि सारंडा वन प्रमंडल के डीएफओ अभिरूप सिन्हा ने कर दी है।
दरअसल एक दिन पहले ही एक हाथी के बच्चे कि इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। वह हाथी का बच्चा भी बम विस्फोट की चपेट में आया था और दस दिन बाद इलाज के दौरान उसकी मौत गयी थी। अब एक और हाथी के बच्चे के बम विस्फोट से घायल होने की खबर ने वन विभाग की नींद उड़ा दी है।
प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार इस बार हाथी का बच्चा जमीन में लगाये गए आईईडी विस्फोट में घायल हुआ है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि करने नहीं की गई है। विभाग की ओर से मामले की जांच की जा रही है। सारंडा डीएफओ अभिरूप सिन्हा ने घायल हाथी के बच्चे को ट्रेस कर लिए जाने की बात बताई है। वेटनरी विशेषज्ञों की टीम की टीम उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।
सारंडा में हाथी नक्सलियों की ओर से बिछाए गए आईईडी की चपेट में आ रहे है। जिससे वह घायल हो रहे है। समुचित इलाज नहीं होने की वजह से उनकी मौत हो रही है। वन विभाग के लिए यह गंभीर विषय बना हुआ है। ऐसे में नक्सलियों की ओर से बिछाए गए आईईडी को हटाने के बाद ही जंगली जानवर सुरक्षित रह सकते हैं।
नक्सलियों के खिलाफ पुलिस विशेष अभियान भी चला रही है। सैकड़ो की संख्या में लैंड माइंस को भी हटाया गया है। बावजूद इसके कई लैंड माइंस अभी भी सारंडा इलाके में बिछे हुए हैं। उसे पूरी तरह से हटाने की जरूरत है। जहां नक्सलियों की सफाए के लिए अभियान जारी है। वहीं लैंड माइंस को भी हटाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाना जरूरी हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनजातीय न्याय और ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर में ग्रामीण लाभुकों ने स्वच्छता बनाये रखने की ली शपथ



**आदिवासी एक्सप्रेस प्रतिनिधि**
**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़ )।** प्रखंड के तालझारी व बिचामहल पंचायत भवन में बुद्धवार को प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान व धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में सीमलजोड़ी और लेटबाड़ी ग्राम के ग्रामीणों के लिए विधवा पेंशन, आधार कार्ड, स्वास्थ्य विभाग एवं सिकल सेल जाँच, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति, आय, स्थानीय प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम-किसान, जन-धन खाता, दिव्यांग पेंशन , प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, विश्वकर्मा योजना के लिए आवेदन प्राप्त किए गये। शिविर में उपस्थित लोगों को स्वच्छता और नशा मुक्ति के प्रति शपथ भी दिलायी गयी।

मौके पर प्रखंड कल्याण/कृषि पदाधिकारी के.सी.दास,मुखिया लिली मुर्मू, समीर किस्कू पंचायत सचिव अमित महतो, इसलाम शेख, दोनों पंचायत के वार्ड सदस्य सहित सैकड़ों ग्रामीण लाभुक मौजूद थे।

### एसपी ने किया अमड़ापाड़ा थाना का औचक निरीक्षण



**सौरभ भगत**
**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता अमड़ापाड़ा**
**अमड़ापाड़ा (पाकुड़)** एसपी निधि द्विवेदी ने बुधवार को अमड़ापाड़ा थाना का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण से पूर्व थाना परिसर में एसपी निधि द्विवेदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।एसपी ने थाना में लंबित कांडों की समीक्षा की और निष्पादन करने का निर्देश पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा को दिया। वहीं थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराध पर नियंत्रण रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाने को कहा। थाना के कार्यालय कक्ष में स्टेशन डायरी,दागी पंजी,सीडी पार्ट तीन सहित सीमावर्ती थाना क्षेत्रों के अपराधियों की विवरणी के अतिरिक्त अन्य संचिकाएं एवं पंजीयों का संधारण को अप टू डेट रखने को कहा।साथ ही थाना परिसर को साफ़ सफाई रखने का निर्देश दिया।एसपी ने कहा थाना में आए कोई भी व्यक्ति या फिर कोई भी फरियादी के साथ अच्छा बर्ताव करें। मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा,एसआई पप्पू कुमार,एसआई सनी सुप्रभात, एएसआई आशीष कुमार राम, सुरेश गोप सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व पुलिस जवान मौजूद थे।

### महेशपुर थाना का पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**
**महेशपुर (पाकुड़)** बुधवार को पुलिस अधीक्षक पाकुड़ द्वारा महेशपुर थाना का औचक जांच किया गया। जांच के दौरान थाना में संधारित संचिकाओं/पंजीयों का संधारण/रख रखाव की जांच की गई। थाना पंजी/संचिकाओं को अद्यतन नहीं पाए जाने पर थाना प्रभारी को भविष्य के लिए सचेत करते हुए सभी अभिलेखों को अद्यतन करने का निर्देश दिया गया। थाना क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण रखने तथा विधि व्यवस्था संधारण के संदर्भ में भी आवश्यक दिया निर्देश दिया गया। थाना भवन की साफ सफाई नहीं पाए जाने पर थाना प्रभारी को भविष्य के लिए हिदायत करते हुए थाना परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का भी आदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त महेशपुर थाना क्षेत्र स्थित सोनारपारा खनन चेकपोस्ट का औचक जांच किया गया। जांच के दौरान चेकपोस्ट पर उपस्थित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया गया कि बिना माइनिंग चालान के अथवा बिना जांच किए एक भी खनिज लदा वाहन चेकपोस्ट से पार नहीं होने दे।

### समीक्षात्मक बैठक में बीडीओ ने क्षेत्रीय कर्मियों के साथ की बैठक दिये कई निर्देश



**सुस्मित तिवारी**
**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** शनिवार को प्रखंड के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने क्षेत्रीय कर्मियों के साथ बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड के तेरह पंचायतों में पूर्ण किये गये प्रति पंचायत में तीस-तीस पीएम-जनमन आवास में शौचालय निर्माण करने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड के तेरह पंचायतों मे 695 आवास पूर्ण है जिसमें शौचालय का निर्माण कराया जाना है। साथ ही प्रति पंचायत 10-10 की संख्या में बिरसा आवास के लाभुकों के आवास में शौचालय का निर्माण कराया जाना है। उक्त दोनों प्रकार आवास के लाभुकों का आधार और बैंक पासबुक का छाया प्रति सहित सूची त्वरित जमा करने और लंबित बिरसा आवास को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिये। वहीं प्रखंड के सभी पंचायत भवनों के कार्यालय में तीन कमरा चिन्हित कर मैया कक्ष, ऊर्जा कक्ष और स्वक्छता कक्ष व्यवस्थित करने का निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालय के आसपास स्वक्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। अधूरे आंगनबाडी केंद्रों को शीघ्र पूरा करने के लिए सभी कनीय अभियंता सहायक अभियंता को निर्देश दिया। साथ ही पंचायतों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों को दिये गए व्यक्तिगत और सामूहिक लाभ और अवस्थीत सरकारी भवनों का डाटा बेस तैयार करने का भी निर्देश दिये।

# अभाविप ने मनाया 77 वां स्थापना दिवस, स्थापना दिवस पर ABVP ने किया 400 प्रतिभावान विद्यार्थियों सम्मानित

● अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों की प्रथम , प्रखर और सबसे प्रमुख आवाज है - नीलेश कटारे

● ABVP के 77वां स्थापना दिवस समारोह में दुमका के प्रतिभाओं को किया सम्मानित




**ललित कुमार पाल की रिपोर्ट**
**दुमका।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का 77वां स्थापना दिवस दुमका जिले के अग्रसेन भवन में पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री नीलेश कटारे , दुमका के पुलिस उपाधीक्षक (DSP) आकाश भारद्वाज, जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार , व्यवसायी मनोज सिंघानिया, जिला संयोजक अभिषेक गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

एबीवीपी के 77 वर्षों की गौरवगाथा को छात्रों के समक्ष रखते हुए झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री श्री नीलेश कटारे ने 77 वर्षों की यात्रा का विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने कहा, 1949 में स्थापित एबीवीपी आज देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। यह संगठन न केवल छात्र समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करता है, बल्कि युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सेवा और नेतृत्व के गुण भी विकसित करता है।

उन्होंने यह भी कहा कि एबीवीपी का उद्देश्य केवल कॉलेज परिसरों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज निर्माण की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे संगठित होकर सामाजिक और शैक्षणिक परिवर्तन की दिशा में कार्य करें। उन्होंने बताया कि एबीवीपी ने हमेशा भ्रष्टाचार, अनुशासनहीनता और शिक्षा में गिरावट के खिलाफ आवाज़ उठाई है।

अंत में, झारखंड प्रदेश संगठन मंत्री ने उपस्थित सभी छात्रों और अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जोड़ें और उन्हें जागरूक, जिम्मेदार तथा संस्कारवान नागरिक बनाने में सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि छात्र जीवन केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि सामाजिक कार्यों, नेतृत्व विकास और राष्ट्र सेवा के लिए भी यह सर्वोत्तम समय है।

कार्यक्रम के मुख अतिथि डीएसपी आकाश भारद्वाज करियर और अनुशासन पर विचार रखते हुए कहा कि अनुशासन, मेहनत और स्पष्ट लक्ष्य के माध्यम से वे अपने जीवन में सफलता पा सकते हैं। उन्होंने कहा, सरकारी सेवा, विशेष रूप से पुलिस सेवा, समाज में बदलाव लाने का एक मजबूत माध्यम है। इसके लिए छात्रों को तैयारी के साथ-साथ मानसिक और नैतिक रूप से भी मजबूत होना होगा। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के तरीकों, टाइम मैनेजमेंट और मानसिक संतुलन बनाए रखने के टिप्स भी साझा किए। साथ ही, उन्होंने कहा कि छात्र अपने जीवन में सकारात्मक सोच और राष्ट्रप्रेम को अपनाएं, तभी वे सच्चे अर्थों में समाज के लिए उपयोगी नागरिक बन सकते हैं।

खेल अधिकारी ने खेलों में करियर की संभावनाओं पर रोशनी डालते हुए वक्तव्य में बताया कि आज खेल केवल एक शौक नहीं, बल्कि एक सशक्त करियर विकल्प बन चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और सुविधाओं के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का अवसर मिल रहा है।

उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे खेलों को भी गंभीरता से लें और उनमें अपना भविष्य तलाशें। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि खेलों से ना केवल शारीरिक विकास होता है बल्कि नेतृत्व, टीमवर्क और मानसिक मजबूती जैसे गुण भी विकसित होते हैं।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मनोज सिंघानिया ने अपने विचार रखते हुए युवाओं से समाज और राष्ट्र के कार्य मे लगने का आव्हान किया।

इसके पश्चात एबीवीपी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं और छात्रों को सम्मानित भी किया गया। इस सम्मान समारोह ने छात्रों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार किया।

कार्यक्रम का संचालन कु. स्वाति राज ने किया एवं आभार जिला संयोजक अभिषेक गुप्ता ने व्यक्त किया। इस अवसर पर दुमका विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे , नगर सह मंत्री विशाल गुप्ता, अमन सह, विवेक धर, नगर कार्यकारिणी सदस्य अनूप दत्ता, गौतम मोदी , करण कुमार, उदय कुमार, खेल संयोजक आदित्य जोशी, सोशल मीडिया प्रमुख शिवम् जायसवाल, sfd प्रमुख शुभम कुमार गुप्ता, आदित्य कुमार, मनीष मंडल, हेमंत ठाकुर अफशान खान, मोनिका कुमारी, नेमत कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक, समाजसेवी उपस्थित रहे।

# दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन प्रदान कर रहा है ज्योतिर्गमय कार्यक्रम



**ललित कुमार पाल की रिपोर्ट।**
**दुमका।** दिनांक 09/07/2025 को बिरसा दिव्यांग समिति के क्षेत्रीय कार्यालय तान्या कम्प्यूटर सेन्टर भागलपुर रोड दुमका , झारखंड में सबल (टाटा स्टील फाउंडेशन) एवं सक्षम दिल्ली के सौजन्य से दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं के बीच एक्सेसिबल स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष प्रियतम कुमार सिंह एवं रोहित कुमार मोदी के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ज्योतिर्गमय कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है।

इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक छात्र को बाजार मूल्य लगभग 16,000 वाले सैमसंग स्मार्टफोन के साथ 1,200 मूल्य का वायरलेस ब्लूटूथ कीबोर्ड और चार्जर एडेप्टर भी प्रदान किया गया। कुल मिलाकर प्रत्येक किट की अनुमानित लागत 17,000 है, जिसे दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को केवल 5,100 की रियायती दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

कार्यक्रम के राज्य समन्वयक एवं दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ता अजीत कुमार ने बताया कि,

तकनीक दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। इससे न केवल उनके पठन-पाठन में सहूलियत हो रही है, बल्कि उनके आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने की दिशा में भी यह एक सशक्त उपकरण सिद्ध हो रहा है।उन्होंने छात्रों को समय प्रबंधन एवं स्वयं अनुशासन विकसित करके अपने भविष्य के लिए अच्छी तरह से पढ़ाई करने का आहवान किया ताकि वह स्वालंबी बन सके।

पूरे झारखंड में इस चरण के अंतर्गत कुल 45 दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे हैं, जिनमें से दुमका जिले से भी पाँच छात्र-छात्राएं शामिल हैं।

इस आयोजन में स्थानीय संस्था ÷बिरसा दिव्यांग समिति÷ का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने लाभार्थियों के चयन से लेकर आयोजन की व्यवस्था तक में सराहनीय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में दुमका प्रखण्ड के विशेष शिक्षक अजीत पाठक , बिरसा दिव्यांग समिति के कोषाध्यक्ष प्रियतम कुमार सिंह, अध्यक्ष नीतीश कुमार, संरक्षक रवि रंजन रोहित कुमार मोदी ,उपेंद्र राय , तान्या कम्प्यूटर सेंटर के शिक्षक विवेक कुमार सिंह, रवि हाँसदा , अन्द्रयास टुडू, हेमन्त दास, संजीव मुर्मू, अमित सोरेन, बाबुधन हाँसदा, काजल कुमारी सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# समीक्षात्मक बैठक में बीडीओ ने क्षेत्रीय कर्मियों के साथ की बैठक दिये कई निर्देश



**आदिवासी एक्सप्रेस प्रतिनिधि**
**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।**
शनिवार को प्रखंड के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने क्षेत्रीय कर्मियों के साथ बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड के तेरह पंचायतों में पूर्ण किये गये प्रति पंचायत में तीस-तीस पीएम-जनमन आवास में शौचालय निर्माण करने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड के तेरह पंचायतों मे 695 आवास पूर्ण है। जिसमें शौचालय का निर्माण कराया जाना है।

साथ ही प्रति पंचायत 10-10 की संख्या में बिरसा आवास के लाभुकों के आवास में शौचालय का निर्माण कराया जाना है। उक्त दोनों प्रकार आवास के लाभुकों का आधार और बैंक पासबुक का छाया प्रति सहित सूची त्वरित जमा करने और लंबित बिरसा आवास को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिये। वहीं प्रखंड के सभी पंचायत भवनों के कार्यालय में तीन कमरा चिन्हित कर मैया कक्ष, ऊर्जा कक्ष और स्वक्छता कक्ष व्यवस्थित करने का निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालय के आसपास स्वक्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। अधूरे आंगनबाडी केंद्रों को शीघ्र पूरा करने के लिए सभी कनीय अभियंता सहायक अभियंता को निर्देश दिया। साथ ही पंचायतों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों को दिये गए व्यक्तिगत और सामूहिक लाभ और अवस्थीत सरकारी भवनों का डाटा बेस तैयार करने का भी निर्देश दिये।



**देवघर पत्रकार राजा कुमार का रिपोर्ट**
आज दिनांक 09.07.2025 को माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, परिवार कल्याण, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, आपदा प्रबंधन विभाग डॉ0 इरफान अंसारी के अध्यक्षता में राजकीय श्रावणी मेला, 2025 में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य सुविधा, खाद्य आपूर्ति व आपदा प्रबंधन को लेकर की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक देवघर परिसदन सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी/आपदा प्रबंधन/खाद्य सुरक्षा से संबंधित कार्यों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से तैयारी के बारे में बताया, जिसपर माननीय मंत्री ने पूर्णतः संतुष्टि जाहिर की।

**स्वास्थ्य मंत्री द्वारा श्रावणी मेला के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई......**

श्रावणी मेला के अवसर पर माननीय मंत्री स्वास्थ्य विभाग डॉ0 इरफान अंसारी द्वारा बैठक के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने अस्थायी चिकित्सालयों, प्राथमिक उपचार केंद्रों, एंबुलेंस व्यवस्था तथा दवाओं की उपलब्धता का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की चिकित्सा सहायता में कोई कठिनाई न हो।

समीक्षा के दौरान माननीय मंत्री ने स्वच्छता, पीने के पानी की व्यवस्था तथा आपातकालीन चिकित्सा सुविधा की भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

माननीय मंत्री जी द्वारा जानकारी दी गयी कि श्रावणी मेला में आगंतुक श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इस हेतु पूरे मेला क्षेत्र में 32 अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया है। इसके अलावे जिले के सभी सरकारी व निजी अस्पतालों में बेड की संख्या को बढ़ाया गया है। साथ ही पूरे मेला क्षेत्र में 41 एम्बुलेंसों को अलग-अलग जगहों पर रखा गया है एवं 160 डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति विभिन्न पालियों में की गई है। आगे उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला, 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इस हेतु राज्य सरकार व जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। इस हेतु 300 स्पेशल तरह के दवाओं को मंगाया गया है, ताकि किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से आसानी से निपटा जा सके। देवघर एम्स को पूरी तरह तैयारी में रहने को कहा गया है।

**आपदा प्रबंधन एक जटिल व महत्वपूर्ण कार्य जिसे बेहतर तरीके से अंजाम दिया जाएगा-माननीय मंत्री........**

माननीय मंत्री डॉ0 इरफान अंसारी ने कहा कि श्रावणी मेला जैसे बड़े आयोजन में आपदा प्रबंधन एक जटिल और महत्वपूर्ण कार्य होता है। इस दौरान हमारा यह कर्तव्य बनता है कि यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम व सुरक्षित जलार्पण सुनिश्चित करा सके। राज्य सरकार व जिला प्रशासन श्रावणी मेला 2025 में आगंतुक श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधा व किसी भी अप्रत्याशित घटना से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। साथ ही इनके द्वारा यह भी जानकारी दी कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में एनडीआरएफ की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। जो किसी भी आपदा के परिस्थिति से निपटने हेतु तैयार रहेंगे।

बैठक में उपरोक्त के अलावे माननीय विधायक देवघर श्री सुरेश पासवान, माननीय विधायक सारठ श्री उदय शंकर सिंह, माननीय विधायक जरमुण्डी श्री देवेन्द्र कुंवर, निदेशक अभियान (एन0एच0एम) श्री शशी प्रकाश झा, एम डी कॉरपोरेशन श्री अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक श्री अजीत पीटर डुंगडूग, उपविकास आयुक्त श्री पियुष सिन्हा, एम्स देवघर के निदेशक श्री सौरभ वार्ष्णेय, नगर आयुक्त श्री रोहित सिन्हा, अपर समाहर्ता श्री हीरा कुमार, सिविल सर्जन देवघर डॉ युगल किशोर चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी श्री रवि कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

# झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने 6 महीनों से वेतन नहीं मिलने का ज्ञापन माननीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को सौंपा

**देवघर पत्रकार राजा कुमार का रिपोर्ट**
आज दिनांक 09/07/2025 को झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ देवघर शाखा के जिला सचिव के अरुण यादव एवं जिला कोषाध्यक्ष सह महासंघ सह संजोयक सौरव कुमार के अगुवाई में जिला अंतर्गत सभी 2211 हेड के स्वास्थ्य कर्मचारी लोग के वेतन भुगतान संबंधित समस्या के लिए माननीय स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया ,बता दे कि स्वास्थ्य कर्मचारियों का 2211 हेड का वेतन समस्या कई वर्षों से होता आया है अभी भी इस वित्तीय वर्ष में 4 माह से वेतन भुगतान नहीं हो पाया है, जिससे कि कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति काफी बिगड़ चुकी है एवं भुखमरी की स्थिति छाई हुई है, एवं dmtf के anm साथी जिनको हटा दिया गया है,और 1 वर्ष के अनुबंध सेवा से कार्यरत कर्मचारी जिनका मार्च से वेतन भुगतान नहीं हुआ है एवं विभिन्न तरह अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों की परेशानी को लेकर जिला के सभी प्रखंड से आई हुए anm एवं स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद थे जिनमें शालिनी कुमारी महिला प्रकोष्ठ, उषा शर्मा, कुसुमलता, सीता , सरिता, ललिता, भुनेश्वरी, शांति, पिंकी, राखी, धनंजय, मिथलेश, शैलेश, शीला जी dmtf रिंकू कुमारी, सुनीता मुर्मू, सुनीता, लाखों कुमारी, श्वेता ,प्रीति आदि कर्मचारी मौजूद थे।

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सी0डब्ल्यू0 सी0 के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड कांग्रेस प्रभारी के0 राजू का तीन दिवसीय झारखंड दौरा पर दिल्ली से देवघर एयरपोर्ट पर आगमन हुआ



**देवघर पत्रकार राजा कुमार**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सी0डब्ल्यू0 सी0 के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड कांग्रेस प्रभारी के0 राजू का तीन दिवसीय झारखंड दौरा पर दिल्ली से देवघर एयरपोर्ट पर आगमन हुआ। प्रभारी के साथ ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह तथा पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख भी दिल्ली से देवघर एयरपोर्ट पर पहूंचे। झारखंड आगमन पर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष सह-राज्य समन्वय समिति झारखंड सरकार के सदस्य केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में प्रदेश नेताओं के साथ देवघर जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय तथा सैकड़ों पार्टी नेताओं एवं पदाधिकारियों ने देवघर एयरपोर्ट पर उनका जोरदार स्वागत पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया। तत्पश्चात वो एयरपोर्ट से सीधे गोड्डा के लिए प्रस्थान कर गए। जहां आज गोड्डा, साहेबगंज और पाकुड़ जिला कांग्रेस कमेटियों के जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, यूएलबी पर्यवेक्षक और जिला प्रशिक्षक के साथ ब्लॉक अध्यक्षों, ब्लॉक पर्यवेक्षकों और मंडल अध्यक्षों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेगें। पुनः गोड्डा से देवघर होते गिरिडीह प्रस्थान करेंगें। रात्रि विश्राम गिरिडीह सर्किट हाउस में होगा तथा 10 जुलाई वृहस्पतिवार को जिला कांग्रेस मुख्यालय, गिरिडीह के नये भवन उद्घाटन समारोह में भाग लेगें और पुनः रांची चले जाऐंगें जहां शाम में कांग्रेस विधायकों के साथ बैठक में शिरकत करेंगें। झारखंड आगमन पर उनके स्वागत के लिए देवघर एयरपोर्ट पर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, मिडिया सेल के प्रदेश चैयरमेन सतिश पाल मुंजनी, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, प्रवक्ता रियाजुल अंसारी, ओबीसी आयोग के सदस्य नरेश बर्मा, अशोक चौधरी, सतिश केडिया, जिला महासचिव दिनेश कुमार मंडल, नगर अध्यक्ष रवि केसरी, सोसल मीडिया कोर्डिनेटर संजय कुमार, अवधेश प्रजापति, विवेक मिश्रा, गोपाल केशरी, दीपक सिंह, आदित्य सरोलिया, एन एस यू आई के रवि बर्मा, शैफ दानिश,प्रियांशु कुमार, गोलू, युवा कांग्रेस के विशाल वत्स, दिवाकर कुमार, संजीव यादव,राजा साहिल, अटल मिश्रा, सूरज कुमार अरबाज, संतोष यादव, आधीर बर्मा आदि मौजूद थें।

# विवादास्पद चार श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन का भाग्य दांव पर

**>> विचार**

> “ युद्ध द्वारा 1 अप्रैल, 2025 से श्रम संहिताओं को लागू करने के अपने इरादे से पीछे हटने का एक प्रमुख कारण राष्ट्रीय श्रमिक सम्मेलन द्वारा 20 मई, 2025 को अखिल भारतीय श्रमिक हड़ताल का आह्वान किया जाना था, जो सामान्य रूप से केंद्र की श्रम-विरोधी नीतियों और विशेष रूप से नये श्रम संहिताओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ अपने दो महीने के श्रमिक अभियान के समापन पर आयोजित था। श्रमिक आंदोलन का आह्वान उनकी 17सूत्री मांगों पर जोर देने के लिए किया गया था। इस बीच, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य जवाबी कार्रवाई की

**डॉ. ज्ञान पाठक**

पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्य उन राज्यों में से हैं जो श्रम संहिताओं के तहत विभिन्न प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। केंद्र सरकार का इरादा 1 अप्रैल, 2025 से श्रम संहिताओं को लागू करने का था, क्योंकि लगभग 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही चार संहिताओं के अनुरूप मसौदा नियम प्रकाशित कर दिये थे और लगभग 20 ने उन परिवर्तनों को लागू कर दिया था। देश भर के औद्योगिक क्षेत्रों से मिल रहे सभी संकेत बताते हैं कि 9 जुलाई, 2025 को अखिल भारतीय मज़दूर हड़ताल एक निर्णायक दौर होगा, जिसके परिणाम, चाहे अच्छे हों या बुरे, मज़दूर संघों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार दोनों को ही भुगतने होंगे और उनसे निपटना होगा। इस आम हड़ताल की सफलता या विफलता चार विवादास्पद श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन का भाग्य तय कर सकती है, जिन्हें फिलहाल रोक रखा गया है, लेकिन केंद्र उन्हें जल्द से जल्द लागू करना चाहता है। भारत के लिए चीन ही है सबसे बड़ा खतरा केंद्र की कार्रवाइयों में जो विरोधाभास देखा जा रहा है, उसने मज़दूरों को सरकार की असली मंशा के बारे में सबसे ज़्यादा आशंकित कर दिया है।



सरकार ने चार श्रम संहिताओं -एक 2019 में भारत की संसद में पारित होने के बाद, और तीन 2020 में -को कई कारणों से रोक रखा है, जिसमें अखिल भारतीय हड़ताल की कार्रवाई सहित अनेक विरोध प्रदर्शन सहित कामगारों का कड़ा विरोध, केंद्र और राज्यों के अपने नियमों के साथ तैयार न होना, और भारतीय औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा आवश्यक उपाय के साथ तैयार न रहना शामिल है। हालांकि, सरकार श्रम कानूनों के वर्तमान ढांचे में संहिताओं के विभिन्न प्रावधानों को लागू कर रही है।

मौजूदा श्रम कानूनों में न केवल केंद्रीय स्तर पर बल्कि राज्य स्तर पर भी संशोधन किये जा रहे हैं। उदाहरण के लिए, कई राज्य सरकारों ने महिलाओं के लिए रात की पाली में काम करने, निश्चित अवधि के रोजगार की अनुमति देने के लिए श्रम कानूनों में संशोधन और कारखाना अधिनियम, अनुबंध श्रम अधिनियम और औद्योगिक विवाद अधिनियम जैसे श्रम कानूनों की प्रयोज्यता के लिए श्रमिकों की सीमा बढ़ाना शामिल है, जिससे नियोक्ताओं को 'नौकरी पर रखने और निकालनेड़ की खुली छूट मिल गयी है।

पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्य उन राज्यों में से हैं जो श्रम संहिताओं के तहत विभिन्न प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। केंद्र सरकार का इरादा 1 अप्रैल, 2025 से श्रम संहिताओं को लागू करने का था, क्योंकि लगभग 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही चार संहिताओं के अनुरूप मसौदा नियम प्रकाशित कर दिये थे और लगभग 20 ने उन परिवर्तनों को लागू कर दिया था। फिर भी, 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के कड़े विरोध और सरकार का समर्थन करने वाले भारतीय मजदूर संघ द्वारा भी कुछ प्रावधानों पर व्यक्त की गयी कुछ आपत्तियों के कारण अधिसूचना को स्थगित कर दिया गया था।

युद्ध द्वारा 1 अप्रैल, 2025 से श्रम संहिताओं को लागू करने के अपने इरादे से पीछे हटने का एक प्रमुख कारण राष्ट्रीय श्रमिक सम्मेलन द्वारा 20 मई, 2025 को अखिल भारतीय श्रमिक हड़ताल का आह्वान किया जाना था, जो सामान्य रूप से केंद्र की श्रम-विरोधी नीतियों और विशेष रूप से नये श्रम संहिताओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ अपने दो महीने के श्रमिक अभियान के समापन पर आयोजित था। श्रमिक आंदोलन का आह्वान उनकी 17सूत्री मांगों पर जोर देने के लिए किया गया था। इस बीच, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य जवाबी कार्रवाई की, जिसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों - इंटक, एटक, हिमस, सीटू, एआईटीयूसी, टीयूसीसी, सेवा, एआईसीसीटीयू, एलपीएफ, और यूटीयूसी - और स्वतंत्र क्षेत्रीय संघों के संयुक्त मंच ने 15 मई को नई दिल्ली में स्थिति की समीक्षा करने के लिए बैठक की और 9 जुलाई को होने वाली मजदूरों की हड़ताल को पुनर्निर्धारित करने का फैसला किया। 9 जुलाई को होने वाली अंतिम अखिल भारतीय हड़ताल के लिए 20 जून से 8 जुलाई तक पूरे देश में विरोध गतिविधियों के साथ एक तैयारी आंदोलन कार्यक्रम की भी घोषणा की गयी थी। अब तक के तैयारी आंदोलन कार्यक्रम बहुत प्रभावशाली रहे हैं, और इसलिए कोई यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि 9 जुलाई की मजदूरों की हड़ताल बहुत बड़ी होगी। बैंक और बीमा यूनियनों ने देशव्यापी हड़ताल में भाग लेने की घोषणा की है। उनकी प्रमुख मांगों में निजीकरण को रोकना, एफडीआई वृद्धि का विरोध और पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना शामिल है। संयुक्त किसान मोर्चा सहित किसान और खेत मजदूर संघ भी मजदूरों की हड़ताल में भाग लेंगे, जो देश भर में सड़कों और गलियों में अपनी उपस्थिति के साथ 9 जुलाई की हड़ताल को और भी मजबूत बना देगा। सरकार समर्थित बीएमएस इस हड़ताल में भाग नहीं लेगा। वे न तो हड़ताल का विरोध कर रहे हैं और न ही समर्थन कर रहे हैं, जो 9 जुलाई की हड़ताल को और अधिक महत्वपूर्ण बनाता है। कई अन्य श्रमिक संगठन और कर्मचारी संघ भाग लेने के लिए कूद पड़े हैं। बिहार में विपक्षी महागठबंधन (इंडिया ब्लॉक) दलों ने 9 जुलाई की हड़ताल में भाग लेने का फैसला किया है और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। आरजेडी और सीपीआई (एम)एल ने पहले ही पूरे राज्य में 9 जुलाई को अपने आंदोलन कार्यक्रम तैयार कर लिए हैं। कई खदानों और कोलियारियों के कर्मचारी भी इस हड़ताल में भाग लेने जा रहे हैं। 9 जुलाई की हड़ताल की यह भी एक नयी विशेषता है, क्योंकि परंपरागत रूप से उनके अपने आंदोलन कार्यक्रम होते हैं। ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन ने भी हड़ताल का समर्थन किया है। देश भर में आयोजित किये जा रहे तैयारी संबंधी आंदोलन कार्यक्रमों से संकेत मिलता है कि 9 जुलाई की हड़ताल देश की सबसे बड़ी हड़तालों में से एक हो सकती है, जिसमें 20 करोड़ से अधिक कर्मचारी भाग ले सकते हैं। यह हड़ताल भारत में अब तक हुई 22 देशव्यापी आम हड़तालों में से किसी अन्य हड़ताल की तरह नहीं है, बल्कि इसका विशेष महत्व है, क्योंकि यह श्रमिकों के मूल अधिकारों, जैसे संगठित होने और सामूहिक कार्रवाई करने के उनके अधिकार, तथा सरकार की श्रमिक-विरोधी और कॉर्पोरेट-समर्थक नीतियों के विरुद्ध उनकी एकता और संघर्ष की रक्षा करना चाहती

## संपादकीय

# बिहार में कानून का राज्य ध्वस्त

बिहार में पिछले कुछ दिनों के भीतर आपराधिक घटनाओं में जैसी तेजी आई है, उससे यही लगता है कि सरकार के हाथ से सब कुछ छूट गया है और अपराध को अंजाम देने वाले बेलगाम हैं। पिछले हफ्ते पटना में एक व्यवसायी और सीवान में तीन लोगों की हत्या की घटना से उपजा तूफान अभी शांत भी नहीं हुआ था कि सोमवार को राज्य में चौबीस घंटे में नौ लोगों की हत्या कर देने की घटनाएं सामने आईं। सबसे दहलाने वाली खबर पूर्णिया जिले के टेटमा गांव से आई, जहां ‘जादू-टोना’ के संदेह में एक ही परिवार के पांच लोगों को क्रूरता से मारा-पीटा गया और फिर जिंदा जला दिया गया। इस घटना की जड़ें अंधविश्वास और अराजकता से जुड़ी हुई हैं, जिसमें कहीं से ऐसा नहीं लगता कि वहां सरकारी तंत्र की मौजूदगी रही हो या फिर वहां लोगों के भीतर पुलिस या कानून का कोई भय हो। गौरतलब है कि एक बच्चे की बीमारी नहीं ठीक हो पाने के बाद कुछ लोगों ने ‘डायन’ बता कर एक ही परिवार के पांच लोगों की जान ले ली। इस घटना के दौरान वहां दो सौ से ज्यादा लोगों की भीड़ मौजूद थी और अराजकता चरम पर थी। निश्चित तौर पर यह कानून-व्यवस्था की नाकामी है, लेकिन हकीकत यह भी है कि बहुत सारे लोगों को अंधविश्वास के अंधेरे में जीने-मरने के लिए छोड़ दिया गया है! एक ओर, विज्ञान की उपलब्धियों के रोज नई ऊंचाइयों को छूने का जश्न मनाया जाता है, वहीं वैज्ञानिक चेतना से दूर बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी हैं, जो तंत्र-मंत्र और अंधविश्वास में आकर किसी की हत्या करने से भी नहीं हिचकते। जबकि यह उन्हें कानून के कठघरे में खड़ा कर सकता है और कई लोगों की जिंदगी जेल में कट सकती है। ‘डायन’ जैसे अंधविश्वास की वजह से आए दिन वंचित तबकों की महिलाओं की हत्या कर दिए जाने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। यह फसोसनाक है कि ऐसे मौकों पर सरकार कानूनी कार्रवाई की औपचारिकता तो पूरी करती दिखती है, लेकिन इस समस्या की जड़ों पर चोट करने के लिए बहुत सक्रिय नहीं होती। जब तक समाज में अंधविश्वास पर आधारित धारणाओं को दूर करने के लिए ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम नहीं किया जाता, तब तक लोगों को इसके मकड़जाल से निकालना मुश्किल होगा।

# बढ़ते युद्धों के बीच खतरे में धरती की जीवनदायिनी क्षमता

**भारत डोगरा**

युद्ध, तनाव और हथियारों की होड़ ऐसे दौर में बढ़ रहे हैं जब अति गंभीर पर्यावरण समस्याओं के कारण धरती की जीवनदायिनी क्षमताएं ही खतरे में पड़ चुकी हैं। समय रहते विश्व पर्यावरणीय स्थिति को संभालना धरती के जीवन की रक्षा के लिए जरूरी है और यह जिम्मेदारी निभाने के लिए जिस अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है वह अमन-शांति की स्थापना के बिना प्राप्त नहीं हो सकता है।




स्टॉकहोम रेसिलियंस सेंटर के वैज्ञानिकों के अनुसंधान ने हाल के समय में धरती के सबसे बड़े संकटों की ओर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास किया है। यह अनुसंधान बहुत चर्चित रहा है। इस अनुसंधान में धरती पर जीवन की सुरक्षा के लिए नौ विशिष्ट सीमा-रेखाओं की पहचान की गई है जिनका अतिक्रमण मनुष्य की क्रियाओं को नहीं करना चाहिए। गहरी चिंता की बात है कि इन नौ में से तीन सीमाओं का अतिक्रमण होना आरंभ हो चुका है। यह तीन सीमाएं है- जलवायु बदलाव, जैव-विविधता का ह्रास और भूमंडलीय नाईट्रोजन चक्रमें बदलाव।

इसके अतिरिक्त चार अन्य सीमाएं ऐसी हैं जिनका अतिक्रमण होने की संभावना निकट भविष्य में है। यह चार क्षेत्र हैं- भूमंडलीय फासफोरस चक्र, भूमंडलीय जल उपयोग, समुद्रों का अम्लीकरण और भूमंडलीय स्तर पर भूमि उपयोग में बदलाव। यह विभिन्न संकट अनेक स्तरों पर एक दूसरे से मिले हुए हैं और एक सीमा (जिसे प्रायः टिपिंग पाईंट कहा जा रहा है) पार करने पर धरती की जीवनदायिनी क्षमता की इतनी क्षति हो सकती है कि उसे लौटा पाना कठिन होगा।इन पर्यावरणीय समस्याओं के अतिरिक्त धरती की जीवनदायिनी क्षमता को सबसे बड़ा खतरा महाविनाशक हथियारों विशेषकर परमाणु हथियारों से है। इस समय विश्व में लगभग 13000 परमाणु हथियार हैं। मानवीय विकास रिपोर्ट के अनुसार, इस समय केवल अणु हथियारों के भंडार की विनाशक शक्ति बीसवीं शताब्दी के तीन सबसे बड़े युद्धों के कुल विस्फोटकों की शक्ति से सात सौ गुणा अधिक है।दरअसल हजारों की बात तो रहने दें, यदि कुछ सौ परमाणु हथियारों का भी उपयोग कभी हो गया तो करोड़ों लोग तो तुरंत मारे जाएंगे और करोड़ों अन्य लोग तिल-तिल कर बाद में मरते रहेंगे। इसके बाद दूर-दूर तक ऐसे पर्यावरणीय और मौसमी बदलाव आएंगे जिनमें अधिकांश बचे हुए मनुष्यों और जीवों के लिए भी अस्तित्व बचाए रखना लगभग असंभव होगा।प्रायः यह कहा जाता है कि किसी भी चीज को बनाना कठिन है, नष्ट करना आसान है पर परमाणु हथियारों पर यह कहावत कतई लागू नहीं होती है। इन्हें बनाना जितना कठिन है, इन्हें असरदार ढंग से नष्ट करना कई बार उससे भी कठिन और महंगा सिद्ध हो सकता है।वर्ष 1987, 1991 और 1993 में संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ (या रूस) के बीच तीन महत्वपूर्ण समझौते अणु शस्त्रों और अन्य शस्त्रों को कम करने के बारे में हुए जिनका व्यापक स्तर पर स्वागत किया गया और जिनसे अनेक लोगों में यह विश्वास उत्पन्न हुआ कि अब काफी बड़े पैमाने पर अणु शस्त्र इन दोनों देशों में नष्ट किये जा रहे हैं।लेकिन वास्तविक स्थिति को स्पष्ट करने हुए मानवीय विकास रिपोर्ट 1994 ने यह जानकारी दी, "इन संधियों से तनाव कम तो हुआ है पर इनकी महत्त्वपूर्ण सीमाएं हैं। इनमें बताया गया है कि कुछ हथियारों या वारहैडों को इन्हें शत्रु तक पहुंचाने वाले वाहकों या प्रक्षेपास्त्रों से अलग कर दिया जाए, पर इनमें यह निर्देश नहीं दिया गया है कि वारहैड को ही नष्ट कर दिया जाए।" आगे यह रिपोर्ट और भी सटीक शब्दों में बताती है- "न तो संयुक्त राज्य अमेरिका के पास और न ही रूस के पास एक तकनीकी और राजनीतिक दृष्टि से मान्य योजना है जिसके तहत वारहैडों के विभिन्न हिस्सों को अलग किया जाए और नाभिकीय हिस्सों को नष्ट किया जाए, अतः यह वारहैड आने वाली पीढ़ियों के लिए एक खतरा बने रहेंगे, यही संभावना है।"परमाणु हथियारों के संदर्भ में पिछले लगभग पांच वर्षों में विश्व में स्थिति और विकट हुई है। परमाणु हथियारों के और आधुनिकीकरण और मजबूती के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका ने निवेश को बहुत बढ़ाया और इसके बाद रुस और चीन ने भी ऐसा ही किया। इसके अतिरिक्त अमेरिका और रूस के बीच परमाणु हथियारों पर नियंत्रण के जो समझौते हुए हैं, उनमें से एक महत्त्वपूर्ण समझौते का नवीनीकरण वर्ष 2019 में नहीं हो सका और कुछ अन्य समझौतों के नवीनीकरण की संभावना भी धूमिल होती जा रही हैं।बढ़ते युद्ध और तनाव के हाल के दौर में पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान और निशस्त्रीकरण की संभावनाएं पीछे हटती गई हैं। अब समय आ गया है कि विश्व शांति और पर्यावरण रक्षा की बड़ी जिम्मेदारियों को एक साथ जोड़ते हुए, समता और न्याय के लिए प्रतिबद्धता को बढ़ाते हुए, एक बड़ा जन अभियान विश्व स्तर पर धरती की जीवनदायिनी क्षमता की रक्षा के लिए आरंभ हो।

# युवाओं के लिए व्यक्तिगत संचय की अनिवार्यता

**संजय अग्रवाला**

वर्तमान समय में, जब आर्थिक अस्थिरता, बदलते बाजार और अनिश्चित भविष्य हर व्यक्ति के सामने खड़ा है, व्यक्तिगत संचय की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। खासकर युवाओं के लिए यह न केवल उनके आर्थिक सशक्तिकरण का साधन है, बल्कि भविष्य में आने वाली चुनौतियों से निपटने का एक अचूक उपाय भी है। व्यक्तिगत संचय का अर्थ केवल धन संचय तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका विस्तार मानसिक, शारीरिक और सामाजिक संचय तक भी होता है। आज के युग में, जहाँ भौतिक सुख-सुविधाएँ और उपभोक्तावादी संस्कृति का वर्चस्व है, युवा वर्ग अक्सर अपने भविष्य को नजरअंदाज करते हुए वर्तमान पर अधिक ध्यान केंद्रित करता है। नए गैजेट्स, ब्रांडेड वस्त्र, फैंसी जीवनशैली और दिखावे की प्रवृत्ति उन्हें अपने आय और खर्चों के बीच संतुलन स्थापित करने से रोकती है। इस प्रवृत्ति का परिणाम यह होता है कि वे न तो कोई वित्तीय संचय कर पाते हैं और न ही किसी आपात स्थिति के लिए तैयार रहते हैं। यही कारण है कि व्यक्तिगत संचय के महत्व को समझना और उसे अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना युवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। व्यक्तिगत संचय का सबसे पहला चरण वित्तीय संचय से शुरू होता है। हर युवा को अपने प्रारंभिक करियर से ही बचत करने की आदत डालनी चाहिए। यह आदत न केवल उन्हें आर्थिक रूप से



आत्मनिर्भर बनाती है, बल्कि उनके भविष्य की योजनाओं को भी साकार करने में सहायक होती है। उदाहरण के तौर पर, अगर कोई युवा मासिक वेतन का 20-30 प्रतिशत हिस्सा बचत के रूप में अलग रखता है, तो कुछ वर्षों में यह एक बड़ा धनराशि बन सकता है, जो उसे घर खरीदने, व्यवसाय शुरू करने या किसी आपातकालीन स्थिति में उपयोग करने में मदद करेगा। फाइनेंशियल प्लानिंग के साथ-साथ, निवेश की समझ विकसित करना भी जरूरी है। आज के दौर में, केवल बचत करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सही जगह निवेश करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। म्युचुअल फंड, शेयर बाजार, बॉन्ड और अन्य निवेश विकल्पों के माध्यम से युवा अपने धन को बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही, जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा जैसी योजनाएँ उन्हें आकस्मिक जोखिमों से बचाती हैं। वित्तीय संचय के अलावा, युवाओं को मानसिक और शारीरिक संचय पर भी ध्यान देना चाहिए। आज के तेज रफ्तार जीवन में मानसिक तनाव एक आम समस्या बन चुकी है। कार्यक्षेत्र का दबाव, रिश्तों की उलझनें और जीवन की अन्य परेशानियाँ युवाओं को मानसिक रूप से कमजोर बना देती हैं। ऐसे में, नियमित ध्यान, योग और आत्मनिरीक्षण जैसी गतिविधियाँ मानसिक संचय का माध्यम बन सकती हैं। मानसिक स्थिरता न केवल बेहतर निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है, बल्कि जीवन में आने वाली हर चुनौती का सामना करने की शक्ति भी देती है। शारीरिक संचय की बात करें तो यह युवाओं के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि वित्तीय और मानसिक संचय। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। एक संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद, शारीरिक संचय को मजबूत करने के मुख्य स्तंभ हैं। युवा अवस्था में किए गए प्रयास, उनके पूरे जीवन पर प्रभाव डालते हैं। एक मजबूत और स्वस्थ शरीर न केवल कार्यक्षमता को बढ़ाता है, बल्कि जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण भी विकसित करता है। इसके अतिरिक्त, सामाजिक संचय का महत्व भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। आज के युग में, जहाँ नेटवर्किंग का महत्व बढ़ गया है, युवाओं को अपने सामाजिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में भी काम करना चाहिए। अच्छे और सशक्त रिश्ते न केवल भावनात्मक सहारा प्रदान करते हैं, बल्कि पेशेवर जीवन में भी सहायक होते हैं। किसी भी संकट या चुनौती के समय, मजबूत सामाजिक नेटवर्क एक सुरक्षा कवच की तरह कार्य करता है। युवाओं के लिए व्यक्तिगत संचय को केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्य प्रक्रिया के रूप में अपनाना चाहिए। यह एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण है, जो उन्हें न केवल आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाता है, बल्कि उनके मानसिक, शारीरिक और सामाजिक जीवन को भी सुदृढ़ करता है। यह समझना जरूरी है कि संचय का अर्थ केवल वर्तमान को त्यागकर भविष्य के लिए बचत करना नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य वर्तमान और भविष्य के बीच एक सामंजस्य स्थापित करना है। युवा अवस्था जीवन का वह चरण है, जब व्यक्ति के पास ऊर्जा, समय और अवसर होते हैं। यदि इस समय को सही तरीके से उपयोग किया जाए, तो यह भविष्य में सफलता और संतोष का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। व्यक्तिगत संचय के माध्यम से, युवा न केवल अपने व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी योगदान दे सकते हैं। अंततः, व्यक्तिगत संचय केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक जीवन शैली है, जिसे युवाओं को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जो उन्हें जीवन में स्थिरता, सुरक्षा और संतोष प्रदान करती है। आज का युवा यदि इस दिशा में पहल करता है, तो वह न केवल अपने लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक प्रेरणा बन सकता है।

**[लेखक पिछले 18 वर्षों से वाणिज्य-अर्थशास्त्र के शिक्षक, वित्तीय एवं कर सलाहकार हैं]**

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक व संपादक **सरोज चौधरी** द्वारा ई-37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस लालगुटवा रांची से मुद्रित, **संस्थापक संपादक : स्व. राधाकृष्ण चौधरी, प्रबंध संपादक अरूण कुमार चौधरी * फोन :** 9471170557/08084674042, **ई-मेल :** aadivashiexpress@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय श्रीधर में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन



**सौरभ कुमार मंडल आदिवासी एक्सप्रेस**
उधवा प्रखंड क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय श्रीधर में बुधवार को राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा जी की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति की पुनर्गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई.बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि,बुद्धिजीवी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे. इस दौरान विधायक ने विद्यालय के पठन-पाठन से जुड़ी समस्या,शिक्षक एवं शिक्षकोंत्तर कर्मियों की उपस्थिति से संबंधित जानकारी ली गई. इस दौरान छात्रों को उच्च स्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने पर चर्चा किया. विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा जी ने कहा कि राजमहल विधानसभा अंतर्गत सभी विद्यालयों में छात्रों को उच्च एवं गुणवत्ता शिक्षा दिलाना उनकी प्राथमिकता है.कहा कि उधवा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में अतिरिक्त क्लासरूम बनाने का कार्य चल रहा है एवं आगे भी विद्यालयों की मांगानुसार कार्य जाएगा. साथ ही विद्यालय के विकास से जुड़े चर्च की गई. मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक गौरचंद्र मंडल,श्रीधर पंचायत के मुखिया तमाल मंडल, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली उर्फ बबुआ, गणेश कीर्तनिया, एखलाकुर रहमान, गणेश चौधरी सहित अन्य मौजूद थे.

### शादी के नियत से भगा कर ले जाने एवं जाति सूचक गाली देने से संबंधित मामला




**सौरभ कुमार मंडल आदिवासी एक्सप्रेस**
साहिबगंज ताला हेम्ब्रोम उम्र करीब 40 वर्ष पिता-स्व0 ओकिल हेम्ब्रोम ग्राम- रामपुर थाना-राधानगर जिला-साहेबगंज के लिखित आवेदन के आधार पर वादी की नाबालिग बेटी को शादी के नियत से भगाकर ले जाने के मामले में 1. रमजान शेख पिता-मुलाल हक 2. मुलाल हक 3. रमजान की माँ सभी सा0-जयंती ग्राम, करहलबाड़ी थाना-राधानगर के विरुद्ध राधानगर थाना कांड संख्या-256/25 दिनांक-09/07/25 धारा-96/352/3(5)BNS एवं 3(s) AC/st act दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान किया जा रहा है.

### रेलवे के कुछ संगठनों, आंगनबाड़ी संघ एवं शहर स्थित कुछ बैंकों में हड़ताल रहा




**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित कर श्रम कानूनों के खिलाफ 10 ट्रेड यूनियन की ओर से आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल व भारत बंद का साहिबगंज शहर में कोई खास असर नहीं रहा। यहां पर रेलवे के कुछ संगठनों, आंगनबाड़ी संघ एवं शहर स्थित कुछ बैंकों में हड़ताल रहा। बैंक कर्मियों ने हड़ताल के दौरान बैंक के बाहर धरना प्रदर्शन किया। हड़ताल के कारण शहर स्थित बैंक ऑफ़ इंडिया, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, पीएनबी बैंक आदि में कामकाज पूरी तरह ठप रहा और इन बैंकों में ताला लटका रहा। बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा के बाहर बैंक कर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। मौके पर अभिषेक राम शाखा प्रबंधक, प्रेम चतुर्वेदी, शिवम जायसवाल, अभय कुमार कैश रोकडिया, शशिकांत सुमन, अखिलेश कुमार, राजेश कुमार, प्रशांत कुमार, नीरज रजक, धर्मपाल ठाकुर आदि मौजूद थे।

### पदाधिकारीयों और मोती झरना विकास समिति के सदस्यों के साथ तैयारी को लेकर बैठक किया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** राजमहल क्षेत्र में डीसी के निर्देश पर राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में बुधवार को तालझारी प्रखंड अंतर्गत मोती झरना में मोती नाथ धाम में श्रावणी मेला के सफल आयोजन को लेकर राजमहल एसडीओ सदानंद महतो के नेतृत्व में पदाधिकारीयों और मोती झरना विकास समिति के सदस्यों के साथ तैयारी को लेकर बैठक किया। मौके पर उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित तैयारी को लेकर थाना प्रभारी तालझारी नितेश कुमार पांडे से आवश्यक जानकारी लिया और कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। साथ ही तालझारी बीडियो अंशुमन प्रसाद से विधि व्यवस्था को लेकर जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही मोती झरना सेवा समिति से 11 जुलाई से 9 अगस्त तक चलने वाले श्रावणी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो सारी सुविधा देने के लिए विचार विमर्श किया। मौके पर लड्डू सिंह, बजरंगी महतो, आदि अन्य सरकारी एवं मोती झरना के सदस्य उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर साहिबगंज में अभाविप का भव्य आयोजन, मैराथन व संगोष्ठी में सैकड़ों युवाओं की सहभागिता



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, साहिबगंज नगर इकाई द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं संगठन के 77वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर नगर में एक भव्य मैराथन दौड़ प्रतियोगिता और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में नगर समेत आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों उत्साही युवाओं ने भाग लेकर राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और ऊर्जा का परिचय दिया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे अभाविप के पूर्व केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं राजमहल के पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा, अभाविप झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष आस्तिक मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष रविकांत और नगर मंत्री अविनाश साह, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष प्रेरणा मिली। आयोजन का सफल नेतृत्व नगर मंत्री अविनाश साह द्वारा किया गया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष आस्तिक मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा, ÷अभाविप केवल शैक्षणिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में छात्रों के नेतृत्व का स्तंभ है। हम शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण, अनुशासन और सेवा की भावना को प्राथमिकता देते हैं।÷ पूर्व विधायक अनंत ओझा ने कहा, ÷साहिबगंज में हुआ यह आयोजन न केवल युवाओं को जोड़ता है, बल्कि उनमें राष्ट्रीय चेतना और संगठित समाज की भावना को भी जाग्रत करता है।

नगर उपाध्यक्ष रविकांत ने कहा, ÷अभाविप एक संकल्प है–राष्ट्र निर्माण में छात्रशक्ति की भूमिका को सक्रिय करने का। आज का आयोजन इस संकल्प का जीवंत उदाहरण है। नगर मंत्री अविनाश साह ने कहा, 77 वर्षों की गौरवगाथा में साहिबगंज इकाई का यह आयोजन युवाओं को नेतृत्व व सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में अग्रसर करने का सार्थक प्रयास है।

**प्रतियोगिता में युवाओं का उत्साह, विजेताओं को सम्मान**
प्रतियोगिता में सनोज कुमार और क्रांति कुमारी ने प्रथम स्थान, लिंटू कुमार और सीमा हेम्ब्रम ने द्वितीय स्थान, तथा अमित कुमार और छोटी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर सबका ध्यान खींचा। सभी विजेताओं को नगद राशि, शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान कर मंच पर सम्मानित किया गया।इसके अलावा शीर्ष 10 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया।

**संगोष्ठी में मिली ध्येय यात्रा की जानकारी**
मैराथन के उपरांत स्थानीय स्टेडियम में आयोजित संगोष्ठी में युवाओं को अभाविप की कार्यशैली, ध्येय यात्रा और राष्ट्र निर्माण में छात्रों की भूमिका से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने छात्रशक्ति को समाज परिवर्तन का मूल आधार बताते हुए उन्हें राष्ट्र सेवा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस भव्य आयोजन में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चंदन कुमार गुप्ता, सोशल मीडिया संयोजक इंद्रजीत साह, विभाग छात्र प्रमुख नयाशा भारती, जिला कार्यालय मंत्री अंकुश कुमार, नगर सह मंत्री निखिल कुमार, बमभोला, आनंद कुमार, विशाल कुमार, सूरज कुमार, आनंद राज, अनंत ठाकुर, कुमार दीपांशु, गौरव कुमार, ज्योति कुमारी, पायल कुमारी, अदिति कुमारी समेत अनेक सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तीनपहाड़ की 25 साल पुरानी त्रासदी दलदल में फंसे लोग और जाम में उलझी ज़िंदगी



**सौरभ कुमार मंडल संवाददाता आदिवासी एक्सप्रेस**
साहिबगंज जिला के राजमहल प्रखंड अंतर्गत तीनपहाड़... एक ऐसा नाम, जो जब भी जुबान पर आता है, दो तस्वीरें सामने तैरने लगती हैं – दलदल में फंसे लोग और जाम में उलझी ज़िंदगी। यह कोई नई कहानी नहीं, बल्कि पिछले 25 वर्षों से चली आ रही एक जुगाड़ू व्यवस्था की पुरानी बकाया कहानी है, जो हर चुनाव में वादों के रंग-रोगन से चमकाई जाती है और फिर अगली पांच बरसातों तक कीचड़ और जाम में दबा दी जाती है।

**बस स्टैंड या कीचड़ कुंड?**
तीनपहाड़ का बस स्टैंड, जिसका नाम सुनते ही लोगों की आँखों में एक जलजमाव झील की तस्वीर बनती है। बरसात आते ही यह इलाका कीचड़ नगरी में तब्दील हो जाता है। स्थानीय थाने तक पहुँचना मानो किसी युद्ध क्षेत्र में अभियान चलाने जैसा हो जाता है। पुलिसकर्मी हों या आम नागरिक – सभी को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है।

**सवाल ये है:**
क्या यही है प्रशासन का विकास मॉडल?
क्या यही उस नए झारखंड की तस्वीर है, जिसका दावा हर मंच से किया जाता है?

**बाजार में ट्रैफिक या 'घिसटती भीड़'?**
तीनपहाड़ का मुख्य बाज़ार ट्रैफिक जाम का स्थायी शिकार है। गाड़ियाँ रेंगती हैं, लोग झल्लाते हैं, गर्मी में पसीना और सर्दी में धूल से परेशान जनता बेहाल है। दुकानदारों का कहना है कि जाम के कारण ग्राहक रुकते नहीं, और जो रुकते हैं वो फंस जाते हैं।

**चुनाव में नेता, बाकी समय सन्नाटा**
हर चुनाव से पहले तीनपहाड़ के हर गली-मोहल्ले में पोस्टर, झंडे और भाषणों की बहार आ जाती है। बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं – बस स्टैंड को मॉडल हब बनाया जाएगा, ट्रैफिक से निजात मिलेगी, सफाई अभियान चलेगा। पर चुनाव खत्म होते ही नेता गायब, और जनता फिर उसी कीचड़ और जाम में धँस जाती है।
स्थानीय 'दूत' – कुछ चेहरे जो हर सभा में नेता के साथ दिखते हैं, उन्हीं की मदद से वोट बटोर लिए जाते हैं। चुनाव खत्म होते ही ये भी चुपचाप ग़ायब हो जाते हैं, जैसे चुनावी चूहें बिलों में लौटते हों।

**अब सवाल जनता का है....**
क्या तीनपहाड़ की 25 साल पुरानी त्रासदी को हम नियति मानकर चुप बैठ जाएं?
क्या हर चुनाव में ठगाए जाने का सिलसिला यूं ही चलता रहेगा?
क्या प्रशासन और नेताओं की आंखें अब भी नहीं खुलेंगी?

### एक युवक के ऊपर चाकू से हमला करने वाले दो युवक गिरफ्तार



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र के पुरानी साहिबगंज कुम्हार टोली में बीते दिनों एक युवक के ऊपर चाकू से हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। जहां घायल युवक के द्वारा नगर थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देने के बाद पुलिस टीम ने इस चाकूबाजी मामले में शामिल दो आरोपियों जितेंद्र स्वर्णकार एवं उदय गोंड को बुधवार को गिरफ्तार करने के बाद उसका मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. कुमार अंकित ने फौरन दोनों आरोपियों का बारी बारी से मेडिकल जांच किया जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वही मामले को लेकर एसआई मुरली मनोहर सिंह ने बताया कि दोनों नामजद युवकों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बरहरवा में RBSK द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**मोहित मंसूरी संवाददाता आदिवासी एक्सप्रेस**
**बरहरवा।** आज कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बरहरवा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) बरहरवा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कर्मकार के निर्देशानुसार एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) के तहत आयोजित किया गया था।
डॉ. असित पहाड़पुरी के नेतृत्व में RBSK टीम ने 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं के स्वास्थ्य की व्यापक जांच की। इस दौरान छात्राओं की सामान्य स्वास्थ्य स्थिति, दृष्टि एवं श्रवण क्षमता, त्वचा एवं दंत जांच, पोषण स्थिति (अल्पपोषण, एनीमिया), मानसिक एवं व्यवहारिक स्थिति की प्राथमिक स्क्रीनिंग, और जन्मजात विकृतियों एवं विकासात्मक विलंब की पहचान की गई।
जांच के बाद, जिन छात्राओं को आवश्यकता थी, उन्हें प्राथमिक उपचार और दवाएं दी गईं। गंभीर मामलों को आगे के इलाज के लिए उच्च संस्थानों में रेफर किया गया। विद्यालय की शिक्षिकाओं और अधीक्षिका के सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।
छात्राओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए RBSK टीम ने स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता पर जानकारी सत्र भी आयोजित किए। शिविर में डॉ. असित पहाड़पुरी के साथ स्वास्थ्य कर्मी, फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टाफ और डाटा ऑपरेटर मौजूद थे।
इस तरह के शिविरों का उद्देश्य प्रखंड स्तर पर किशोर स्वास्थ्य, पोषण और बाल अधिकारों को सशक्त करना है, ताकि छात्राओं का शारीरिक एवं मानसिक विकास सुनिश्चित हो सके।

### बगल के रहने वाले एक अन्य व्यक्ति व उसके दो बेटों ने लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** गंगा नदी थाना क्षेत्र के गोपालपुर घीसु टोला निवासी व्यक्ति शंभु चौधरी पिता भूटन चौधरी के साथ बुधवार को उसके ही बगल के रहने वाले एक अन्य व्यक्ति व उसके दो बेटों ने लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जहां घायल व्यक्ति शंभु चौधरी ने परिजनों की मदद से मारपीट मामले की शिकायत दर्ज कराने हेतु गंगा नदी थाना पहुंचा। उधर गंगा नदी थाना क्षेत्र की पुलिस ने घायल को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. कुमार अंकित ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया। उधर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल शंभु चौधरी ने बताया कि वो अपने डेंगी से काम करके अपने घर खाना खाने आया ही था कि बगल के रहने वाले चरितार सिंह आया और मारपीट करना शुरू कर दिया। वही कुछ समझ पाते चरितार सिंह व उसके दो अन्य बेटों ने लाठी डंडा से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही गंगा नदी थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### मंगलवार की रात शादी समारोह में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के धमधमिया पहाड़ गांव में एक शादी समारोह के दौरान कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। मंगलवार की रात शादी समारोह में किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जो देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गया। इस घटना में धमधमिया पहाड़ गांव के ही गंगा मालतो 35 वर्ष बुरी तरह घायल हो गया। परिजनों ने घायल को इलाज के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA) के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन



**अजय कुमार कुशवाहा/ मोहित मंसूरी आदिवासी एक्सप्रेस**
**बरहरवा, साहिबगंज।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA) के तहत प्रत्येक माह की 9 तारीख को आयोजित किए जाने वाले नियमित स्वास्थ्य जाँच शिविर के अंतर्गत आज, 9 जुलाई 2025 को, बरहरवा प्रखंड के दो प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र–सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) बरहरवा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) कोटालपोखर–में गर्भवती महिलाओं के लिए एक व्यापक स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं, उच्च जोखिम गर्भावस्था की शीघ्र पहचान एवं समय पर आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान करना रहा।

**शिविर का मुख्य उद्देश्य**
PMSMA का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक गर्भवती महिला को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध हो, ताकि मातृ मृत्यु दर (MMR) एवं शिशु मृत्यु दर (IMR) में प्रभावी कमी लाई जा सके। इस अभियान के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को सुलभ, निःशुल्क, सुसंगत एवं गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

**CHC बरहरवा शिविर की मुख्य गतिविधियाँ**
ष्ट॥ष्ट बरहरवा में आयोजित शिविर में 30 से अधिक गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया, जिनकी संपूर्ण चिकित्सा जाँच की गई। जाँच एवं परामर्श प्रक्रिया में निम्नलिखित सेवाएं प्रदान की गईः
ब्लड प्रेशर मापन (हाइपरटेंशन की पहचान हेतु)
हीमोग्लोबिन टेस्ट (अनीमिया की स्थिति का मूल्यांकन)
ब्लड शुगर टेस्ट (जेस्टेशनल डायबिटीज के जोखिम की पहचान हेतु)
यूरिन जाँच (UTI एवं अन्य संक्रमणों की जाँच)
एब्डॉमिनल एग्जामिनेशन (गर्भ की स्थिति, भ्रूण की स्थिति की समीक्षा)
वजन मापन
टी.टी. टीकाकरण
IFA टैबलेट, कैल्शियम, डिहाइड्रेशन ओआरएस पैकेट एवं पोषण संबंधी जानकारी का वितरण
सेवा में योगदान देने वाले प्रमुख स्वास्थ्यकर्मीः
डॉ. पंकज कर्मकार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, CHC बरहरवा
CHO पूजा कुजूर
CHO शांति लकड़ा
ANM मालती मुर्मू
ANM कलावती
संबंधित सहिया साथी, जिन्होंने महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने में सहयोग किया।
इन सभी ने मिलकर एक समन्वित प्रयास से गर्भवती महिलाओं की सेवा की, उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता, पोषण एवं स्वच्छता पर महत्वपूर्ण परामर्श प्रदान किया।

# Digital Crop Survey हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**अजय कुमार कुशवाहा आदिवासी एक्सप्रेस जिला ब्यूरो**
साहिबगंज आत्मा सभागार, साहेबगंज में Digital Crop Survey हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया. प्रशिक्षण का शुभारम्भ जिला कृषि पदाधिकारी -सह- परियोजना निदेशक, आत्मा, साहेबगंज श्री प्रमोद एक्का के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया द्ब प्रशिक्षण में साहेबगंज जिला के सभी प्रखंडों में कार्यरत प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों ने भाग लिया.
इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य खेत में लगे फसलों का Digital रूप में सर्वे करना है, ताकि दिए गए योजना का अच्छे से क्रियान्वयन हो सके, साथ ही समय की बचत हो, आच्छादन का सटीक प्रतिवेदन एवं एकीकृत MSP का निर्धारण किया जा सके. विदित हो कि Digital Crop Survey तकनीकी, रिमोट सेंसिंग एवं ए.आई. (A.I.) के माध्यम से जानकारी एकत्रित कर सही समय और सटीक जगह की जानकारी देता है. इसके माध्यम से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, KCC, PM-KISAN एवं e-NAM के किसानों का सही डाटा की जानकारी एवं किसानों को उक्त योजना का सही लाभ प्रदान करने में लाभकारी होगा.
उप परियोजना निदेशक, आत्मा, साहेबगंज के द्वारा सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक को बताया कि उक्त योजना के सफल क्रियान्वयन करने हेतु प्रखंड स्तर पर कृषक मित्रों को सर्वेयर का प्रशिक्षण दिया जाना है ताकि योजना का लाभ अधिकाधिक किसानों को मिल सके द्ब पंजीकृत कृषक मित्रों के अलावा पंचायत स्तरीय जागरूक युवा कृषक जिसके पास Android Mobile हो, मोबाईल चलाने में दक्षता प्राप्त हो वे भी सर्वेयर के रूप में कार्य कर सकते है. इसके लिए सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने का प्रावधान है.
प्रशिक्षण में जिला कृषि अभियंता राम प्रकाश कुमार, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, BTM, ATM एवं आत्मा साहेबगंज के कर्मचारियों ने भाग लिया.

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के 10 सूत्री मांगों को लेकर बीजीआर प्रबंधन 21 जुलाई तक वार्ता नहीं करने पर कोल माइंस को संपूर्ण रूप से बंद करेंगें



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- अबुल कलाम केरेडारी- (हजारीबाग)** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन आर. के. एम. यू. द्वारा मजदूरों के अधिकार एवं समस्याओं से समाधान को लेकर बीजीआर प्रबंधन को 05 जुलाई 2025 को एक मांगपत्र सौंपा गया था। जिसके प्रत्युत्तर में डीजीआर प्रबंधन ने 08 जुलाई 2025 को मौखिक रूप से वार्ता का समय निर्धारित किया था। लेकिन दुर्भाग्यवश, कंपनी प्रबंधन ने उस तिथि पर वार्ता करने से साफ इंकार कर दिया और केवल मौखिक रूप से एक सप्ताह बाद वार्ता का आश्वासन दिया। इस पूरी प्रक्रिया में हमारे मजदूर भाइयों यूनियन के नेताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए बैठक को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। आर. के. एम. यू. को मजबूत बनाने और मजदूरों की आवाज़ बुलंद करने में हमारे यूनियन के सैंकड़ों साथियों ने पूरी ताकत के साथ खड़े रहकर विशेष भूमिका निभाई आर. के. एम. यू. के मजदूरों के अधिकारों के लिए अपने संघर्ष को इसी तरह मजबूती से जारी रखेगी। आप सभी का सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। अगर कंपनी के द्वारा हमारी 10 सूत्री मांगे पूरी नहीं होती हैं तो हम सभी मजदूर केरेडारी कोल माइंस को 21 जुलाई 2025 से संपूर्ण रूप से बंद करेंगें।

### जिला स्तरीय लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सर्कस मैदान गिरिडीह में किया गया



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** झारखण्ड शिक्षा परियोजना गिरिडीह के तत्वाधान में दिनांक 09/07/25 को आयोजित जिला स्तरीय लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता (अंडर 12 बालक, बालिका) का आयोजन सर्कस मैदान गिरिडीह में किया गया। बालक वर्ग में गांडेय प्रखण्ड की टीम ने गिरिडीह प्रखण्ड को हराकर विजयी हुए। बेंगाबाद के टीम तीसरे स्थान पर रही और बालिका वर्ग में बगोदर की टीम धनवार प्रखण्ड को हराकर विजेता बने। गिरिडीह के टीम तीसरे स्थान पर रही। टूर्नामेंट का शुभारंभ जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज द्वारा किया गया। उन्होंने खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतीक रूप में फुटबॉल में कीक मारकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में खेलों के महत्व को रेखांकित करते हुए और बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना विकसित होती है। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय प्रशासन, शिक्षकगण एवं जिला शिक्षा विभाग एव जिला फूटबाल संघ की सराहनीय भूमिका रही।

### फेंके गये नवजात शिशु को चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने रेस्क्यू कर स्वास्थ्य केंद्र में किया भर्ती

**बांका संवाददाता श्रीकान्त यादव**


बांका कटोरिया से गत रात्रि एक नवजात शिशु को चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम द्वारा रेस्क्यू कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कटोरिया में भर्ती कराया गया। चिकित्सकीय जांच के उपरांत शिशु



को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल, बांका के एसएनसीयू (SNCU) में रेफर कर दिया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एंबुलेंस से रात में ही शिशु को कटोरिया से लाकर बांका सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने बताया कि शिशु की स्थिति सामान्य है, किंतु कुछ समय तक एसएनसीयू में निगरानी में रखा जाना आवश्यक है। जिला बाल संरक्षण इकाई, बांका की सहायक निदेशक ने बताया कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कई बार लोग अनचाहे बच्चों को छोड़ देते हैं या फेंक देते हैं, जिससे बच्चों को गंभीर शारीरिक और मानसिक नुकसान होता है। उन्होंने अपील की कि ऐसे बच्चों को फेंकने की बजाय नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में स्थित 'पालना' (Cradle Point) या अधिकृत दत्तक ग्रहण संस्थान में सुरक्षित रूप से छोड़ा जाए।

यदि किसी को फेंके गए बच्चे की जानकारी मिले तो वह तत्काल 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) या 112 नंबर पर सूचना दें ताकि समय पर बच्चे की जान बचाई जा सके।

### रामगढ़ थाना क्षेत्र के हंसडीहा दुमका रेलखंड पर बारापलासी नोनीहाट रेलवे स्टेशन के बीच लगला के पास से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद




**रामगढ़ /रामजी साह**

कोचिंग कंट्रोल एम एल डी टी की सूचना पर रामगढ़ थाना क्षेत्र के हंसडीहा दुमका रेलखंड पर बारापलासी नोनीहाट रेलवे स्टेशन के बीच लगला के पास से रामगढ़ थाना पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी थी।

मामले में थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि शव को देखने से प्रथम दृष्ट्या लग रहा है कि उक्त व्यक्ति की मौत रेल से गिरने के कारण हुई होगी। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पहचान के लिए पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखा गया है। साथ ही पहचान के लिए आसपास के लोगों एवं निकटवर्ती थाना को भी सुचना दी गई है। उन्होंने बताया कि सरकारी नियमानुसार 72 घंटे तक शव को पहचान के लिए सुरक्षित रखा जाएगा, अगर पहचान नहीं हुई तो शव का अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

### नहाले हांसदा गड़ासा पर गिरने से घायल हो गए, उनके हाथ में गंभीर चोट आई

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** बोरियो थाना क्षेत्र के कैरा सोल बांझी निवासी नयन हांसदा के 18 वर्षीय पुत्र नहाले हांसदा गड़ासा पर गिरने से घायल हो



गए। उनके हाथ में गंभीर चोट आई। परिजनों ने उन्हें आनंद फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज किया। परिजनों के अनुसार, नहाले बुधवार सुबह लकड़ी काटकर पहाड़ से लौट रहे थे। रास्ते में पत्थर से ठोकर लगने के कारण वे गिर गए। गिरने से लकड़ी पर रखा गड़ासा उनके दाहिने हाथ पर गिरा, जिससे उनकी तीन उंगलियां कट गईं और वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

# उपायुक्त रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में योजना विभाग अंतर्गत अनाबद्ध निधि के तहत कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा की, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

- उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को योजनाओं को समय पर पूरा करने और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए
- लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें, योजनाओं को समय पर पूरा करने से संसाधनों का उचित उपयोग होगा और जिले के विकास में मदद मिलेगी: उपायुक्त रामनिवास यादव



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** बुधवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने योजना विभाग अंतर्गत अनाबद्ध निधि के तहत कार्यान्वित योजनाओं की बारी-बारी समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से योजनाओं के क्रियान्वयन को आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को योजनाओं को समय पर पूरा करने और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केंद्रों और पुल पुलिया को लेकर प्राथमिकता के कार्य करने का निर्देश दिया। कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं को पूरी पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करें। उपायुक्त ने कहा कि उपयोगी योजनाओं को स्वीकृत करें। कार्यों के पूरा होने के बाद उनका सत्यापन किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। आगे उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं को समय पर पूरा करने से संसाधनों का उचित उपयोग होगा और जिले के विकास में मदद मिलेगी। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1/2, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता, बीसीडी, कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी, जिला कल्याण पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, प्रधान सहायक, योजना शाखा समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## बगोदर लूटकांड का खुलासा: एक आरोपी गिरफ्तार, लूट की राशि में से 17 हजार रुपये बरामद



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में 1 जुलाई को सीएसपी संचालक से हुई 3.5 लाख रुपये की लूटकांड का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी रोहित मंडल (उम्र 32 वर्ष), पिता बासुदेव मंडल, निवासी परसिया, थाना सरिया को गिरफ्तार किया है। बुधवार को बगोदर-सरिया एसडीपीओ धनंजय कुमार राम ने प्रेस वार्ता कर बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी विशेष टीम द्वारा लगातार की गई छापेमारी के बाद संभव हो सकी है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूट के दौरान प्रयुक्त बाइक और लूट की गई राशि में से 17 हजार रुपये बरामद किए हैं। 1 जुलाई को बगोदर के सीएसपी संचालक संतोष कुमार बैंक ऑफ इंडिया, अटका शाखा से 3.5 लाख रुपये निकालकर कुदर गांव लौट रहे थे, तभी मुंडरो-धरगुल्ली रोड पर दो हथियारबंद अपराधियों ने उन्हें रोककर पैसे लूट लिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए गिरिडीह एसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई थी, जिसने तकनीकी और गुप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए सफलता पाई।गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि लूट में शामिल अन्य अपराधियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस को जल्द ही पूरे गिरोह के गिरफ्त में आने की उम्मीद है।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत 'सशक्त किशोरी - सुरक्षित भविष्य' पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



**देवघर पत्रकार राजा कुमार का रिपोर्ट**

**देवघर।** विकास भवन सभागार में आजबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ अभियान के अंतर्गत एक प्रेरक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन चेतना विकास और जिला समाज कल्याण विभाग के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को सशक्त बनाने, उनके उत्कृष्ट प्रयासों को संवर्धन करने हेतु और समाज में बेटियों के महत्व पर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास था। कार्यक्रम का उदघाटन दीप प्रज्वलन सह सास्कृतिक नृत्य द्वारा संपन्न किया गया.

चेतना विकास की रानी कुमारी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला किशोरियों को विभिन्न हित धारकों के साथ अपनी बात, सोच और सपने साझा करने का एक सुरक्षित मंच प्रदान करना व किशोरियों और विभिन्न विभागों के बीच सहयोग बढाकर एक सुरक्षित समाज की ओर कदम बढ़ाना.

बेटी बचाओं, बेटी पढाओं अभियान के अंतर्गत साइबर क्राइम सुरक्षा पर बच्चियों द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों के समक्ष पपेट शो के माध्यम से जानकारी दिया गया,जिला शिक्षा अधीक्षक श्री मधुकर कुमार ने अपने संबोधन में शिक्षा को बढ़ावा देना, समाज के बीच जागरूकता फैलाने की बात कही और साथ ही उन्होंने घटते सेक्स दर पर भी चिंता व्यक्त की, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री बिनोद कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा की बेटी पढाओं तब अपने आप बेटी बच जाएगी इसलिए इस अभियान में बेटियों को पढ़ाना, आगे बढ़ाना, शिक्षा विभाग से जोड़ना और शिक्षा में उत्तरोत्तर विकास लाना ही एक मात्र लक्ष्य है जहाँ बेटियां समृद्ध होंगी, तभी समाज सशक्त होगा , जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कुमारी रंजना ने बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं अभियान के अंतर्गत किशोरियों को मिलने वाले योजनाओं का लाभ दिलाकर उसकी मजबूत कड़ी तैयार करना, सावित्री बाई फुलें योजना ड्रॉपआउट को कम करने में अहम् भूमिका निभा रही है , साइबर क्राइम से बच्चियों को सुरक्षा प्रदान करना , लिंग-समानता के ऊपर विशेष प्रयास करने की बात कही.

इस अवसर पर मधुपुर प्रखंड की उन किशोरियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सम्मानित किशोरियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने अपने गाँव और समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी अपनी बातों को साझा किया बच्चियों द्वारा किये गये सवालो के ऊपर बाल संरक्षण समिति के पूर्व अध्यक्ष श्री कौशल कुमार एवं सदस्य श्री देवेन्द्र पाण्डेय ने सवालो का जवाब दिया इस कार्यक्रम को धन्यवाद ज्ञापन श्री कुमार रंजन जी ने किया, पुरे कार्यक्रम को सम्पादित करने में किशोरियों, बाल संरक्षण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला पर्यवेक्षिका, CDPO, चाइल्ड लाइन, NGO प्रतिनिधि, समाज कल्याण विभाग एवं चेतना विकास के साथियों की अहम् भूमिका रही.

## पीपीटी के माध्यम से एवं डमी प्रपत्रों के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह प्रखंड कार्यालय के सभागार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध में उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतो के द्वारा 32 गिरिडीह विधानसभा एवं एवं 31 गांडेय विधानसभा के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति बूथ लेवल पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों के आलोक में पीपीटी के माध्यम से एवं डमी प्रपत्रों के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में सभी बूथ लेवल पदाधिकारियो को को गणन प्रपत्र, भवनाओं का मानकीकरण, नजरी नक्शा का टैगिंग, प्रपत्र 6, 7, 8 घोषणा प्रपत्र एवं पुनरीक्षण के हेतु मानक वर्ष 2003 के वोटर लिस्ट के बारे में बताया गया। सभी बूथ लेवल पदाधिकारी को डमी प्रपत्रों में निर्धारित कॉलम एवं शर्तों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को गिरिडीह प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री गणेश रजक ने भी संबोधित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर अरविंद कुमार विपिन कुमार राय एवं विजेंद्र सेठ उपस्थित रहे। कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में रंजीत कुमार वर्मा अशोक कुमार भी अपना योगदान दिए।

## देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में उतरे फॉरवर्ड ब्लॉक कार्यकर्ता

- कहा, मोदी सरकार मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड वापस ले
- स्थानीय सवालों पर भी संघर्ष का ऐलान




**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** 9 जुलाई को आहूत देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के कार्यकर्ताओं ने बेंगाबाद की सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया और मोदी सरकार से द्वारा लाए गए मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड वापस लेने सहित कई मांगों को रखा। कार्यक्रम की अगवाई करते हुए बेंगाबाद के पूर्व जिप सदस्य एवं फारवर्ड ब्लाक नेता राजेश यादव ने कहा कि, मोदी सरकार सत्ता में आने के समय से ही लगातार किसान-मजदूरों के खिलाफ काम कर रही है। एक-एक कर सार्वजनिक उपक्रम बेचे जा रहे हैं। युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगा। किसानों के खिलाफ काले कानून लाए जिसे आंदोलन के बल पर वापस कराया गया। अब मजदूरों के खिलाफ चार लेबर कोड लागू किया गया है, जो मजदूरों को पूंजी के शोषण के अधीन करने के लिए है। इसे देश का मजदूर वर्ग कभी स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि, आंदोलन के जरिए सभी मजदूरों के लिए न्यूनतम 26000 रुपए प्रतिमाह वेतन/मजदूरी निर्धारित करने, सबों को मुफ्त शिक्षा- चिकित्सा- आवास की सुविधा उपलब्ध कराने, किसानों के लिए एमएसपी लागू करने, देश के संविधान के मूलभूत मूल्य पर हमले बंद करने, अभिव्यक्ति के अधिकार और विचारों की असहमति पर कुठाराघात बंद करने सहित अन्य मांग किए गए। साथ ही, स्थानीय सवालों के तहत ग्रामीण क्षेत्र की सभी पे जलापूर्ति योजनाओं को तत्काल चालू करने, राशन चोरी बंद कर गरीबों को मिलने वाला अतिरिक्त 3 माह का राशन वितरण करने, बंद किए गए सभी सरकारी स्कूलों को चालू करने, माफियाओं द्वारा गरीबों को भूदान में मिली जमीन की लूट बंद कर उन्हें भूमिहीनों के हवाले करने सहित अन्य मांगे किए गए। यह भी ऐलान किया गया कि जन सवालों पर संघर्ष तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवनंदन यादव, रामलाल मंडल, राजेंद्र मंडल, शंभू ठाकुर, मनोज यादव, फोदार सिंह, संजय चौधरी, चोवा रजक, राजू पासवान, शंभू तुरी, झारखंडी मंडल, महेंद्र साव, महेश वर्मा, सुखदेव गोस्वामी, मुरारी यादव, बिरजू कोल, छोटेलाल यादव, झरी कोल, नंदलाल रजक, उमेश यादव, शंकर यादव, रियाज अंसारी, अख्तर अंसारी, कंचन देवी, चंपा देवी, मुनिया देवी, प्रदीप यादव, अशोक सिंह, गजाधर सिंह, रामा तुरी, कुमार सिंह, दुखी तुरी, फुलवा देवी, भूदाली पंडित, गजाधर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# शोध में नैतिकता की अनदेखी नहीं होनी चाहिए: प्रो. धर्मेंद्र कुमार

**विभावि में दुसरे दिन रिसर्च एथिक्स पर हुई व्यापक चर्चा**

**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन पहले सत्र में केंद्रीय विश्वविद्यालय, दक्षिण बिहार, गयाजी के सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार काव्य खान हुआ। इन्होंने शोध नीतिशास्त्र और शोध प्रक्रिया के विभिन्न नैतिक आयामों पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी शोध का मूल केवल निष्कर्ष प्राप्त करना नहीं, बल्कि उस प्रक्रिया को ईमानदारी, पारदर्शिता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ संपन्न करना होता है। अपने वक्तव्य में डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने शोध की नैतिक परंपरा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बीसवीं शताब्दी के आरंभ से लेकर आज तक शोध नीतिशास्त्र ने अनेक परिवर्तन और सुधार देखे हैं। उन्होंने 1906 से लेकर 2017 तक की महत्वपूर्ण नैतिक संहिताओं की व्याख्या करते हुए एपीए द्वारा निर्धारित शोध सिद्धांतों और शोध नैतिकता संहिता की व्यावहारिक जानकारी दी। शोध कार्य करते समय अनुसंधानकर्ता को यह समझना आवश्यक है कि वह न केवल ज्ञान निर्माण की प्रक्रिया में संलग्न है, बल्कि वह समाज और मानवता के प्रति भी उत्तरदायी है। इसलिए शोध का हर चरण अर्थात, विषय का चयन, डेटा संग्रहण, विश्लेषण तथा निष्कर्ष, नैतिक मूल्यों के अधीन होना चाहिए। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि किसी भी अध्ययन में भाग ले रहे व्यक्तियों की पूर्व सहमति लेना एक नैतिक और कानूनी अनिवार्यता है।

साहित्यिक चोरी को शोध की सबसे गंभीर नैतिक चूक बताते हुए डॉ. कुमार ने कहा कि यह शोध के प्रति आपकी नीयत और दृष्टिकोण को दर्शाता है। इससे बचने के लिए शोधार्थियों को संदर्भ देने की विधियों में पारंगत होना चाहिए, साथ ही मूल लेखक की बातों को अपने शब्दों में सार्थक भावांतरण के साथ प्रस्तुत करने की कला भी सीखनी चाहिए। डॉ. कुमार ने रिसर्च एथिक्स में कर्तव्य आधारित दृष्टिकोण यानी डेनटोलॉजिकल एप्रोच और प्रसिद्ध दार्शनिक इमैनुएल कांट के नैतिक दृष्टिकोण की चर्चा करते हुए कहा कि शोधकर्ता को अपने दायित्वों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए, चाहे परिणाम कुछ भी हो। उन्होंने मानवाधिकार, सामाजिक मूल्य और पशु कल्याण जैसे विषयों को शोध नैतिकता से जोड़ते हुए कहा कि किसी भी अनुसंधान में इन पहलुओं की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

आज शोध के क्षेत्र में 150 से अधिक नैतिक दिशानिर्देश लागू हैं, जिन्हें विश्वभर में मान्यता प्राप्त है। डॉ. कुमार ने विशेष रूप से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित आचरण संहिता को लागू करने पर ज़ोर दिया। उन्होंने Informed consent पर जोर देने की बात की। एथिकल गाइडलाइन मे डीबिरीफ (Dbrief ) को अनिवार्य बताया। उन्होंने यह भी कहा कि शोध में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और सत्यनिष्ठ को बनाये रखना तो इन नियमो का पालन होना जरूरी है।

वहीं दूसरे सत्र में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सादिक रज़्ज़ाक ने शोध मापन के स्तरों पर अपना वक्तव्य देते हुए बताया कि किसी भी शोध की वैज्ञानिकता इस बात पर निर्भर करती है कि शोध में प्रयुक्त मापन विधियाँ कितनी उपयुक्त और सुसंगत हैं। उन्होंने मापन के चार प्रमुख स्तरों नाममात्र स्तर, क्रम स्तर, अंतर स्तर और अनुपात स्तर की विस्तार से व्याख्या की, तथा यह स्पष्ट किया कि किस प्रकार ये विभिन्न स्तर शोध के उद्देश्य और आंकड़ों की प्रकृति के अनुसार प्रयोग किए जाते हैं। डॉ. रज़्ज़ाक ने बताया कि नाममात्र स्तर श्रेणियों की पहचान के लिए उपयोगी होता है, जबकि अनुपात स्तर संख्यात्मक आंकड़ों का गहराई से







विश्लेषण करने में सहायक होता है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि यदि मापन विधि उचित नहीं हो तो शोध का निष्कर्ष भी भ्रमपूर्ण हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि एक अच्छे शोधकर्ता को इन स्तरों की वैज्ञानिक समझ होनी चाहिए ताकि वह अपने अनुसंधान में मापनीयता और विश्लेषण की गुणवत्ता बनाए रख सके।

## संक्षिप्त समाचार

### महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल द्वारा पटना-डीडीयू रेलखंड का फुटप्लेट निरीक्षण



**संवाददाता द्वारा**

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा पटना-डीडीयू रेलखंड का गाड़ी संख्या 12309 राजेन्द्रनगर-नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस के इंजन में लोको पायलट के साथ फुटप्लेट निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने पटना-डीडीयू रेल खण्ड पर संरक्षा, मानसून प्रीकॉशन्स, सिगनलों की दृश्यता, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक की समुचित बैलास्टिंग, ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवरहेड ट्रैक्शन व एलाइनमेंट, कॉशन ऑर्डर एवं ट्रैक फिटिंग्स आदि का निरीक्षण किया । इसके साथ ही लोको पायलट द्वारा स्टेशन एवं लेवल क्रासिंग गेट से गुजरते समय स्टेशन मास्टर/गेटमैन के साथ सिगनल का एक्सचेंज कर रहे है या नहीं, कॉशन ऑर्डर का पालन किया जा रहा है या नहीं तथा लोको पायलट द्वारा स्टेशन से बाहर निकलते समय एवं कर्व से गुजरते समय गाड़ी का लुक बैक किया जा रहा है या नहीं, इन सब पहलुओं का भी महाप्रबंधक द्वारा फुटप्लेट के दौरान जायजा लिया गया । महाप्रबंधक ने फुटप्लेट के दौरान राजधानी एक्सप्रेस के लोको पायलट तथा सहायक लोको पायलट को संरक्षा नियमों का पालन करते हुए सजगता से कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया

### स्वास्थ्य मेला 2025 के तहत छोटा परिवार सुखी परिवार का नारा लगाते हुए रैली निकाली गई



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** जिले के नगर थाना क्षेत्र स्थित पटेल चौक के समीप बुधवार को पुराना सदर अस्पताल से परिवार स्वास्थ्य मेला 2025 के तहत छोटा परिवार सुखी परिवार का नारा लगाते हुए रैली निकली जो कि सिद्ध कानू स्टेडियम रोड नया सदर अस्पताल में जाकर समापन हुई। रैली शहर के विभिन्न मार्ग से होते हुए सेबी का ऑशाहिया द्वारा रैली निकालकर लोगों को अपने परिवार की ओर आकर्षित होते हुए सहिया और सेविका द्वारा रैली निकालकर लोगों को परिवार कल्याण को लेकर जागरूक किया। पुराना सदर अस्पताल पटेल चौक से निकलकर शहर भ्रमण करते हुए चौक चौराहा होते हुए नया सदर अस्पताल सिद्धू कानू स्टेडियम रोड स्थित जाकर नया सदर अस्पताल में समापन किया। यदि किसी को फेंके गए बच्चे की जानकारी मिले तो वह तत्काल 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) या 112 नंबर पर सूचना दें ताकि समय पर बच्चे की जान बचाई जा सके।

### परिवार स्वास्थ्य मेला 2025 को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** पुराना सदर अस्पताल परिसर से विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर लगने वाले परिवार स्वास्थ्य मेला 2025 को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली को डीएलओ डॉ किरण माला,सदर सीएचसी प्रभारी डॉ महमूद आलम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.जागरूकता रैली में शामिल सहिया, एएनएम व स्कुली बच्चे छोटा परिवार सुखी परिवार का नारा लगाते हुए पुराना सदर अस्पताल, पटेल चौक सहित शहर का भ्रमण करते हुए नया सदर अस्पताल पहुंच कर संपन्न हुआ.

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जप गांव निवासी सुनील कुमार का 19 वर्षीय पुत्र मोहन कुमार व मारीचक्र निवास संतोष राय का 15 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार अपने घर से दोनों युवक मोटरसाइकिल में सवार होकर बोरिया बाजार बैंक आया था। बैंक का काम निपटारा करने के उपरांत उक्त दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर वापस जा रहा था। इसी बीच मोटरसाइकिल टर्निंग लेने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उक्त दोनों युवक बुरी तरह घायल होकर बीच सड़क पर गिर गया। जहां राहगीरों व परिजनों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उक्त दोनों युवकों का प्राथमिक इलाज करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# दिल्ली प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय ने आज इंडिया हैबिटैट सेंटर में नए शैक्षणिक कार्यक्रमों और पहलों के बारे में जानकारी देने के उद्द्येश्य से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया

**शशांक चौधरी**

**नई दिल्ली।** प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए माननीय कुलपति प्रो. प्रतीक शर्मा ने डीटीयू की नई पहलों के पीछे के उद्देश्य को साझा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का प्रमुख लक्ष्य राष्ट्र और समाज की सेवा करना है, और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से सामाजिक समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी प्रयास राष्ट्रीय मिशनों को साकार करने और समाज के परिवर्तन की दिशा में केंद्रित हैं।




उन्होंने बताया कि डीटीयू ने अनुसंधान एवं विकास में मौजूद कमियों की पहचान करने, इन कमियों को पाटने और शिक्षा के माध्यम से सृजित ज्ञान को औपचारिक रूप देने के लिए विभिन्न उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए हैं। प्रो. शर्मा ने डीटीयू जैसे तकनीकी संस्थानों की भूमिका पर भी ज़ोर दिया, जो तकनीक में हो रहे बदलाव के साथ तालमेल बिठाने और साथ ही स्थिरता को भी ध्यान में रखने के लिए ज़िम्मेदार हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि डीटीयू ने एक सामुदायिक विकास एवं अनुसंधान केंद्र की स्थापना की है, जिसने रणनीतिक रूप से सामाजिक रूप से प्रासंगिक और राष्ट्रीय समस्याओं का एक संग्रह तैयार किया है ताकि डीटीयू के छात्रों और संकाय सदस्यों को इन समस्याओं के समाधान में मिलकर काम करने का अवसर मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर प्रकाश डाला कि डीटीयू में ऊर्जा परिवर्तन के लिए नोडल केंद्र ने सतत ऊर्जा के लक्ष्य तक पहुँचने और विकासात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में कई कदम उठाए हैं।

प्रो. शर्मा ने घोषणा की कि इन लक्ष्यों को औपचारिक रूप देने के लिए डीटीयू ने तीन नए स्नातक पाठ्यक्रम शुरू किए हैं:

बी.टेक इन डेटा साइंस एंड एनालिटिक्स

बी.टेक इन साइबर सुरक्षा

बी.टेक इन वीएलएसआई डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी

ये सभी पाठ्यक्रम राष्ट्रीय अर्धचालक (सेमीकंडक्टर) और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) मिशन से जुड़े हैं।

इसके साथ ही उन्होंने तीन नए स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की भी घोषणा की:

एम.टेक इन साइबर सुरक्षा

एम.टेक बाय रिसर्च इन ESG (पर्यावरण, सामाजिक और शासन), जो पर्यावरण अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कंपनी सेक्रेटरी संस्थान (ICSI) के साथ मिलकर संचालित किया जाएगा

एम.टेक बाय रिसर्च इन रिन्यूएबल एनर्जी सिस्टम्स, जो इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, एप्लाइड फिजिक्स और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागों द्वारा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी (NISE) के सहयोग से चलाया जाएगा।

एम.टेक बाय रिसर्च प्रोग्राम में छात्रों को तीन समर्पित सेमेस्टर दिए जाएंगे, जिनमें वे वास्तविक परियोजनाओं पर कार्य करेंगे।

प्रो. शर्मा ने यह भी बताया कि डीटीयू ने जियोस्पेशियल साइंस एवं टेक्नोलॉजी विभाग की स्थापना की है, जो रिमोट सेंसिंग, जीआईएस, जीएनएसएस और जियोस्पेशियल डाटा विश्लेषण जैसे क्षेत्रों में उन्नत शोध और प्रशिक्षण प्रदान करेगा। यह विभाग आपदा प्रबंधन, शहरी नियोजन और पर्यावरण निगरानी जैसे राष्ट्रीय परियोजनाओं में सहायता करेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि डीटीयू ने विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (MoUs) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें यूनिवर्सिटी ऑफ ह्यूस्टन, राइट स्टेट यूनिवर्सिटी और ब्रैडली यूनिवर्सिटी शामिल हैं। इससे DTU और इन विश्वविद्यालयों के छात्रों को वैश्विक स्तर पर अध्ययन और अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के उद्देश्य को बढ़ावा देने और क्रेडिट शेयरिंग की सुविधा के लिए, डीटीयू ने साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के साथ भी MoU पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे विशेष रूप से पीएचडी छात्रों को अपने विश्वविद्यालय में न उपलब्ध पाठ्यक्रमों को अन्य संस्थानों से करने का विकल्प मिलेगा।

उद्योग जगत के साथ सहयोग को अनिवार्य बताते हुए उन्होंने बताया कि डीटीयू ने सिद्धार्थ ग्रीस एंड लुब्स के साथ समझौता किया है, जिसके तहत ट्राइबोलॉजी के क्षेत्र में कौशल विकास केंद्र की स्थापना की जाएगी। साथ ही GRID-INDIA और DRDO के साथ भी MoUs किए गए हैं, जिससे राष्ट्रीय हित की परियोजनाओं पर सहयोग से कार्य किया जा सके।

उन्होंने यह भी बताया कि डीटीयू को आईसीसीआर के QUAD-STEM कार्यक्रम के लिए चुना गया है और यह उन 8 संस्थानों में से एक है जिन्हें 130 संस्थानों में से चयनित किया गया है। डीटीयू ने डिजिटल शिक्षा के लिए एक अलग वर्टिकल स्थापित किया है, जिसमें ऑनलाइन MBA कोर्स, 6-महीने के कार्यकारी पाठ्यक्रम और टियर-2 व टियर-3 संस्थानों के लिए प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

प्रो. शर्मा ने कहा कि डीटीयू का बढ़ता हुआ पूर्व छात्र नेटवर्क विश्वविद्यालय को विभिन्न अवसरों का विस्तार करने में मदद कर रहा है। पूर्व छात्रों से जुड़े मामलों के तहत, डीटीयू ने एक एंडोमेंट फंड की स्थापना की है, जिससे पूर्व छात्र एवं अन्य संगठन कैंपस परियोजनाओं में योगदान दे सकें।

उन्होंने यह भी बताया कि DTU-IIF सेंटर ने अब तक 100 से अधिक स्टार्टअप्स को इनक्यूबेट किया है, जिनकी कुल संयुक्त वैल्यूएशन 700 करोड़ से अधिक है और उन्होंने 1000+ नौकरियों का सृजन किया है। अपने संबोधन का समापन करते हुए उन्होंने कहा कि डीटीयू गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, औपचारिक और अनौपचारिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से क्षमतावर्धन को बढ़ावा देने, आत्मनिर्भरता के राष्ट्रीय लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सामाजिक समस्याओं के समाधान में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

दिल्ली प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीटीयू के माननीय कुलपति प्रो. प्रतीक शर्मा, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार, डिजिटल शिक्षा की डीन प्रो. एस. इंदु, स्नातक अध्ययन की डीन एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजेश्वरी पांडे, स्नातकोत्तर अध्ययन की डीन प्रो. रिंकू शर्मा तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विभागों के डीन और विभागाध्यक्ष उपस्थित हुए.

# प्रदेश भाजपा के लिए अहम है अमित शाह का दौरा, नए अध्यक्ष का नाम होगा तय

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांची।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का रांची दौरा पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के लिए हो रहा है, लेकिन झारखंड प्रदेश भाजपा के लिए भी अमित शाह के रांची आने पर कई महत्वपूर्ण निर्णय की संभावना है। लंबे समय से टल रहे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के चुनाव पर गृहमंत्री के इस एक दिवसीय दौरे में अंतिम मुहर लग सकती है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और उनकी टीम के नेताओं की गृहमंत्री संग गुरुवार सुबह अनौपचारिक मुलाकात होनी है। इसमें संगठन की स्थिति, राज्य के राजनीतिक हालात समेत कई मुद्दों पर चर्चा होगी। अमित



शाह के रांची आने से दो दिन पूर्व मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी एक दिन के प्रवास पर रांची पहुंचे थे। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश भी इसी दौरान रांची प्रवास पर थे। केंद्रीय नेतृत्व के शीर्ष लोगों का एकसाथ रांची में होना प्रदेश संगठन के लिए किसी बड़े निर्णय का संकेत माना जा रहा है।

**प्रदेश संगठन में नए लोगों को लाने की पहल:** राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष पिछले एक महीने में झारखंड भाजपा के लिए तीन अहम बैठक कर चुके हैं। केंद्रीय नेतृत्व राज्य में नए लोगों को संगठन से जोड़ने की योजना बना रहा है।

राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने इसके लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विद्यार्थी परिषद के लोगों से भी संवाद किया है।युवा नेतृत्व में जातीय समीकरण साधने की चुनौती की वजह से प्रदेश संगठन में बदलाव की प्रक्रिया थमी हुई है। गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक के बाद इसे पूर्ण किए जाने की संभावना भाजपा नेता जता रहे हैं।



***फूल शंकर डामोर***

उदयपुर ग्रामीण पूर्व विधायक स्व खेमराज कटारा पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार के 73 वी जन्म जयंती पर उदयपुर निवास पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओ पदाधिकारीयो कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रधान गिर्वा धर्म पत्नी सज्जन कटारा युवा नेता डॉ विवेक कटारा पूर्व सांसद उदयपुर रघुवीर सिंह मीणा कांग्रेस देहात जिला अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी पूर्व उप जिला प्रमुख लक्ष्मी नारायण पंड्या मोड़ सिंह सिसौदिया सहित सैकड़ों लोगों ने स्व खेमराज कटारा के किए कार्यों को याद करते हुए प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्चित कर याद किया।

## मुख्यमंत्री आत्मनिर्भर असम योजना में पक्षपात के आरोप, गुवाहाटी हाईकोर्ट को दो सप्ताह के भीतर असम सरकार द्वारा हलफनामा दाखिल करने का निर्देश

**पंकज नाथ, असम,**
**आदिवासी एक्सप्रेस**

'मुख्यमंत्री आत्मनिर्भर असम योजना' को लेकर गंभीर पक्षपात के आरोप सामने आए हैं। इसी वजह से गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने असम सरकार को दो सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि इस योजना से संबंधित दाखिल रिपोर्टों में संकेत दिया गया है कि बड़े पैमाने पर पक्षपात के कारण लाभार्थियों के चयन में गड़बड़ी हुई है, और अयोग्य उम्मीदवारों को अधिक योग्य लोगों की तुलना में प्राथमिकता दी गई है। दावा किया गया है कि इस प्रक्रिया ने वंचित




लोगों के बीच गहरी असंतुष्टि पैदा की है, जिसके चलते सरकार के खिलाफ उच्च न्यायालय में औपचारिक याचिका दाखिल की गई। याचिका में आरोप लगाया गया है कि सरकार ने योग्य उम्मीदवारों की बजाय पार्टी से जुड़े लोगों को प्राथमिकता दी, जिससे मेरिट आधारित प्रक्रिया प्रभावित हुई है। इन आरोपों को गंभीरता से लेते हुए अदालत ने विस्तृत सुनवाई की और योजना से जुड़े चयन प्रक्रिया तथा निगरानी व्यवस्था को लेकर सरकार से सवाल किए। न्यायालय द्वारा इंगित जांच के बावजूद सुनवाई के दौरान सरकारी प्रतिनिधि संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। इसी कारण न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वे आगामी दो सप्ताह के भीतर अपनी चयन प्रक्रिया का विस्तृत विवरण देते हुए एक व्यापक हलफनामा दाखिल करें।

## नवजात शिशु को झाड़ीयो में फेंका

**सं, सू पंकज कुमार ठाकुर**

**चांदन (बांका)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आनंदपुर ओपी थाना क्षेत्र के खरना गांव के समीप आज दोपहर को एक कलंकित मां ने अपने नवजात शिशु को जन्म देकर झांसी में फेंक कर ममता को शर्मशार कर दिया।बताया जाता है कि रास्ते में आने-जाने वाले राहगिरों को बच्चे की रोने की आवाज सुनाई पड़ने और



झाड़ी के पास जाकर देखने पर झाड़ी में बच्चे फेंके जाने की जानकारी आस-पड़ोस कि लोगों को दिया।स्थानीय लोग झाड़ी के पास पहुंचा तो एक नवजात शिशु को रोते बिलखते देखकर बच्चे झाड़ी में फेंके जाने की जानकारी पुलिस को दिया। सुचना पर पहुंचे पुलिस ने शिशु को आनंदपुर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों द्वारा बच्चे की इलाज किया जा रहा है।

## सांसद गिरधारी यादव एवं कटोरिया विधायक निक्की हेंब्रम को भी गणना प्रपत्र प्रदान किया गया

**बांका संवाददाता श्रीकान्त यादव**

बांका में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत सभी प्रखंडों में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाता गणना फॉर्म वितरित कर रहे हैं तथा पूर्ण किए गए प्रपत्रों को निर्धारित समयसीमा में अपलोड भी कर रहे हैं।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, बांका के निर्देशानुसार सभी बीएलओ की कार्य प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में आज बांका के सांसद श्री गिरधारी यादव एवं कटोरिया विधायक श्रीमती निक्की हेंब्रम को भी गणना प्रपत्र प्रदान किया गया।

विदित हो विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत हाउस टू हाउस सर्वेक्षण: 25 जून से 26 जुलाई 2025 तक, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन: 1 अगस्त 2025, दावे एवं आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि: 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक एवं अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन: 30 सितंबर 2025 को किया जाएगा।

# पाकुड़ शहर के छोटी अलीगंज में विशेष स्वास्थ्य जॉच शिविर का हुआ आयोजन

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़** - इंटीग्रेटेड एक्टिव केस सर्च अभियान के अंतर्गत पाकुड़ शहर के वार्ड नंबर 3, छोटी अलीगंज में स्वास्थ्य विभाग की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ0 आदित्य रंजन, चिकित्सा पदाधिकारी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़ के द्वारा सामान्य एवं गंभीर बीमारियों की जांच किया गया। गंभीर बीमारियों की जांच के साथ साथ रोगी को सलाह देते हुए सदर अस्पताल पाकुड़ रेफर किया गया तथा सामान्य बीमारियां जैसे हाइपरटेंशन, सुगर, सर्दी, खांसी, बुखार, हाथ, पैर का फूलना,



कमजोरी, एनीमिया इत्यादि जैसे बीमारियों को शिविर में ही जांच करते हुए उपचार किया गया।जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ0 एस के झा एवं जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक विनोद कुमार वर्मा के द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ0 एस के झा द्वारा भी कुछ मरीजों की बीपी एवं पल्स की जांच किया गया। डॉ झा ने बताया कि कैंप में कुल 70 महिला पुरुष एवं बच्चों की जांच किया गया। मौके पर मौजूद जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि शहरी क्षेत्र पाकुड़ में कुल 6 स्वास्थ्य जॉच शिविर लगाया जाना है जिसमें अबतक कुल 4 शिविर लगाया जा चुका हैं। कल दिनांक 10 जुलाई को पाकुड़ शहर के टीनबंगला पोखर के पास स्वास्थ्य जॉच शिविर लगाया जाएगा जिसमें बागानपाड़ा, नया टोला, हिरण चौक अन्नपूर्णा कालोनी के लोग अपना स्वास्थ्य जॉच कराएंगे।

शिविर में मुख्य रूप से स्वास्थ्य कर्मियों ने रस्वास्थ्य सेवा दिया जैसे ए एन एम, पॉलिना प्रमिला मुर्मू, सेलिन टुडू, लैब टेक्नीशियन मधुसूदन मंडल, एमपीडब्ल्यू रवि मरांडी, लोक स्वास्थ्य प्रबंधक मोहम्मद फहीम अख्तर, संजीव कुमार एवं सहिया सरिता देवी, सबिता देवी,कविता हाजरा उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शिविर आयोजित

**संवाद सूत्र -पंकज कुमार ठाकुर**

चांदन(बांका)प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आज बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन मे गर्भवती महिला की प्रसव पूर्व जांच हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दर्जनों गर्भवती महिलाओं की जांच की गई।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0आशिष एवं डॉ शशिकांत कुमार ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान जांच



जरूरी होती है,ताकि जच्चा-बच्चा सुरक्षित रहें। इसी को ध्यान में रखते हुए हर महीने की 9 तारीख को स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया जाता है।अब महिलाएं भी जागरूक हो रही हैं बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं शिविर में आकर स्वास्थ्य जांच करा रही हैं।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0आशिष कुमार,डॉ शशिकांत कुमार,और उनकी टीम ने गर्भवती महिलाओं की जांच की। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उचित प्रबंध किए गए।इस दौरान महिलाओं को फल,पौष्टिक आहार और दवाएं भी दी गईं। डॉ0 शशिकांत कुमार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच और बेहतर परामर्श देना है। गर्भावस्था के दौरान चार बार जांच कराने से प्रसव की जटिलताओं में कमी आती है। पूरी जांच न होने पर उच्च जोखिम गर्भधारण की पहचान नहीं हो पाती, जिससे प्रसव के दौरान जटिलता बढ़ जाती है। इस अभियान से संभावित जटिलताओं का पहले ही पता चल जाता है, जिससे प्रसव सुरक्षित होता है। महिलाओं को आयरन की गोली और पोषक आहार लेने की सलाह दी गई। यह अभियान सुदूर गांवों में रहने वाली महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में भी कमी आ रही है।इस मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक परशुराम सिंह,जीएनएम प्रियंका,सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## आईएसएसएफ वर्ल्ड कप : भवतेग और मीराज फाइनल की दौड़ में, गनेमत भी रेस में बरकरार

**लोनाटो (इटली)।** आईएसएसएफ वर्ल्ड कप (शॉटगन) के पुरुष स्कीट मुकाबले में भवतेग सिंह गिल और अनुभवी मीराज अहमद खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार क्वालिफाइंग राउंड के बाद 98 अंकों के साथ फाइनल की प्रबल दावेदारी पेश की है। भवतेग ने लगातार दो परफेक्ट राउंड (25-25) का स्कोर दागा और मीराज ने भी (24, 25, 24, 25) का प्रदर्शन करते हुए खुद को मजबूती से रेस में बनाए रखा। महिला स्कीट वर्ग में भारत की गनेमत सेखों ने दो लगातार राउंड में 24-24 का स्कोर करते हुए कुल 96 अंक हासिल किए। फिलहाल वह प्रोविजनल आठवें स्थान पर हैं और अंतिम राउंड से पहले फाइनल की दौड़ में बनी हुई हैं। सोमवार को 10वें स्थान से शुरुआत करने वाली गनेमत भी बेहद सटीक निशाना लगाते हुए हर राउंड में सिर्फ एक-एक लक्ष्य चूकीं। हालांकि, वह अब एक बेहद कड़े मुकाबले में फंसी हुई हैं, क्योंकि 96 अंक पर उनके साथ पांच और निशानेबाज़ भी बराबरी पर हैं, जिनमें स्वीडन की विक्टोरिया लार्सन शामिल हैं, जो इस समय छठवें और अंतिम क्वालिफाइंग स्थान पर काबिज़ हैं। अन्य भारतीय निशानेबाज़ों में ओलंपियन महेश्वरी चौहान और राइज़ा ढिल्लों ने क्रमशः (22, 25) और (24, 24) का स्कोर किया। महेश्वरी ने भी गनेमत के बराबर 96 अंक हासिल किए, जबकि राइज़ा का स्कोर 93 रहा। दोनों फिलहाल 27वें और 28वें स्थान पर हैं।

## फिडे ग्रैंड स्विस 2025 की बढ़ी इनामी राशि, भारत के शीर्ष खिलाड़ी गुकेश और अर्जुन शामिल होंगे

**नई दिल्ली।** उज्बेकिस्तान के ऐतिहासिक शहर समरकंद में 3 से 16 सितंबर तक आयोजित होने जा रहे फिडे ग्रैंड स्विस 2025 में इस बार न केवल 625,000 अमेरिकी डॉलर की बढ़ी हुई इनामी राशि दांव पर होगी, बल्कि फिडे कैंडिडेट्स 2026 के लिए सीधा प्रवेश भी खिलाड़ियों को मिलेगा। इस क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट में भारत के दो दिग्गज डी. गुकेश और अर्जुन एरिगैसी, ओपन वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी शामिल होंगे। फिडे ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट हर दो साल में आयोजित होता है और यह विश्व चैम्पियनशिप चक्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस बार टूर्नामेंट के ओपन सेक्शन में इनामी राशि को 460,000 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 625,000 डॉलर और महिला वर्ग में 140,000 से 230,000 डॉलर कर दिया गया है। साथ ही, ओपन और महिला दोनों वर्गों के शीर्ष दो खिलाड़ी 2026 के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालिफाई करेंगे।हालांकि, फिडे ने इस बार एक अहम नियम शामिल किया है, जिसके तहत केवल वे खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिन्होंने जुलाई 2024 से जून 2025 के बीच कम से कम 30 क्लासिकल रेटेड गेम्स खेले हों। इस नियम के चलते पूर्व विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन, डिंग लीरेन और विश्वनाथन आनंद जैसे दिग्गज टूर्नामेंट से बाहर रहेंगे।

## अफगानिस्तान के अंपायर बिस्मिल्लाह जान शिनवारी के निधन पर आईसीसी ने जताया शोक

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अफगानिस्तान के अनुभवी अंपायर बिस्मिल्लाह जान शिनवारी के 41 वर्ष की आयु में निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। बिस्मिल्लाह जान शिनवारी आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ अंपायर्स के सदस्य थे और उन्होंने अपने करियर में 25 पुरुष वनडे और 21 पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग की थी। उनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय दायित्व इस वर्ष फरवरी में ओमान के अल अमेरात में आयोजित आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 का हिस्सा था। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने उनके निधन पर दुख प्रकट करते हुए शोक संदेश में कहा, बिस्मिल्लाह एक प्रसिद्ध अंपायर थे जिन्हें खिलाड़ी, साथी अंपायर और अधिकारी सभी समान रूप से सम्मान देते थे। वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सर्किट पर एक जाना-पहचाना चेहरा थे और उनके सामने एक लंबा करियर था। उन्होंने आगे कहा,क्रिकेट के लिए उनका योगदान बहुत महत्वपूर्ण रहा है। क्रिकेट समुदाय उन्हें बेहद याद करेगा। हम इस अपूरणीय क्षति से बेहद दुखी हैं और उनके परिवार व प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट करते हैं।

## भारत के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड महिला टीम घोषित

**लंदन।** इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने भारत के खिलाफ इस महीने होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय (वनडे) श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। अनुभवी स्पिनर सोफी एक्लेस्टन और बल्लेबाज माया बुशियर की टीम में वापसी हुई है। यह तीन वनडे मैच 16 जुलाई, 19 जुलाई और 22 जुलाई को क्रमशः साउथैम्प्टन, लॉर्ड्स और चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले जाएंगे। सोफी एक्लेस्टन वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली सीरीज में हिस्सा नहीं ले सकी थीं, लेकिन अब वह फिट होकर वनडे टीम में लौट आई हैं। वहीं माया बुशियर को नेट साइवर-ब्रंट की चोट के चलते टी20 टीम में मौका मिला था और अब वे वनडे टीम का भी हिस्सा होंगी। टीम की कप्तान नेट साइवर-ब्रंट, जो ग्रोइन (जांघ की मांसपेशी) की चोट के कारण पांच मैचों की टी20 सीरीज के अंतिम तीन मैचों से बाहर रहीं, अब पूरी तरह फिट हैं और वनडे श्रृंखला में खेलने के लिए तैयार हैं।टीम प्रबंधन की ओर से जारी बयान में कहा गया है, कप्तान नेट साइवर-ब्रंट के पूरी सीरीज में खेलने की उम्मीद है।

# एटलेटिको मैड्रिड में नई शुरुआत को लेकर उत्साहित हैं मैटेओ रुगेरी

एजेंसी
**मैड्रिड।** स्पेनिश फुटबॉल क्लब एटलेटिको मैड्रिड के नए साइनिंग मैटेओ रुगेरी ने कहा है कि जब क्लब ने उनसे संपर्क किया, तो उन्होंने बिना देर किए प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। 22 वर्षीय इटालियन फुल बैक रुगेरी हाल ही में इटली के क्लब अटलांटा से लगभग 17 मिलियन यूरो (करीब 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में एटलेटिको से जुड़े हैं। उन्होंने क्लब के साथ पांच साल का करार किया है, जो जून 2030 तक चलेगा।

क्लब की आधिकारिक वेबसाइट को दिए एक इंटरव्यू में रुगेरी ने कहा, जब मेरे एजेंट्स ने बताया कि एटलेटिको मुझमें दिलचस्पी ले रहा है, तो मैंने बिना सोचे %हां% कह दिया। यह मेरे लिए बहुत बड़ा मौका था, जिसे मैं गंवाना नहीं चाहता था। यहां आकर बहुत



खुशी हो रही है। रुगेरी एटलेटिको की डिफेंस लाइन में बाएं विंग पर जावी गालन के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। हालांकि उन्होंने माना कि कोच डिएगो सिमियोने की रणनीति के अनुसार उन्हें खुद को ढालना होगा। उन्होंने कहा, मैंने ज्यादातर बैक-5 में विंग-बैक के रूप में खेला है, लेकिन मैं बैक-4 में भी खेल सकता हूं या बैक-3 में लेफ्ट सेंटर-बैक के रूप में भी। मुझे आगे बढ़ना और मेहनत करना पसंद है। रुगेरी ने बताया कि उनका उपनाम 'द टाइगर' उनके खेलने के अंदाज की वजह से पड़ा है। उन्होंने कहा, मैं कभी पीछे नहीं हटता। मैदान पर हमेशा एक जुझारू भावना और ऊर्जा के साथ खेलता हूं। अपने लक्ष्य के बारे में बात करते हुए रुगेरी ने कहा कि वह हर दिन मेहनत करना और खुद को सुधारना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कोच डिएगो सिमियोने के अंडर खेलना उनके लिए सपना सच होने जैसा है। उन्होंने कहा, सिमियोने जैसे कोच के साथ काम करना गर्व की बात है। कुछ दिन पहले उनसे मेरी बात हुई, और मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान है। मैं उन्हें अपने खेल से प्रभावित करना चाहता हूं, रुगेरी एटलेटिको में अर्जेंटीना के गोलकीपर जुआन मुसो के साथ फिर से जुड़ेंगे, जिनके साथ वह पहले भी खेल चुके हैं। उन्होंने बताया, मुसो ने क्लब के बारे में कई अच्छी बातें बताई हैं, जिससे मेरा उत्साह और भी बढ़ गया है।

## मोनसून पिकलबॉल चैंपियनशिप 29 जुलाई से, 60 हजार डॉलर की होगी इनामी राशि

एजेंसी
**मुंबई।** ग्लोबल स्पोर्ट्स ने मोनसून पिकलबॉल चैंपियनशिप के तीसरे संस्करण की घोषणा की है, जो 29 जुलाई से 3 अगस्त 2025 तक नवी मुंबई स्थित सिडको एग्जीबिशन सेंटर, वाशी में आयोजित होगा। यह भारत की सबसे बड़ी इनडोर पिकलबॉल प्रतियोगिता है, जिसमें इस बार कुल 60,000 डॉलर (लगभग 50 लाख रुपये) की इनामी राशि रखी गई हैमोनसून पिकलबॉल चैंपियनशिप (3.0) एशिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय पिकलबॉल टूर्नामेंटों में से एक बन चुका है और इसमें भारत समेत दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता पूरी तरह वातानुकूलित 17 इनडोर कोर्ट्स पर खेली जाएगी, जिससे मौसम की बाधा के बिना विश्वस्तरीय अनुभव मिलेगा। इस बार 800 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। प्रतियोगिता सभी वर्गों के खिलाड़ियों के लिए खुली है, जिसमें प्रो, एडवांस, 30+ और 40+ आयु वर्ग, जूनियर व सीनियर श्रेणियां और महिला टीम इवेंट शामिल हैं। प्रतिभागियों के लिए पंजीकरण प्रारंभ हो चुके हैं।

ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक हेमल जैन ने कहा, हमारा उद्देश्य भारतीय एथलीटों को एक वैश्विक मंच देना और भारत में रैकेट खेलों के स्तर को नए आयाम देना है। मोनसून पिकलबॉल चैंपियनशिप 3.0 के साथ हम केवल मानकों को ऊपर नहीं उठा रहे, बल्कि एशिया में अंतरराष्ट्रीय पिकलबॉल आयोजनों की नई मिसाल कायम कर रहे हैं। पिछले संस्करण में 40 से अधिक वर्गों में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था और प्रतियोगिता में खेल भावना व उत्कृष्ट प्रदर्शन का अद्भुत संगम देखने को मिला था।

## मैक्सिको और कोलंबिया के बीच अक्टूबर में होगा दोस्ताना मैच

एजेंसी
**मेक्सिको सिटी।** मैक्सिको और कोलंबिया की राष्ट्रीय फुटबॉल टीमें अक्टूबर में एक अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच में आमने-सामने होंगी। मैक्सिकन फुटबॉल महासंघ ने इसकी पुष्टि की। यह मुकाबला 11 अक्टूबर को अमेरिका के टेक्सास राज्य के आर्लिंगटन स्थित एटी एंड टी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह तारीख आधिकारिक फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो के अंतर्गत आती है। यह मुकाबला 2026 फीफा वर्ल्ड कप की तैयारियों का हिस्सा होगा, जिसकी मेज़बानी मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा मिलकर कर रहे हैं।

फीफा नियमों के अनुसार, इन तीनों देशों की टीमें टूर्नामेंट में सीधे हिस्सा लेंगी कोलंबिया के लिए यह एक उच्च स्तरीय परीक्षा होगी, क्योंकि वह अब भी विश्व कप क्वालिफिकेशन की दौड़ में है। वर्तमान में वह दक्षिण अमेरिका की 10 टीमों की तालिका में छठे स्थान



पर है और उसके दो मैच अभी शेष हैं। शीर्ष छह टीमें सीधे क्वालिफाई करेंगी, जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम को इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ खेलना होगा। गौरतलब है कि मैक्सिको ने हाल ही में लगातार दूसरी बार कॉनकाकाफ गोल्ड कप का खिताब अपने नाम किया है। उसने फाइनल में अमेरिका को हराकर यह जीत हासिल की।

# दाविदे अंचेलोटी बने बोटाफोगो के नए कोच

एजेंसी
**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील की शीर्ष फुटबॉल लीग सीरी ए की प्रमुख क्लब बोटाफोगो ने दाविदे अंचेलोटी को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की है। दाविदे, ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच कार्लो अंचेलोटी के बेटे हैं। 35 वर्षीय दाविदे ने दिसंबर 2026 तक के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। क्लब की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी बयान में कहा गया है, दाविदे अंचेलोटी की नियुक्ति हमारे खेल परियोजना को सशक्त करने की दिशा में एक और रणनीतिक कदम है, जो नवाचार, महत्वाकांक्षा और अंतरराष्ट्रीय पहचान पर आधारित है। दाविदे के साथ लुइस टेवेनेट और एंड्रयू मैगन सहायक कोच के रूप में जुड़ेंगे। यह दाविदे अंचेलोटी का मुख्य कोच के रूप में पहला कार्यकाल होगा। इससे पहले वे अपने पिता कार्लो अंचेलोटी के साथ नापोली, एवर्टन, बायर्न म्यूनिख, रियल मैड्रिड और फिलहाल ब्राजील राष्ट्रीय टीम में सहायक कोच के रूप





में काम कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि वह ब्राजील टीम में अपनी वर्तमान भूमिका को भी बनाए रखेंगे। बोटाफोगो ने फीफा क्लब वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद पिछले सप्ताह अपने कोच रेनातो पाइवा को बर्खास्त कर दिया था। क्लब ने पिछले सीजन में ब्राज़ीलियन सीरी ए और कोपा लिबर्टाडोरेस खिताब जीते थे। फिलहाल बोटाफोगो ब्राजील की 20 टीमों वाली शीर्ष लीग में आठवें स्थान पर है और अगस्त में इक्वाडोर की एलडीयू क्विटो के खिलाफ कोपा लिबर्टाडोरेस के प्री-क्वार्टर फाइनल में भिड़ेगा।

## आर.एस. स्पोर्ट्स अकैडमी में जारी बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ समापन

एजेंसी
**आरएस पुरा।** मीरा साहिब क्षेत्र के गांव माहेशीया में स्थित आर.एस. स्पोर्ट्स अकैडमी में 5 जुलाई से जारी बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइनल मुकाबले खेले गए। बताते चलें कि बैडमिंटन प्रतियोगिता में हर वर्ग के खिलाड़ियों के साथ-साथ ओपन कैटिगरी के लिए भी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आज खेले गए फाइनल मुकाबले में अंडर-13 बॉयज में खिलाड़ी कुमार बिल ने जीत हासिल की। अंडर-13 लड़कियों में शिविका ने पहला स्थान हासिल किया। अंडर-17 बॉयज में हर्ष ने पहला स्थान हासिल किया। अंडर-17 डबल प्रतियोगिता में सक्षम तथा आरम ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-17 लड़कियों में सुहानी ने पहला स्थान हासिल कर प्रतियोगिता में जीत हासिल की। इसके अलावा ओपन कैटेगरी के मुकाबले में भी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर युवा सेवा एवं स्पोर्ट्स विभाग की संयुक्त निदेशक मीनाक्षी





कौल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। इसके अलावा एसडीपीओ आरएस पुरा गुरमीत सिंह विशेष अतिथि के रूप में प्रतियोगिता के समापन मौके पर उपस्थित रहे। वहीं क्षेत्र के खिलाड़ियों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। बताते चलें की बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन आर.एस. स्पोर्ट्स अकादमी के डायरेक्टर रमेश्वर सिंह मन्हास की अध्यक्षता में हो रहा था जिसमें जिला जम्मू के साथ-साथ जिला ऊधमपुर, सांबा, कठुआ सहित अन्य जिलों से खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद संयुक्त निदेशक मीनाक्षी कौल ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में बेहतर स्थान हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाने के लिए आरएस स्पोर्ट्स अकादमी की भी प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले युवा खिलाड़ियों को अकादमी की तरफ से खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का अवसर प्रदान किया जा रहा है और मौजूदा समय में खेलों के माध्यम से ही युवाओं को बुरी आदतों से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं भविष्य में भी आयोजित होती रहनी चाहिए। इस मौके पर एसडीपीओ आरएस पुरा गुरमीत सिंह के साथ-साथ निदेशक रमेश्वर सिंह मन्हास ने अपने विचार रखे। इस मौके पर पृथ्वी सिंह, रणजीत सिंह के साथ-साथ काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## खेल मंत्री मंडाविया ने उत्तर प्रदेश के मोदीनगर में अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग का उद्घाटन किया

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज उत्तर प्रदेश के मोदीनगर में अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग के 2025 सीजन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू भी मौजूद रहीं। लीग के उद्घाटन संस्करण में आठ विभिन्न भार वर्गों में कुल 42 बालिकाएं हिस्सा ले रही हैं। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता ओपन कैटेगरी में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा कि अस्मिता लीग जैसी पहलें देश के कोने-कोने से प्रतिभाओं की खोज और उन्हें तराशने के लिए की जा रही हैं। उन्होंने कहा, हमारा मिशन है कि हर स्तर पर अवसर दें और फिर उनमें छिपी प्रतिभा को तलाशकर उसे निखारा जाए। मोदीनगर में इन बच्चियों की आंखों में जो जुनून है, उसे देखकर मुझे पूरा विश्वास है कि हम यहां से अगली मीराबाई चानू खोज सकते हैं। डॉ. मांडविया ने आगे कहा, मीराबाई चानू से बेहतर रोल मॉडल कोई नहीं हो सकती। एक सुदूर मणिपुरी गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने वाली मीराबाई ने महिला वेटलिफ्टर्स के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। उनका यहां मौजूद रहना इन युवा प्रतिभागियों को प्रेरित करेगा। उन्होंने सरकार की खेलों के प्रति 360 डिग्री प्रतिबद्धता को दोहराते हुए बताया कि पिछले 10 वर्षों में खेल बजट चार गुना बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि अब सरकार हर कोने में खिलाड़ियों तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें यह संदेश देना चाहती है कि अब आपके पास आगे बढ़ने का रास्ता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार की खेल नीति खेलो भारत नीतिको राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जोड़ा गया है।

# फीफा क्लब विश्व कप 2025 : चेल्सी ने फ्लूमिनेंस को हराकर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी
**ईस्ट रदरफोर्ड।** ब्राज़ीलियाई स्ट्राइकर जोआओ पेड्रो के दो शानदार गोलों की बदौलत चेल्सी ने फ्लूमिनेंस को 2-0 से हराकर फीफा क्लब विश्व कप 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह मुकाबला मेट लाइफ स्टेडियम, न्यू जर्सी में खेला गया। ब्राइटन से करीब 60 मिलियन (करीब 650 करोड़ रुपये) में हाल ही में चेल्सी से जुड़े 23 वर्षीय जोआओ पेड्रो ने पहली बार चेल्सी के लिए शुरुआती एकादश में खेलते हुए यह कमाल किया। उन्होंने 18वें मिनट में पहला गोल किया और फिर 56वें मिनट में दूसरा गोल दागा। गौरतलब है कि जोआओ पेड्रो ने अपने करियर की शुरुआत फ्लूमिनेंस से ही की थी और इंग्लैंड आने से पहले क्लब के लिए 36 मुकाबले खेले थे। शायद यही कारण था कि उन्होंने दोनों गोलों के बाद



जश्न नहीं मनाया और हाथ उठाकर फ्लूमिनेंस समर्थकों से माफी जताई। इस जीत के साथ चेल्सी ने लगातार दूसरे मुकाबले में ब्राज़ीलियाई क्लब को हराया है और अब फाइनल में उसका मुकाबला रियल मैड्रिड या पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा।

**फ्लूमिनेंस का सपना टूटा**

2023 की कोपा लिबरटाडोरेस विजेता फ्लूमिनेंस की टूर्नामेंट में शानदार यात्रा का अंत हो गया। उन्होंने ग्रुप स्टेज में बोरुसिया डॉर्टमंड को रोका, फिर इंटर मिलान को हराया और क्वार्टरफाइनल में अल-हिलाल को मात दी थी, जिसने मैनचेस्टर सिटी को बाहर किया था। लेकिन यूरोप की ताकतवर चेल्सी के सामने फ्लूमिनेंस कमजोर साबित हुई। मैच में 70,556 दर्शकों की मौजूदगी रही और चेल्सी ने शुरू से ही अपना दबदबा बनाया।

**मैच का रोमांच**

पहला गोल तब आया जब थियागो सिल्वा की क्लियरेंस पर पेड्रो ने बॉक्स के किनारे गेंद को रोका और शानदार तरीके से गोलकीपर फैबियो को छकाकर गेंद को गोलपोस्ट के कोने में डाल दिया। 25वें मिनट में हर्क्यूलिस ने गोल का शानदार मौका बनाया, लेकिन कुकुरेला ने गोललाइन पर क्लियर कर दिया।

पहले हाफ के अंत में फ्लूमिनेंस को पेनल्टी मिली, जब रिने की क्रॉस चालोबा के हाथ से टकराई, लेकिन वीएआर चेक के बाद यह निर्णय बदल दिया गया। दूसरे हाफ में, जैसे ही फ्लूमिनेंस ने एक डिफेंडर को हटाकर फॉरवर्ड भेजा, एंजो फर्नांडीज की थ्रू पास पर पेड्रो ने एक बार फिर गोल किया - इस बार गेंद बार से टकरा कर अंदर गई।

## सतीश शर्मा ने कश्मीर सुपर लीग 2025 का किया शुभारंभ, खेल विकास, युवा सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई

एजेंसी
**श्रीनगर।** एफसीएस एंड सीए, युवा सेवा और खेल, आईटी और परिवहन मंत्री सतीश शर्मा ने आज कश्मीर सुपर फुटबॉल लीग 2025 का शुभारंभ किया और टूर्नामेंट ट्रॉफी और आधिकारिक जर्सी का अनावरण किया। बहुत उत्साह के साथ आयोजित यह शुभारंभ कार्यक्रम जम्मू और कश्मीर के खेल कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस अवसर पर युवा सेवा और खेल आयुक्त सरमद हाफिज, सचिव खेल परिषद नुजहत गुल, मुख्य खेल अधिकारी अनीसा नबी, खेल परिषद के वरिष्ठ अधिकारी, जम्मू और कश्मीर के फुटबॉल दिग्गज और दिग्गज कोच, भाग लेने वाली टीमें और खेल प्रेमी मौजूद रहे।इस अवसर पर बोलते हुए सतीश शर्मा ने खेल विभाग, खेल परिषद और अन्य हितधारकों को केंद्र शासित प्रदेश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और बुनियादी ढांचे के निर्माण में उनके अथक प्रयासों के लिए हार्दिक बधाई दी। मंत्री ने कश्मीर में खेलों की समृद्ध विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कश्मीर हमेशा से ही अद्वितीय खेल प्रतिभाओं का घर रहा है। कश्मीर सुपर लीग जैसी पहलों को पुनर्जीवित होते देखना और संरचित और पेशेवर तरीके से उस संस्कृति का जश्न मनाना उत्साहजनक है। सतीश शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि खेल नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ने का एक शक्तिशाली साधन है। उन्होंने कहा कि आज युवा कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और खेल एक स्वस्थ और उत्पादक विकल्प प्रदान करते हैं जो न केवल शारीरिक फिटनेस का निर्माण करते हैं बल्कि चरित्र, अनुशासन और टीम वर्क को भी मजबूत करते हैं। यह मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक अग्रिम पंक्ति का बचाव है। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रशासन खेल के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने, ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों तक पहुंच का विस्तार करने और लीग, टूर्नामेंट और जमीनी स्तर के कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं की भागीदारी के लिए स्थायी मंच बनाने पर केंद्रित है। कश्मीर सुपर लीग 2025 में छह टीमों के भाग लेने के साथ टूर्नामेंट प्रतिभा, भावना और एकता का उत्सव होने का वादा करता है। मंत्री ने कहा कि हम एक ऐसा खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इंदौर में भारत के पहले राज्य स्तरीय क्रिकेट म्यूजियम का किया उद्घाटन

एजेंसी
**इंदौर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के परिसर में देश के पहले राज्य-स्तर पर स्थापित क्रिकेट म्यूजियम का भव्य उद्घाटन किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर भी विशेष रूप से मौजूद रहे। यह संग्रहालय भारत के क्रिकेट इतिहास की विरासत को संजोने वाला 'जीवंत अभिलेखागार' है, जिसमें 500 से अधिक दुर्लभ और ऐतिहासिक वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। इनमें शताब्दी पुराना क्रिकेट गियर, ऐतिहासिक बैट्स, मैच में पहनी गई जर्सी, हस्ताक्षरित पत्र, मूल स्कोरकार्ड और महान क्रिकेटरों की व्यक्तिगत वस्तुएं शामिल हैं। इन योगदानकर्ताओं में कर्नल सी.के. नायडू, कपिल देव, राहुल द्रविड़ और दिलीप वेंगसरकर जैसे दिग्गज शामिल हैं। संग्रहालय के उद्घाटन पर सिंधिया ने भावुक होते हुए कहा,यह सिर्फ ईंट और रोशनी का ढांचा नहीं, बल्कि एक सपना है जो साकार हुआ है। एमपीसीए ने जो बनाया है, वह सिर्फ एक संग्रहालय नहीं, बल्कि एक कहानी कहने वाला स्थान है। यह क्रिकेट का मंदिर है। सिंधिया ने बताया कि इस संग्रहालय की कल्पना उन्होंने 15 वर्ष पूर्व एमपीसीए अध्यक्ष रहते हुए की थी। उन्होंने वर्तमान अध्यक्ष अभिलाष नंदीगढ़ और उनकी टीम की अथक मेहनत की सराहना की और इसे दृढ़ संकल्प और जुनून का परिणाम बताया।

# सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में छठे दिन ओडिशा, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ की शानदार जीत

एजेंसी
रांची। 15वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के छठे दिन मैदान पर रोमांच चरम पर रहा। रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में खेले गए मुकाबलों में ओडिशा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव, उत्तराखंड ने अपने-अपने मैचों में दमदार जीत दर्ज की, वहीं झारखंड और हरियाणा के बीच मुकाबला रोमांचक ड्रॉ पर समाप्त हुआ। डिवीजन 'ए' के मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी महाराष्ट्र को 3-0 से हराकर अपना दबदबा कायम रखा। कप्तान किरो संजना (3फीसदी), प्रियंका मिंज (53फीसदी) और स्वीटी कुजूर (58फीसदी) ने शानदार गोल किए। उत्तर प्रदेश हॉकी ने कड़े मुकाबले में हॉकी मध्य प्रदेश को 3-2 से मात दी। यूपी की ओर से नैना (19फीसदी), आकांक्षा मित्रा (40फीसदी), और अरिका कुमारी (49फीसदी) ने गोल किए, जबकि मप्र के लिए कप्तान तन्वी (39फीसदी) और एल्विना बी





(50फीसदी) ने गोल दागे। हॉकी झारखंड और हॉकी हरियाणा के बीच मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। झारखंड की ओर से गुलजान कुमारी (2फीसदी) और हरियाणा की ओर से नैन्सी सरोहा (43फीसदी) ने गोल किए। हॉकी मिजोरम बनाम दिल्ली मैच दिल्ली की अनुपस्थिति के कारण मिजोरम के पक्ष में फॉरफिट कर दिया गया। डिवीजन 'बी' के मुकाबलों में दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी ने हॉकी कर्नाटक को 4-1 से हराया। महक सैनी (24फीसदी, 40फीसदी) ने दो गोल किए, जबकि मानसी सरोज (12फीसदी) और सैफ वानिया (34फीसदी) ने भी स्कोरशीट पर अपना नाम दर्ज कराया। कर्नाटक के लिए कप्तान ए.जी. पियरलिन पोनम्मा (53फीसदी) ने एकमात्र गोल किया।

हॉकी उत्तराखंड ने केरल हॉकी को 6-0 से रौंदा। मीनाक्षी (23फीसदी, 35फीसदी), मुक्ता (24फीसदी, 52फीसदी), कृतिका (7फीसदी) और आश्मी (19फीसदी) ने मिलकर बड़ी जीत दर्ज की। दिन के अंतिम मुकाबले में छत्तीसगढ़ हॉकी ने गुजरात हॉकी को 8-2 से हराकर दमदार प्रदर्शन किया। मनप्रीत कौर (19फीसदी, 31फीसदी, 44फीसदी, 45फीसदी) ने चार गोल और प्रज्ञा ट्विंकल (29फीसदी, 32फीसदी, 44फीसदी) ने हैट्रिक लगाई। कप्तान अंजली एक्का (9फीसदी) ने भी एक गोल किया। गुजरात के लिए शीतलबेन मैड़ा (27फीसदी) और कोमल घाडगे (60फीसदी) ने एक-एक गोल किया।


## गरीब आदिवासी को मिला लगभग एक करोड़ का हीरा



एजेंसी

**पन्ना।** रत्नगर्भा नगरी पन्ना मे आये दिन रंक से राजा बनने में देर नहीं लगती। फिर एक गरीब आदिवासी मजदूर को 11.95 कैरेट का उज्जवल किस्म का हीरा मिला है जिसकी बाजारू अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ आंकी जा रही है। जिला हीरा अधिकारी डॉ. रवि पटेल से हासिल जानकारी के अनुसार हीरा खदान क्षेत्र कृष्णा कल्याणपुर (पटी) में अस्थाई अनुज्ञा पत्र पट्टाधारी एवं हीरापुर टपरियन निवासी माधव आदिवासी को आज 11.95 कैरेट वजन का हीरा प्राप्त हुआ। यह उज्जवल किस्म का है।

## इंडियन बैंक ने केंद्र सरकार को 1,616 करोड़ रुपये का लाभांश चेक दिया



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 1,616 करोड़ रुपये का लाभांश का चेक केंद्र सरकार को दिया। बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बिनोद कुमार ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को यह चेक सौंपा। बैंक ने जारी एक बयान में कहा कि इंडियन बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति शेयर 16.25 रुपये का लाभांश घोषित किया है, जो इसके मजबूत वित्तीय प्रदर्शन के साथ भारत सरकार समेत सभी पक्षों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजित करने के इसके समर्पण को दर्शाता है। इस अवसर पर वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## वित्त मंत्रालय ने निष्क्रिय जन-धन खातों को बंद करने की ख़बरों को निराधार बताया

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत निष्क्रिय बैंक खातों को बंद करने के लिए बैंकों को कोई भी निर्देश दिए जाने की ख़बरों को निराधार बताया है। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने स्पष्ट किया है कि निष्क्रिय खातों को बंद करने के लिए बैंकों को कोई निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। मंत्रालय की ओर से आज यह बयान उन खबरों के बीच आया है, जिनमें दावा किया गया है कि सरकार ने बैंकों से निष्क्रिय जनधन खातों को बंद करने को कहा है। ऐसी रिपोर्टों को गलत बताते हुए डीएफएस ने दोहराया कि ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया गया है। मंत्रालय का कहना है कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना खातों, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं को अपनाने के लिए डीएफएस ने 1 जुलाई से पूरे देश में तीन महीने का अभियान शुरू किया है। इस अभियान के दौरान बैंक सभी बकाया खातों का पुनः केवाईसी भी करेंगे। वित्त मंत्रालय ने बताया कि डीएफएस लगातार निष्क्रिय पीएमजेडीवाई खातों की संख्या पर नजर रखता है। बैंकों को सलाह दी गई है कि वे संबंधित खाताधारकों से संपर्क करके उनके खातों को चालू करें। पीएमजेडीवाई खातों की कुल संख्या लगातार बढ़ रही है और निष्क्रिय खातों को सामूहिक रूप से बंद करने की कोई घटना विभाग के संज्ञान में नहीं आई है।

## डॉलर की तुलना में मजबूत हुआ रुपया, 26 पैसे की तेजी के साथ बंद हुई भारतीय मुद्रा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ ट्रेड डील होने की संभावना, कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट और डॉलर की मांग में कमी आने के कारण आज डॉलर की तुलना में रुपया 26 पैसे की मजबूती के साथ 85.68 (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय मुद्रा 54 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 85.94 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी।इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में आज रुपया डॉलर की तुलना में 19 पैसे की बढ़त के साथ 85.75 के स्तर पर खुला था। दिन के कारोबार में रुपया कमजोर होकर 85.80 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक गिर गया। हालांकि डॉलर की आवक बढ़ने पर भारतीय मुद्रा मजबूत होकर 85.64 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक भी आई। पूरे दिन के काराबोर के बाद भारतीय मुद्रा 85.68 रुपये (अस्थायी) प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई। कैपेक्स गोल्ड एंड इन्वेस्टमेंट्स के सीईओ राजीव दत्ता का मानना है कि कच्चे तेल की कीमत में नरमी आने और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के आज स्टॉक मार्केट में बिकवाल की जगह लिवाल की भूमिका में आ जाने के कारण डॉलर की आवक तो बढ़ी ही, लेकिन उसकी मांग भी घट गई। इसके साथ ही अमेरिका और भारत के बीच जल्द ही टैरिफ को लेकर अंतरिम समझौते का ऐलान होने की संभावना की वजह से रुपये पर बना दबाव आज घटता हुआ नजर आया।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 600 रुपये से लेकर 660 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। हालांकि चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। भाव में गिरावट आने की वजह से आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 98,180 रुपये से लेकर 98,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,000 रुपये से लेकर 90,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,10,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 98,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है,



जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 98,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 98,180 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 98,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 98,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 90,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 90,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 98,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## बीसीसीएल ने एमडीओ मॉडल के माध्यम से पुरानी कोयला खदान फिर से चालू की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) ने माइन डेवलपर और ऑपरेटर (एमडीओ) मॉडल के तहत लंबे समय से बंद पीबी प्रोजेक्ट से कोयला उत्पादन फिर से शुरू कर दिया है। इसके साथ ही बीसीसीएल और पूरे कोल इंडिया इकोसिस्टम के लिए यह पहली चालू एमडीओ खदान बन गई है। कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने वर्चुअल रूप से उपस्थित होकर इस परियोजना की सराहना करते हुए इसे एक अग्रणी कदम बताया और इसकी परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पी.बी. परियोजना का पुनरुद्धार केवल एक खदान को फिर से चालू करने से कहीं अधिक है। प्रसाद ने कहा कि यह इन विरासत परिसंपत्तियों की चुनौतियों को राष्ट्रीय अवसरों में बदलने, समुदायों को सशक्त बनाने और वास्तव में आत्मनिर्भर भारत की ओर आगे बढ़ने से सम्बंधित है। इस अवसर पर बीसीसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता, निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रामैया, निदेशक (तकनीकी)



परिचालन एसके सिंह, निदेशक (तकनीकी), परियोजना एवं योजना मनोज कुमार अग्रवाल तथा ईगल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी भी उपस्थित थे। बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया लिमिटेड और सभी हितधारकों के प्रति उनके निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## स्टॉक मार्केट में क्रीजैक की जोरदार एंट्री, लिस्टिंग के बाद शेयरों को मिला खरीदारी का सपोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एजुकेशन प्लेटफॉर्म क्रीजैक के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूत एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 245 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी एंट्री 280 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 281.05 रुपये के स्तर पर ही हुई। इस तरह एंट्री के साथ ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 14 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। मजबूत लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण इस शेयर में और तेजी आ गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10=15 बजे ये शेयर 288.50 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 17.76 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है। क्रीजैक का 860 करोड़ रुपये का आईपीओ 2 से 4 जुलाई के बीच





सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 62.89 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 141.27 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 80.07 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 10.74 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 2 रुपये फेस वैल्यू वाले 3,51,02,040 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे गए हैं। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 112.14 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 118.90 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 152.93 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 30 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 884.78 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी की चाल में उतार -चढ़ाव

एजेंसी

**नई दिल्ली।**घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के तुरंत बाद लिवालों ने खरीदारी का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी की चाल में मामूली तेजी का रुख बनता हुआ दिखा?। हालांकि कुछ ही मिनट में बिकवालों ने अपना दबाव बना दिया, जिसकी वजह से दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.05प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। आज प्रातः 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, सिप्ला, अदानी एंटरप्राइजेज और श्रीराम फाइनेंस के शेयर 1.48 प्रतिशत से लेकर 0.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर




आईसीआईसीआई बैंक, विप्रो, टाटा स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजी और लार्सन एंड टूब्रो के शेयर 0.94 प्रतिशत से लेकर 0.77 प्रतिशतकी गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,415 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,4055 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,010 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 86.62 अंक की कमजोरी के साथ 83,625.89 अंक के स्तर पर खुला।

# ट्रेड यूनियनों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल से बैंकिंग, डाक और बिजली सेवाएं प्रभावित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार को 10 केंद्रीय श्रम संगठनों (ट्रेड यूनियनों) के राष्ट्रव्यापी हड़ताल के आह्वान का असर देशभर में देखने को मिल रहा है, जिससे बैंकिंग, डाक, बिजली और सार्वजनिक परिवहन समेत कई अन्य सेवाएं प्रभावित हुई है। हालांकि, देशभर के किसी भी वाणिज्यिक बाजार पर कथित भारत बंद का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। ट्रेड यूनियनों के इन 10 संगठनों के मंच ने दावा किया है कि अन्य मुद्दों के साथ-साथ नई श्रम संहिताओं के विरोध में 25 करोड़ श्रमिकों को आम हड़ताल के लिए लामबंद किया जा रहा है। इस बीच अखिल भारतीय मजदूर संघ कांग्रेस की महासचिव अमरजीत कौर ने एक बयान में बताया कि? बुधवार सुबह देशभर में आम हड़ताल शुरू होने के बाद पश्चिम



बंगाल, केरल, झारखंड, कर्नाटक सहित अन्य राज्यों से हड़ताल की खबर और तस्वीरें मिली हैं।

अमरजीत कौर ने कहा कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल से बैंकिंग, डाक और बिजली सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इससे तांबा और कोयला खनन प्रभावित होगा, जबकि कई राज्यों में सार्वजनिक परिवहन पर भी इसका असर पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के किसान संघ भी अपने-अपने क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन करेंगे।

ट्रेड यूनियनों की प्रमुख मांगों में चार श्रम संहिताओं को खत्म करना, ठेकाकरण, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का निजीकरण, न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाकर 26 हजार रुपये प्रति माह करना, इसके साथ ही किसान संगठनों की मांगें शामिल हैं, जिनमें स्वामीनाथन आयोग के सी-2 प्लस 50 फीसदी के फार्मूले के आधार पर फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य और किसानों के लिए ऋण माफी शामिल हैं।

## सेबी ने राइट वाटर, वीडा क्लिनिकल सहित 4 कंपनियों के आईपीओ को मंजूरी दी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 4 कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए मंजूरी दे दी है। इन कंपनियों के नाम हैं- राइट वाटर सॉल्यूशंस (इंडिया) लिमिटेड, वीडा क्लिनिकल रिसर्च, श्रृंगार हाउस ऑफ मंगलसूत्र लिमिटेड और सीडवर्क्स इंटरनेशनल लिमिटेड पूंजी बाजार नियामक सेबी ने जारी एक अपडेट में बताया कि वीडा क्लिनिकल रिसर्च, श्रृंगार हाउस ऑफ मंगलसूत्र, राइट वाटर सॉल्यूशंस और सीडवर्क्स इंटरनेशनल लिमिटेड को आईपीओ के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से अंतिम अवलोकन प्राप्?त हुआ है। इन चारों कंपनियों ने जनवरी और फरवरी के बीच सेबी के समक्ष प्रारंभिक आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे, जिन्?हें 3-4 जुलाई के दौरान विनियामक की टिप्पणियां प्राप्त हुई हैं। सेबी की भाषा में उसकी टिप्पणियां प्राप्त करने का मतलब है सार्वजनिक निर्गम जारी करने की मंजूरी मिल गई है।नागपुर स्थित क्लीन-टेक प्लेयर राइट वाटर सॉल्यूशंस (इंडिया) लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 745 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) 10 फरवरी, 2025 को दाखिल किया था। सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के मुताबिक 2 रुपये अंकित मूल्य वाले आईपीओ में प्रमोटर और निवेशक विक्रय शेयरधारकों द्वारा 445 करोड़ रुपये तक की बिक्री की पेशकश के साथ 300 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू शामिल है। यह कंपनी जल प्रबंधन, सौर कृषि और आईओटी-सक्षम प्रणालियों में समाधान और सेवाओं की एक विविध श्रृंखला प्रदान करता है।

# पूर्वोत्तर में वाटर कनेक्टिविटी पर जोर, सोनोवाल ने की 5,000 करोड़ के निवेश की घोषणा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर हिस्से में जलमार्ग और समुद्री संपर्क को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुवाहाटी में आयोजित 11 साल की सेवा कार्यक्रम में कई घोषणाएं कीं। इनका उद्देश्य पूर्वोत्तर की आर्थिक और रणनीतिक क्षमताओं को पूर्ण रूप से सामने लाना है। यह जानकारी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में दी। सोनोवाल ने बताया कि पूर्वोत्तर में जलमार्गों के विकास के लिए 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसके अलावा आने वाले दशक में समुद्री व्यापार के क्षेत्र में 50,000 युवाओं को प्रशिक्षित करने की योजना है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। कलादान मल्टी-



मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट को वर्ष 2027 तक पूरी तरह चालू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नौवहन सहायता को मजबूत करने के लिए पांडु, तेजपुर, बिस्वनाथ और बोगीबील में लाइटहाउस स्थापित करने की योजना है, जबकि मौसम की सटीक जानकारी देने के लिए भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) केंद्रों की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही 85 सामुदायिक जेटी ग्रामीण व्यापार और आवागमन को सुगम बनाने में मदद करेंगी। नदी परिवहन को सालभर सुचारु बनाए रखने के लिए सरकार 10 एम्फीबियन और कटर सेक्शन ड्रेजर खरीदने के लिए 610 करोड़ रुपये निवेश करेगी। वहीं गुवाहाटी, तेजपुर और डिब्रूगढ़ में जल मेट्रो प्रोजेक्ट की योजना भी बनाई गई है, जिसका व्यवहार्यता अध्ययन पहले ही पूरा हो चुका है। राष्ट्रीय जलमार्ग-2 और जलमार्ग-16 पर 2025 तक एक वैश्विक लॉजिस्टिक कंपनी द्वारा 100 बार्ज संचालित करने की योजना भी घोषित की गई है। साथ ही सिलघाट, नेमाटी, बिस्वनाथ घाट और गुइजान में पर्यटन और कार्गो जेटी के विकास के लिए 300 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है।

## पश्चिम बंगाल में दुर्गापूजा के बाद फिर होगा औद्योगिक सम्मेलन, राज्य सरकार ने की घोषणा

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में पश्चिम बंगाल सरकार एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रमुख आर्थिक सलाहकार अमित मित्रा ने घोषणा की कि दुर्गापूजा के बाद राज्य में एक नया औद्योगिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। अमित मित्रा ने बताया कि बीते तीन महीनों में राज्य स्तरीय 'सिनर्जी समिति' की बैठकों में कुल 3165 औद्योगिक परियोजनाओं को हरी झंडी दी गई है। इनमें रियल एस्टेट, सूचना प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण, पर्यटन सहित कई क्षेत्रों की योजनाएं शामिल हैं। हालांकि अब तक इन परियोजनाओं में संभावित कुल निवेश का आंकड़ा सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन संख्या के लिहाज से इसे उल्लेखनीय उपलब्धि माना जा रहा है।

मित्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर उन परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई है जिनमें विकास की संभावना अधिक हो, रोजगार का सृजन हो सके, निर्यात को बढ़ावा मिले और राज्य की भौगोलिक या प्राकृतिक विशेषताएं उपयोगी साबित हों। राज्य सरकार ने कुछ खास उद्योगों को विकास का आधार मानते हुए उन्हें प्राथमिकता दी है। इनमें इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण, झींगा निर्यात, मत्स्य एवं पोल्ट्री उत्पादन, धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन, आभूषण, सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वस्त्र, चिकित्सा उपकरण एवं औषधि क्षेत्र शामिल हैं।

अमित मित्रा ने बताया कि वर्तमान में राज्य सालाना 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के चमड़ा उत्पाद और 2.05 करोड़ डॉलर मूल्य के चिकित्सा उपकरण और औषधियों का निर्यात करता है। यह आंकड़े राज्य के निर्यात क्षेत्र की संभावनाओं को दर्शाते हैं। सम्मेलन की घोषणा ऐसे समय में की गई है जब 2026 में राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह सम्मेलन न सिर्फ औद्योगिक विकास को गति देगा बल्कि निवेशकों के बीच सकारात्मक संदेश भी पहुंचाएगा। नवान्न को उम्मीद है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में चल रहा यह औद्योगीकरण का प्रयास राज्य की आर्थिक बुनियाद को और मजबूत करेगा।

## अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर बढ़ी बात, कभी भी हो सकता है अंतरिम समझौते का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारत की अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर चल रही बातचीत आखिरी दौर में पहुंच गई है। अब जल्दी ही टैरिफ को लेकर अंतरिम समझौते का ऐलान हो सकता है। बताया जा रहा है कि दोनों देशों के बीच अंतरिम समझौते का मसौदा भी साझा किया जा चुका है और इस मसौदे पर परस्पर सहमति भी बन चुकी है।वाणिज्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव स्तर के एक अधिकारी ने इस संबंध में बताया कि इस समझौते के तहत भारत के टेक्सटाइल, लेदर और जेम्स एंड ज्वेलरी प्रोडक्ट्स पर छूट मिलने की बात तय की गई है। इसके साथ ही इस समझौते से एग्री फूड प्रोसेसिंग सेक्टर से जुड़े ज्यादातर प्रोडक्ट्स बाहर हो सकते हैं। इसी तरह अमेरिका के कई औद्योगिक उत्पादों पर भी भारत इंपोर्ट ड्यूटी को जीरो लेवल पर ला सकता है। बताया जा रहा है कि टैरिफ को लेकर होने वाले इस अंतरिम समझौते के तहत भारत और अमेरिका की तरफ से साझा बयान जारी किया जा सकता है। पहले इस बात का अनुमान था कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस तरह सोमवार रात 14 देशों के नाम एकतरफा तरीके से नई टैरिफ व्यवस्था को लेकर चिट्ठी जारी की थी, उसी तरह भारत के साथ भी ट्रेड डील को लेकर एकतरफा समझौते का ऐलान किया जा सकता है।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी ने आईपीओ के लिए ड्राफ्ट जमा किया, स्टॉक मार्केट में उतरने वाली ग्रुप की 5वीं कंपनी बनेगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) फाइल कर दिया है। इस आईपीओ के तहत 1.76 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे जाएंगे। आईपीओ के तहत कोई नया शेयर नहीं जारी किया जाएगा, बल्कि मौजूदा शेयर होल्डर्स ही अपनी हिस्सेदारी को कम करेंगे। इस आईपीओ के लिए रिकॉर्ड 18 मर्चेंट बैंकर्स को नियुक्त किया गया है। इन मर्चेंट बैंकर्स में मॉर्गन स्टेनली इंडिया, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केटस इंडिया, नोमूरा फाइनेंशियल एडवाइजरी एंड सिक्योरिटीज (इंडिया), कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई कैपिटल मार्केट और गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज के नाम शामिल हैं। इंडियन आईपीओ मार्केट में इसके पहले कभी भी इतनी बड़ी संख्या में मर्चेंट बैंकर्स ने एक आईपीओ को मैनेज करने का काम नहीं किया है। मर्चेंट बैंकर्स की ये संख्या इंडियन आईपीओ मार्केट के लिए एक नया रिकॉर्ड है। उल्लेखनीय है कि इस आईपीओ की लॉन्चिंग और लिस्टिंग के बाद स्टॉक मार्केट में कारोबार करने




वाली ये आईसीआईसीआई ग्रुप की पांचवी कंपनी बन जाएगी। इसके पहले आईसीआईसीआई बैंक, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी स्टॉक मार्केट में लिस्ट हो चुकी हैं। इसी तरह लिस्टिंग के बाद ये स्टॉक मार्केट में लिस्ट होने वाली छठी ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) होगी। इसके पहले यूटीआई एएमसी, एचडीएफसी एएमसी, श्रीराम एएमसी, आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी और निप्पॉन लाइफ इंडिया एएमसी पहले से ही स्टॉक मार्केट में लिस्टेड हैं कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार आईसीआईसीआई बैंक और लंदन की प्रूडेंशियल कॉरपोरेशन होल्डिंग्स के बीच 51:49 की हिस्सेदारी के साथ 1998 से आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी कारोबार कर रही है। एवरेज क्वार्टरली असेट्स अंडर मैनेजमेंट (एक्यूएयूएम) के हिसाब से आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी देश की दूसरी सबसे बड़ी एमसी है। कंपनी के दावे के मुताबिक इसकी मार्केट हिस्सेदारी 13 प्रतिशत है, जबकि इसके ग्राहकों की संख्या 1.46 करोड़ हो चुकी है। दावा किया गया है कि कंपनी की वित्तीय स्थिति भी लगातार मजबूत बनी हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का मुनाफा वार्षिक आधार पर 29.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 2,650.70 करोड़ रुपये था। इस अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 38.70 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 4,682.80 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया था।

बिरसा टाइम्स देश का सर्वाधिक प्रसारित रविवारीय अखबार है। अपनी खोजपूर्ण तथा विश्लेषणात्मक खबरों के कारण बिरसा टाइम्स ने मीडिया– जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई हैं। वर्ष 1980 से शुरू हुआ बिरसा टाइम्स का सफरनामा इसके पाठकों के निरंतर स्नेह और समर्थन के चलते आज भी उसी तेवर के साथ जारी हैं।

# राँची और दिल्ली के साथ–साथ
# अब
# बिहार, छत्तीसगढ़ तथा उड़ीसा
# से
# प्रकाशित होने जा रहा है।

# बिरसा टाइम्स

देश का सर्वाधिक प्रसारित नंबर-1 रविवारीय अखबार

## जन सम्पर्क विभाग में विशाल भ्रष्टाचार का वट वृक्ष

"जब झारखंड और बिहार एक साथ था तब पांडे अपने पिता के साथ पटना में महावीर मंदिर में साफ-सफाई का काम करता था और पांडे जी के पिता मंदिर के सचिव आईपीएस स्वर्गीय आचार्य किशोर कुणाल जी के घर पर पूजा पाठ करते थे एवं महावीर मंदिर में भी काम करते थे और उसी समय अवधेश पांडे बिहार सरकार में दैनिक मजदूर में बहाली होकर धीरे-धीरे आई इ एस पदाधिकारी के घर पर कप-प्लेट साफ कर प्रभारी निदेशक तक पहुंच गए! श्री पांडे को हिंदी और अंग्रेजी में एक लाइन भी लिखने नहीं आता था! इनका सारा का सारा फाइल का काम के नीचे वाले अधिकारी लिखते थे और इस काम में उप निदेशक श्री शालिनी वर्मा और वर्तमान में बोकारो के उपायुक्त श्रीअजय नाथ झा सारा फाइल का काम करते थे! दोनों के दोनों से पांडे के कार्यालय से लेकर आवास तक 11:00 बजे रात तक गुरु मंत्र लेते रहते थे और इसमें अपनी कुशलता से श्री झा ने उपायुक्त पद पर पहुंच गए! ऐसे पांडे कभी भी अपनी पत्नी को अपने आवास में नहीं रखते थे और पांडे के समय में सिर्फ सिर्फ उसके पिता ही रहते थे और श्री पांडे के समय में जनसंपर्क विभाग में भ्रष्टाचार का पेड़-पौधा लगन! शुरू हुआ और अब वर्तमान में जनसंपर्क विभाग में भ्रष्टाचार का बड़ा बरगद का पेड़ हो चुका है।





बिरसा टाइम्स देश का विश्वास पत्रकारिता के उन मूल्यों में हैं जो आम आदमी की चिंताओं और सरोकारों को आवाज देते हैं। इसीलिए बिरसा टाइम्स लोगो के बीच इस लम्बी यात्रा में भी अपनी विश्वसनीयता बरकरार रखने में कामयाब रहा है। अपने खास कंटेंट, गंभीर राजनैतिक विश्लेषण, अलग अंदाज और सुन्दर छपाई के चलते बिरसा टाइम्स को सम्मान–जनक स्थान मिला हैं। शायद इसीलिए बिरसा टाइम्स के पाठक वे युवा और संवेदनशील लोग हैं जो न केवल देश के बारे में सोचते हैं बल्कि देश के लिए कुछ करने का जज्बा भी रखते हैं।

सत्य और निष्पक्ष समाचारों के लिए पढ़ें !

सम्पर्क सूत्र :–

aadivasiexpress@gmail.com
birsatimes@gmail.com

8084674042

6202611859
8084674042